



# जन एक्सप्रेस

लखनऊ
वर्षः 15 | अंकः 60
मूल्यः ₹3.00/-
पेज : 12

@janexpressnews | janexpresslive | janexpresslive | www.janexpresslive.com/epaper

सोमवार | 11 दिसंबर, 2023

# जाति का जहर ही देश की गुलामी का कारण था: सीएम

- मुख्यमंत्री ने पूर्व ब्लॉक प्रमुख बाबू चतुर्भुज सिंह की प्रतिमा का किया अनावरण
- डिग्री बांटने के अड्डे की जगह विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का माध्यम बनें शिक्षण संस्थानः सीएम
- बोले, कुछ लोग आज भी जाति के नाम पर समाज को बांटना चाहते हैं

जन एक्सप्रेस। लखनऊ/गोरखपुर



### विपरीत परिस्थितियों से जूझने की थी बाबू चतुर्भुज सिंह की प्रवृत्ति

उन्होंने कहा कि बाबू चतुर्भुज सिंह की विपरीत परिस्थितियों से जूझने की प्रवृत्ति थी। वह वरिष्ठ समाजसेवी थे। सुख-दुख में प्रत्येक व्यक्ति के साथ खड़े रहते थे। वह सम और विषम परिस्थितियों में कार्य करते हुए जनहित से जुड़े हुए मुद्दे को प्रखरता के साथ आगे बढ़ाने के लिए तत्पर रहते थे। सीएम योगी ने कहा कि जिस कालखंड में सरकार का प्रोत्साहन कम था, उस समय बांसगांव क्षेत्र में डिग्री कॉलेज की स्थापना एक सपना था।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जाति का जहर ही देश की गुलामी का कारण था। कुछ लोग आज भी जाति के नाम पर समाज को बांटना चाहते हैं। अपने राजनीतिक स्वार्थ के लिए जाति के जहर को समाज में घोलने का कुत्सित प्रयास कर रहे हैं। हमें ऐसे लोगों से सावधान रहना पड़ेगा। इस जहर से किसी का हित नहीं होगा। उन्होंने कहा कि जीवन के किसी भी क्षेत्र में जो भी व्यक्ति कार्य कर रहा है, उसे राष्ट्र प्रथम की भावना के साथ अपने नागरिक कर्तव्यों का पालन करना चाहिए। इससे ही आत्मनिर्भर भारत की परिकल्पना साकार हो सकेगी। सीएम योगी ने कहा कि हमारे शिक्षण संस्थान डिग्री बांटने का अड्डा न बनें, बल्कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का माध्यम बनकर उभरें। सीएम योगी ने यह बातें रविवार को जवाहरलाल नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय में बांसगांव के पूर्व ब्लॉक प्रमुख बाबू चतुर्भुज सिंह की प्रतिमा के अनावरण के उपरांत आयोजित समारोह में कहीं।

### संस्थानों को दिखानी पड़ेगी मंजिल तक पहुंचने की राह

सीएम योगी ने कहा कि उस समय जस्टिस केडी शाही के मार्गदर्शन में यहां पर बाबू चतुर्भुज सिंह ने इस कॉलेज की स्थापना के दायित्व को अपने कंधों पर लिया। देखते ही देखते यहां पर महाविद्यालय बना। उन्होंने कहा कि शिक्षण संस्थानों से निकले छात्र-छात्राओं में अपने भविष्य को लेकर भ्रम की स्थिति न हो। उनके सामने पहले से निर्धारित लक्ष्य हो। इसकी जिम्मेदारी शिक्षण संस्थानों और अध्यापकों की है। उन्होंने कहा कि हर राह मंजिल तक जरूर पहुंचती है। मंजिल तक पहुंचने की राह दिखाने का माध्यम हमारे शिक्षण संस्थानों को बनना पड़ेगा। इसके लिए छात्र-छात्राओं को भी कठिन परिश्रम करना पड़ेगा।

### दुर्बलता का कारण बनेगा शॉर्टकट का रास्ता

सीएम योगी ने छात्र-छात्राओं को नसीहत देते हुए कहा कि कभी भी जीवन में लक्ष्य तक पहुंचाने के लिए शॉर्टकट का रास्ता मत अपनाना। शॉर्टकट का रास्ता दुर्बलता का कारण बनेगा। यह जीवन में स्थायित्व नहीं दे पाएगा। उन्होंने कहा कि विकास ही लोगों के जीवन में परिवर्तन ला सकता है। विकास जब भी आता है तो तात्कालिक परेशानी तो होती है। उदाहरणस्वरूप जब सड़क का निर्माण होता है तो अतिक्रमण हटाया जाता है। इससे कुछ समय के लिए कुछ लोगों को परेशानी होती है, लेकिन लंबे समय तक उसका लाभ समाज के प्रत्येक तबके को प्राप्त होता है।

### सीएम ने छात्राओं को किया सम्मानित

कार्यक्रम में सीएम योगी ने जवाहरलाल नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय की स्मारिका का विमोचन भी किया। साथ ही परीक्षा में सर्वोच्च अंक लाकर स्वर्ण पदक प्राप्त करने वाली छात्राओं को सम्मानित भी किया। इस दौरान पूर्व कुलपति प्रोफेसर हरिकेश सिंह, भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष सहजानंद राय, विधायक श्रीराम चौहान, राजेश त्रिपाठी, भाजपा के जिलाध्यक्ष युधिष्ठिर सिंह, भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष कामेश्वर सिंह, पूर्व विधायक राघवेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

# विकसित भारत @2047

## प्रदेश के सभी विवि में सुना जाएगा प्रधानमंत्री मोदी का संबोधन, ऑनलाइन होगा प्रसारण



जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

उत्तर प्रदेश के सभी विश्वविद्यालयों में सोमवार 11 दिसंबर को 'विकसित भारत @2047' कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संबोधन ऑनलाइन सुना जाएगा। साथ ही राज्यपाल आनंदीबेन पटेल के संरक्षण में राजभवन में भी इसका ऑनलाइन प्रसारण होगा। इसमें प्रदेश के 14 राज्य विश्वविद्यालय के कुलपति, रजिस्ट्रार, 10-10 शिक्षक, पांच निजी विश्वविद्यालयों के प्रतिनिधि, बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर केंद्रीय विवि, डॉ. राम मनोहर लोहिया राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय तथा ट्रिपलआईटी लखनऊ के प्रतिनिधि भी शामिल होंगे। इस कार्यक्रम में सुबह 10.33 से 11.18 बजे तक प्रधानमंत्री संबोधित करेंगे। इसके बाद विश्वविद्यालयों से आए कुलपति आदि विकसित भारत के संकल्प पर पैनल चर्चा करेंगे। इस अवसर पर एक पोर्टल भी लॉन्च होगा, जिसमें विद्यार्थी लॉगिन करके अपने विचार भी रख सकेंगे।

# विधानसभा सदन में गूंजा था मंडी परिषद में भ्रष्टाचार का मामला

**विधायक रविदास मेहरोत्रा ने मंडी परिषद में भ्रष्टाचार का खुलासा करने वाली जन एक्सप्रेस की खबरों का संज्ञान लेते हुए मामले को सदन में उठाया है, विधानसभा अध्यक्ष को लिखा पत्र**

- चार वर्ष पूर्व हुए (20386 करोड़) के घोटाले की जांच को सुनियोजित ढंग से समाप्त कर ठेकेदारों को भुगतान कर लाभ पहुंचाया दिया गया
- सचिव, मण्डी समिति नोएडा की अनियमित तरीके से नियुक्ति की गयी
- निर्देशक कैम्प आशुलिपिक उ0प्र0 राज्य कृषि उत्पादन मण्डी परिषद में आशुलिपिक को गलत तरीके से विनियमित किया गया



जन एक्सप्रेस। डॉ. वैभव शर्मा



रिपोर्ट इसके बावजूद उपनिदेशक निर्माण महेंद्र कुमार ने उसे वित्तीय लेनदेन से संबंधित सारी जिम्मेदारी और कमीशन का हिस्सा बांट का जिम्मा सौंप दिया

जिसे वित्त का कोई कामकाज नहीं सौंपना था, उस मंजीत को सौंप दिया भ्रष्टाचार का साम्राज्य



मंडी परिषद में 'लाल डायरी' ने खोला करोड़ों के भ्रष्टाचार का पिटारा



**लखनऊ।** मंडी परिषद में भ्रष्टाचार का बोलबाला अब विधानसभा के सदन में भी गूंज रहा है। विधायक रविदास मेहरोत्रा ने मंडी परिषद में भ्रष्टाचार का खुलासा करने वाली जन एक्सप्रेस की खबरों का संज्ञान लेते हुए मामले को सदन में उठाया है और प्रदेश सरकार से मंडी परिषद में व्यवस्था सुधारने की मांग की है। पत्र में विधायक ने भ्रष्टाचार का पूरा ब्यौरा भी दिया है। स्पष्ट किया है कि कब, कहां और किस तरह धांधली हुई जिसका खामियाजा आज सरकार के साथ आम लोगों को भुगतना पड़ रहा है। विधानसभा अध्यक्ष को दिए पत्र के माध्यम से विधायक मेहरोत्रा ने सदन का ध्यान आकर्षित करना चाहा है। कहा है कि मंडी परिषद में धांधली चरम पर है। जनपद वाराणसी के नवीन क्षेत्र मण्डी स्थल पहाड़िया में चार वर्ष पूर्व हुए (20386 करोड़) के घोटाले की जांच को सुनियोजित ढंग से समाप्त कर ठेकेदारों को भुगतान कर लाभ पहुंचाया दिया गया। राज्य कृषि उत्पादन मण्डी परिषद विशेष सचिव मुख्यमंत्री लखनऊ में मा0 उच्चतम न्यायालय से वर्कचार्ज / मस्टर रोल कर्मियों पक्ष में निर्णय न होने तथा शासनादेश सं0-44/2015/ वे0आ0-2-796/ दस-54 (एम)/2008 टी0सी0 दिनांक 13-8-2015 की धज्जियां उड़ाते हुए अनैतिक लाभ लेकर अयोग्य दैनिक वेतन/ वर्कचार्ज कर्मियों को सहायक अभियंता (निर्माण) के पद पर नियमित किया गया है। सचिव, मण्डी समिति नोएडा की अनियमित तरीके से नियुक्ति की गयी। निर्देशक कैम्प आशुलिपिक उ0प्र0 राज्य कृषि उत्पादन मण्डी परिषद में आशुलिपिक को गलत तरीके से विनियमित किया गया। मंडी परिषद में ऐसी तमाम अनियमितताओं की जांच कराया जाना जरूरी है।

### लाल डायरी में परिषद के पूरे कमीशन के लेखे जोखे की जांच जरूरी

प्रयागराज मण्डी परिषद में लाल डायरी में परिषद के पूरे कमीशन के लेखे जोखे की जांच कराया जाना एवं वर्तमान में मुरादाबाद / मेरठ उपनिदेशक निर्माण प्रयागराज के 2 साल के कार्यकाल की जांच नहीं की गयी और मंजीत वरिष्ठ सहायक कर्मचारी की तैनाती निर्माण खण्ड झांसी में थी। बिना किसी मुख्यालय की अनुमति के महेन्द्र कुमार द्वारा उसको प्रयागराज निर्माण खण्ड में कार्य करने के लिए भेजा गया और उसी कर्मचारी द्वारा घोटाला किया गया। बिना छुट्टी के झांसी से वेतन निकाला गया। इसमें महेन्द्र कुमार पूर्ण तरह से दोषी है। जनप्रतिनिधियों के शिकायत करने के बावजूद कोई कार्यवाही नहीं हुई।विपणन अधिकारी द्वारा अभिलेखों में हेरा-फेरी में सेवानिवृत्त होने के बाद भी सर्तकर्ता जांच संचालित है। अनुभाग अधिकारी द्वारा करोडों की सम्पत्ति अर्जित की है।

### ठेकेदारों के फर्जी रजिस्ट्रेशन के बावजूद कालीसूची में नहीं डाला

निर्माण खण्ड मेरठ में 5 लाख रुपये का लो0नि0वि0 को बिना कार्य कराये फर्जी भुगतान किया गया था। निर्माण खण्ड वाराणी में इन्टीग्रेटेड पैड हाउस का निर्माण रोड लेबिल से 3 फिट नीचे गड्ढे में निर्माण मानकविहीन है करा दिया गया है। सजातीय ठेकेदारों के फर्जी रजिस्ट्रेशन के बावजूद कालीसूची में नहीं डाला गया है।

### पहाडिया मण्डी वाराणसी में उच्च स्तरीय जांच रिपोर्ट को किया खारिज

पहाडिया मण्डी वाराणसी में उच्च स्तरीय जांच समिति की जांच आख्या को निम्न स्तरीय जांच आख्या से खण्डित किया गया है जो नियम विरुद्ध है। पहाडिया मण्डी वाराणसी में मनमाने तरीके से हुए कार्य को विनोद कुमार राय प्रभारी, उपनिदेशक निर्माण द्वारा बिना नियम के दोबारा पुनः दिखाकर पुनः माप करायी गयी जो नियम विरुद्ध है।

### अनुसूचित जाति कर्मियों को निदेशक मण्डी परिषद द्वारा पीड़ित किया गया

कुछ निलंबित कर्मियों को जीवन निर्वाह भत्ता 75 प्रतिशत भुगतान किया गया तथा कतिपय कर्मियों को 50 प्रतिशत भुगतान किया गया जबकि शासनादेश 75 प्रतिशत भुगतान किये जाने का है। अनुसूचित जाति कर्मियों को निदेशक मण्डी परिषद द्वारा पीड़ित किया गया।



# प्रत्येक व्यक्ति के लिए न्याय को सुलभ बनाने के उद्देश्य से हुआ है विधिक सेवा प्राधिकरण का गठन : जिला जज

जन एक्सप्रेस । मऊ, चित्रकूट

विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में मऊ के महामति प्राण नाथ महाविद्यालय में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें मानव अधिकारों का संरक्षण करने पर जोर दिया गया।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष जनपद न्यायाधीश विकास कुमार प्रथम ने कहा कि विधिक सेवा प्राधिकरण का गठन न्याय को प्रत्येक व्यक्ति के लिए सुलभ बनाने के लिए ही किया गया है। प्रत्येक पात्र व्यक्ति को निशुल्क विधिक सहायता उपलब्ध कराई जाती है। उन्होंने बताया कि आम तौर पर मौलिक अधिकारों को मानवाधिकार के रूप में समझा जात है। इसके लिए एक व्यक्ति स्वाभाविक रूप से हकदार होता है। मानव अधिकारों के तहत मानव होने के कारण सभी के पास कुछ बुनियादी अधिकार हैं। जिसमें किसी भी व्यक्ति का जीवन, आजादी, बराबरी और सम्मान का अधिकार की मानवाधिकार के अन्तर्गत आता




है। जिसके अन्तर्गत नागरिक और राजनीतिक के साथ आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक अधिकार भी आते हैं।

विशेष न्यायाधीश दीप नारायण तिवारी ने बताया कि व्यक्ति के जन्म के साथ ही मानव अधिकार सक्रिय हो जाते हैं। यह सभी जाति, धर्म, लिंग और राष्ट्रीयता के मनुष्यों को जन्म से ही मिल जाते हैं। इनके अत्यधिक महत्व के कारण कई बार मौलिक अधिकार, मूल अधिकार, अर्न्तनिहित अधिकार, प्राकृतिक अधिकार और जन्मसिद्ध अधिकार के रूप में भी संदर्भित किया जाता है।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव अपर जिला जज फर्रूख इनाम सिद्दीकी ने कहा कि संवैधानिक गारंटी के बावजूद हिरासत में यातना और अन्य पुलिस अत्याचार की घटनाएं अभी भी सुनने को मिलती हैं। पुलिस स्टेशनों में प्रभावी कानूनी प्रतिनिधित्व की कमी, गिरफ्तार/हिरासत में लिए गए व्यक्ति के लिए नुकसानदायक रहती है। मानव अधिकारों और शारीरिक अक्षुणता के लिए पुलिस स्टेशनों में विशेष ध्यान देना चाहिए।

# छिनैती की घटना करने वाला आरोपी गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट

पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला के निर्देशन में अपराध पर अंकुश लगाने के लिए अपराधियों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में थानाध्यक्ष भरतकूप सूबेदार बिन्द एवं चैकी प्रभारी सीतापुर श्यामदेव सिंह की संयुक्त टीम द्वारा छिनैती की घटना कारित करने वाले आरोपी को अवैध तमंचा कारतूस एवं छिनैती के रुपयों के साथ गिरफ्तार किया गया। उल्लेखनीय है कि बीती 19 अक्टूबर को रामप्रकाश पुत्र रामभरोसे यादव निवासी बजरंग चैराहा मानपुर थाना फतेहगंज जनपद बांदा ने थाना भरतकूप मे सूचना दी थी कि वह एवं उनकी पत्नी ऑटो से बदौसा से अपने घर मानपुर जा रहे थे। स दौरान भवानीपुर के पास मोटरसाइकिल सवार तीन अज्ञात लोगों ने उनकी पत्नी का पर्स छीन लिया। जिसमें 2800 रुपये थे। इस सूचना पर थाना भरतकूप में अभियोग पंजीकृत किया गया था। घटना से सम्बम्धित दो आरोपियों को थाना भरतकूप पुलिस बीती 20 अक्टूबर को ही गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। घटना में फरार तीसरे आरोपी आशीष यादव उर्फ लकी पुत्र कामता यादव निवासी गोहानी कला को थानाध्यक्ष भरतकूप एवं चैकी प्रभारी सीतापुर की संयुक्त टीम द्वारा गिरफ्तार किया गया। आरोपी के कब्जे से एक तमंचा व कारतूस तथा टप्पेबाजी की घटना के कुल 2600 रुपये बरामद हुये। जिसमें से 600 रुपये भवानीपुर वाली घटना से सम्बन्धित है तथा शेष 2000 रुपये चैकी सीतापुर अन्तर्गत सिंचाई कालोनी कपसेठी में शिवशंकर लाल पुत्र देवीदीन निवासी बजरंग आश्रम कपसेठी के साथ की गयी छिनैती की घटना से सम्बन्धित है। जिसके सम्बन्ध में थाना कोतवाली कर्वी अभियोग पंजीकृत था। आरोपी के कब्जे से छिनैती के रुपये बरामदगी के आधार पर दोनों मुकदमों में बढ़ोत्तरी की गयी तथा अवैध तमंचा कारतूस बरामदगी के सम्बन्ध में थाना भरतकूप में आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया।

### नगर पंचायत नरैनी की गौशाला का हाल-बेहाल

# समाजसेवी ने उठाई आवाज, संविदा कर्मचारी घर बैठे उठा रहे वेतन

जन एक्सप्रेस । बांदा

एक तरफ मुख्यमंत्री योगी जी गौशालों के निर्माण एवं गायों की देखभाल के लिए करोड़ों रूपए प्रत्येक गौशाला मे भेज रहें रहें तो वहीं गौशालों के जिम्मेदार उसका बंदरबाट कर अपना पेट भर रहें हैं। समाज सेवी उमेश तिवारी एवं सोनू करवरिया अचानक नरैनी नगर पंचायत गौशाला मे पहुंचे तो पाया की नरैनी गौशाला मे लगभग 180 गौवंश संरक्षित हैं। उमेश तिवारी ने बताया की शीत लहर से बचने के लिए कोई समुचित उपाय नहीं है। मात्र लगभग 80 गौवंश को रात मे अंदर रखने का इंतजाम है। बाकी के गौवंश खुले मे रात बिताने पर मजबूर हैं। समाजसेवी उमेश तिवारी ने बताया की गौवंश को खिलाने के



लिए भी पर्याप्त उनके भोजन की व्यवस्था नहीं है भूसा लगभग 10 झाल रखा हुआ है उसे कभी गौवंश को नहीं दिया जाता है।

वो सिर्फ कोई अधिकारी या पत्रकार आएं तो फोटो खींचने के लिए मात्र है। खाने मे दिया जाता है तो सिर्फ पुवाल की कटिया वो भी भर पेट सभी गौवंश को नहीं मिलता है। डॉक्टर बताते हैं की लगातार गौवंश को पुआल कटिया नहीं खिलानी चाहिए। लगातार पुवाल डालने से वो ज्यादा संख्या मे बीमार होंगी और उनकी जल्द मृत्यु होगी हरे चारे की कोई व्यवस्था नहीं दिखी ना ही गायों के लिए गुड़, खली, चोकर दिया जाता हैं। भोजने डालने के लिए भी 180 गौवंश के बीच मात्र 40 नाद हैं जिनमे 13 टूटे हैं। गौरक्षा के तहसील अध्यक्ष सोनू करवरिया बताते हैं की गौवंश के ठण्ड की व्यवस्था दुरस्त करने के लिए एवं भूसा की व्यवस्था के लिए एक से डेढ़ महीने पहले नगर पंचायत नरैनी एवं नरैनी एसडीएम को फ़ोन के माध्यम से और प्रत्यक्ष मिलकर भी बताया जा चुका है मगर उन्होंने इस पर कोई एक्शन नहीं लिया स्थिति जस की तस है केवल 7-8 बांस गाड़ दिए हैं जिसमे अभी तक एक पॉलीथिन तक नहीं डाली गयी है सूत्रों द्वारा जानकारी मिली है की प्रतिदिन नरैनी गौशाला में 3-4 गौवंश की मृत्यु हो रही है उमेश तिवारी ने कहा यदि गौशाला की स्थिति मे सुधार नहीं हुई तो डी एम बाँदा को ज्ञापन और फिर भी सुधार नहीं हुआ तो आंदोलन करने पर होंगे बाध्य । समाज सेवी उमेश तिवारी ने बताया की गौशाला पर जो कर्मचारी नियुक्त हैं उनमे से कई संविदा कर्मचारी घर बैठे ही वेतन उठा रहें हैं अपने जगह पर कुछ औजीदार लगभग 200 रुपए प्रति दिन के हिसाब से रखें हैं और यह सब नरैनी नगर पंचायत के अधिकारी, कर्मचारी के मिलीभगत से उनकी देखरेख मे हो रहा है। इसी प्रकार नगर की सफाई भी ज्यादातर सिर्फ औजीदार द्वारा ही हो रही है संविदा कर्मचारी घर बैठकर मौज काट रहें हैं। नगर पंचायत नरैनी के कुछ सफाई कर्मी कर रहें बाबू का काम, नगर पंचायत का ही एक सफाई कर्मी एसडीएम साहब की सेवा मे लगे है तो एक नगर पंचायत नरैनी मे नियुक्त ड्राइवर उमेश विश्वकर्मा कभी नगर पंचायत की गाड़ी नहीं चलाता।

# मजदूर परिवार को 3 लाख 19 हजार का विद्युत बिल बकाया का मिला नोटिस, परेशान

जन एक्सप्रेस । फतेहपुर

जिले में बिजली विभाग का एक अजीबो-गरीब कारनामा देखने को मिला। विभाग ने मजदूरी कर परिवार का भरण पोषण करने वाले व्यक्ति को तीन लाख उन्नीस हजार नौ सौ तिरानवे रुपये का बिजली बिल का बकाया भुगतान करने के लिए आरसी नोटिस भेज दिया। जिसमें लिखा है कि जमा न करने पर भू-राजस्व के रूप में वसूली किया जायेगा। जिसके बाद से मजदूर के घर के सभी लोग काफी हैरान और परेशान हैं। शिकायत के बाद भी अधिकारी सुनने को तैयार नहीं हैं। बताते चलें कि चौडगरा पावर हाउस के रसूलपुर पधारा गांव के रहने वाले ननकू काफी गरीब हैं और मजदूरी कर अपने परिवार का पालन पोषण करते हैं। उन्होंने पांच वर्ष पहले घरेलू बिजली का एक किलो वाट का कनेक्शन लिया था। कई बार बिजली का बिल भी जमा कर चुके हैं लेकिन बिजली विभाग के अधिकारियों का कारनामा देखिये कि इस गरीब के घर पर तीन लाख बीस हजार का एक बिजली बिल बकाया का नोटिस भेज दिया। जिससे परिवार के सभी लोग परेशान है। चिंता सता रही है कि यह बिल कहां से जमा करेंगे। पीड़ित का कहना है कि उनके पास तो कुछ भी नही है। पेट पालने के लिये दो जून की रोटी मजदूरी कर जुटाते हैं। पूरे इलाके में भी इस बिल के नोटिस की चर्चा जोरों पर है। पीड़ित का कहना है कि जब से यह नोटिस मिली है तब से वह लोग परेशान हैं। उनके पास खाने और रहने का भी ठिकाना नहीं है। बिजली विभाग के अधिकारी कुछ भी नहीं सुन रहे हैं। रोजाना विभाग के चक्कर लगा रहे हैं कि बिल में सुधार हो जाये। इतना पैसा कहां से ला पाएंगे। इस मामले में बिजली विभाग के अधिशाषी अभियंता मुकेश के रिपोर्ट लगाने के बाद भी एसडीओ द्वारा पूरा बिल जमा करने का दबाव गरीब पर बनाया जा रहा है। युवा विकास समिति के अध्यक्ष ज्ञानेंद्र मिश्रा ने कहा कि यदि गरीब ननकू को इंसाफ न मिला तो संगठन आंदोलन के लिए तैयार है।

# लोडर की टक्कर से पिकअप पलटा, एक की मौत

**जन एक्सप्रेस/बांदा।** चित्रकूट से बांदा आते समय खुरहण्ड के पास पीछे से आ रहे लोडर ने पिकअप में टक्कर मार दी। इससे पिकअप वाहन पलट गया। इसमें सवार एक युवक की मौत हो गयी। जबकि चालक को मामूली चोटे आयी हैं। पुलिस ने शव कों कब्जे मे लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। नगर कोतवाली क्षेत्र के पल्हरी गांव निवासी शारदा यादव (30) पुत्र भूरा ट्रक चलाने का काम करता था। शनिवार की रात को पिकअप वाहन में बैठकर बांदा आ रहा था, तभी खुरहण्ड के पास पीछे से आ रहे तेज रफ्तार लोडर ने पिकअप में पीछे से टक्कर मार दी। पिकअप अनियंत्रित होकर पलट गया। इसमें सवार शारदा यादव की मौके पर ही मौत हो गयी। जबकि पिकअप चालक बबलू मामूली रूप से चोटहिल हो गया। ग्रामीणों की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक ट्रक चलाने का काम करता था। अपने पीछे पत्नी उर्मिला के अलावा तीन लड़के और दो लड़किया छोड़ गया है। अचानक हुई घटना से परिवारीजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# पुलिस ने दो साइकिल चोरों को किया गिरफ्तार, 9 साइकिलें बरामद

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट

पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला के निर्देश पर अपराध पर अंकुश लगाने के लिए अपराधियों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी एवं क्षेत्राधिकारी नगर हर्ष पाण्डेय के पर्यवेक्षण में चौकी प्रभारी शिवरामपुर तथा उनकी टीम द्वारा दो साइकिल चोरों को चोरी 9 साइकिलों के साथ गिरफ्तार किया गया।

उल्लेखनीय है कि बीती 8 दिसम्बर को वादी गया प्रसाद पटेल पुत्र दीनदयाल पटेल निवासी देहरुचमाफी ने थाना कोतवाली कर्वी में सूचना दी की अज्ञात चोर द्वारा साइकिल चोरी कर ली गयी है। इस सूचना पर कोतवाली कर्वी में अज्ञात के विरूद्ध अभियोग पंजीकृत कराया था। चैकी प्रभारी शिवरामपुर चन्द्रमणि पाण्डेय तथा उप निरीक्षक राधेश्याम सिंह, मुख्य आरी सुनील सिंह सेंगर, आरक्षी श्यामू द्वारा जयकरन वर्मा पुत्र स्व. चौबा वर्मा, विजय वर्मा पुत्र रामप्रसाद कोटेदार निवासीगण भैसौंधा को चोरी की साइकिल के साथ गिरफ्तार किया गया।

# आबकारी व पुलिस टीम ने दबिश देकर पकड़ी अवैध शराब

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट

*** मऊ व बरगढ़ क्षेत्र में छापा मारकर की बड़ी कार्यवाही**

जिलाधिकारी अभिषेक आनंद एवं पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला के निर्देश पर जिला आबकारी अधिकारी राजेंद्र यादव ने बताया कि अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री की रोकथाम के लिए आबकारी विभाग एवं पुलिस की संयुक्त टीम ने कई स्थानों पर दबिश दी। बरगढ़ थाना प्रभारी राकेश मौर्य एवं आबकारी निरीक्षक मऊ कृष्ण कुमार मिश्रा ने टीम के साथ मऊ थाना क्षेत्र के घुरेहटा गांव में 10 लीटर कच्ची शराब के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया। इसी प्रकार बरगढ़ थाना क्षेत्र के भारतपुरवा में दबिश देकर 15 लीटर कच्ची शराब के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया। साथ ही दो कुंटल लहन भी नष्ट किया। गिरफ्तार दोनों आरोपियों के विरूद्ध आबकारी अधिनियम के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया। इसके बाद मऊ व बरगढ़ कस्बे में फुटकर आबकारी दुकानों का औचक निरीक्षण कर



दुकानों पर उपलब्ध स्टॉक का सत्यापन किया। जहां डीलरो को नियमानुसार दुकानें संचालित करने एवं दुकानों पर सीसी टीवी कैमरा को व्यवस्थित रखने के निर्देश दिए। इसके अलावा ग्रामीणों को अवैध शराब के सेवन से सम्बन्धित जनहानियों के बारे में अवगत कराया गया। इस मौके पर आबकारी सिपाही मोहम्मद अकरम, सरताज खान, हमीद अहमद खां, दुष्यंत यादव, महिला सिपाही सुमित्रा देवी आदि मौजूद रहे।

# कचरा मुक्त परिक्रमा के लिए चलाया जा रहा सफाई अभियान : राकेश

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट

स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत कामदगिरि स्वच्छता समिति ने रविवार को कामतानाथ में 95वां स्वच्छता अभियान चलाया। अधिशासी अधिकारी लाल जी यादव ने बताया कि महात्मा गांधी ने एक सपना देखा था कि हमारा भारत स्वच्छ और साफ हो। इसी के तहत कामदगिरि स्वच्छता समिति स्वच्छ भारत अभियान को लेकर प्रत्येक रविवार को स्वच्छता अभियान का आयोजन करती है।

कामदगिरि स्वच्छता समिति के अध्यक्ष ब्रांड एंबेसडर राकेश केशरवानी ने बताया कि कामतानाथ का पर्वत परिक्रमा कचरा मुक्त हो, इसी को लेकर लगातार कामदगिरि स्वच्छता समिति प्रत्येक रविवार को यह अभियान चलती है। अभियान के माध्यम से कामदगिरि स्वच्छता समिति ने अभी तक हजारों टन कचरा बाहर किया है। उन्होंने परिक्रमा करने वाले सभी दर्शनार्थियों से अपील की है कि कामदगिरि की परिक्रमा करने के दौरान स्वच्छता का ध्यान रखें, यह आस्था का केंद्र है इसको साफ और स्वच्छ ही रहना चाहिए। स्वच्छ भारत मिशन के जिला प्रबंधक शिवा कुमार ने बताया कि कामदगिरि स्वच्छता समिति द्वारा स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत अच्छा कार्य किया जा रहा है।

# मोरंग भरे ट्रक से कुचलकर लोको पायलट समेत दो की मौत

जन एक्सप्रेस । बांदा

बनारस जाने के लिए शनिवार की रात बेटे के दोस्त के साथ स्कूटी से रेलवे स्टेशन पहुंची महिला के सीने में तेज दर्द होने लगा। दोस्त से बात करने के बाद महिला को लेकर सहायक लोको पायलट वापस स्कूटी से घर छोड़ने जा रहा था, तभी कालूकुआं ओवरब्रिज के पास बालू भरे ट्रक ने दोनो को कुचल दिया। मौके पर ही दोनों की मौत हो गयी।

फैजाबाद जिले के गोदरी बाजार चैक इकदारा बोहर निवासी माधुरी साहू (55) पत्नी स्व0 विनोद साहू का बेटा अंकित बांदा रेलवे स्टेशन में सहायक लोको पायलट के तौर पर कार्यरत है। वह शहर के कालूकुंआ मोहल्ले में किराये का कमरा लेकर रहता है। उसके साथ मां माधुरी भी तकरीबन डेढ़ महीने से रह रही थी। ड्यूटी होने के कारण अंकित चला गया। जबकि माधुरी को बनारस जाना था।

अंकित के कहने पर उसका दोस्त सहायक लोको पायलट सूरहास मौर्य (26) पुत्र विजयी मौर्य निवासी डिंघवट बबुरी जिला चंदौली दोस्त की मां माधुरी को लेकर शनिवार की रात रेलवे स्टेशन पहुंचा। माधुरी को बुंदेलखंड एक्सप्रेस से बनारस जाना था। रेलवे स्टेशन पहुंचने के बाद ठंड का असर होने पर माधुरी के सीनें में तेज दर्द होने लगा। इस पर सूरहास ने अंकित को फोन कर मामले की जानकारी दी। अंकित ने अपने दोस्त से कहा कि वह मां माधुरी को घर छोड़ दे। वह ड्यूटी से वापस आयेगा फिर मां को बनारस भेजेगा। दोस्त के कहने पर अंकित मां को स्कूटी में बैठाकर वापस घर लेकर जा रहा था, तभी कालूकुंआ ओवर ब्रिज के पास बालू भरे ट्रक ने स्कूटी सवार दोनों लोगों को कुचल दिया। मौके पर ही दोनों की मौत हो गयी। खबर पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने माधुरी के बेटे को सूचना दी। खबर पाकर अन्य लोग भी आ गये। मृतक सूरहास के बड़े भाई चंद्रहास ने बताया कि मृतक दो भाइयों मे छोटा था। वह सहायक लोको पायलट पद पर कार्यरत था। अभी तक उसकी शादी नही हुई थी। मां उर्मिला समेत परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# करणी सेना ने किया विरोध प्रदर्शन, स्व0 नेता को दिया श्रद्धांजलि

जन एक्सप्रेस । फतेहपुर



जिले में करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुखदेव सिंह गोगामेंडी की हत्या के बाद क्षत्रिय समाज व अन्य सामाजिक संगठनों में आक्रोश है। जिसको लेकर विभिन्न संगठन के पदाधिकारियों ने शांतीनगर से पैदल मार्च निकाला और जमकर नारेबाजी किया। हत्यारों का एनकाउंटर व घटना को साजिश बताते हुए जांच कराये जाने की मांग किया। पैदल मार्च का समापन ठाकुर दरियांव सिंह चैराहे में हुआ। चैराहे में कैंडल जलाकर श्रद्धांजलि दिया गया। इस मामले पर जिलाध्यक्ष लखन सिंह ने सरकार को अल्टीमेटम देते हुए कहा कि अपराधियों की रक्षा करना सरकार बंद करे। घटना के पूर्व ही राष्ट्रीय अध्यक्ष सुखदेव सिंह गोगामेड़ी ने हत्या की आशंका जाहिर किया था लेकिन उन्हें सुरक्षा प्रदान नहीं किया गया। इसका भी जवाब देना होगा। अगर न्याय नहीं हुआ तो इसका खामियाजा सरकार को भुगतना पड़ेगा। इस मौके पर करणी सेना की महिला प्रदेश अध्यक्ष प्रेमा सिंह राठौर, अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के जिलाध्यक्ष विजय सिंह गौर, मंडल उपाध्यक्ष नागेंद्र सिंह चैहान सहित बडी सख्या मे समर्थक उपस्थित रहे।

# कांग्रेस नेता ने 140 किमी. पैदल यात्रा करके जाना तीन दर्जन गांवों का हाल

जन एक्सप्रेस । फतेहपुर

राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा से प्रभावित होकर जनपद में किसानों और युवाओं की समस्या देखकर कांग्रेस नेता व भारत यात्री शिवाकांत तिवारी ने पद यात्रा के जरिए सीधे जनता से संवाद किया। जनसंवाद पद यात्रा की शुरुआत एक दिसंबर से शुरू हुई थी। यात्रा के दौरान शिवाकांत तिवारी रात्रि चैपाल लगाकर देर रात तक सीधे आम जनमानस से बात किया और उनकी समस्याओं को अपना बनाकर शासन तक पहुंचाने का आश्वासन भी दिया। यात्रा में न सिर्फ महिलाएं बल्कि बच्चे, बुजुर्ग और साधु संतों का स्नेह और आशीर्वाद मिला। यह यात्रा आठ दिन में लगभग 140 किलोमीटर तक चली। जिसमें प्रमुख रु. से तीन दर्जन



से भी अधिक गांवों मे चौपाल सहित भ्रमण किया और कई जगह रात्रि विश्राम में गांव के लोगों के साथ भोजन किया। लोगों ने बताया कि कटरी फिरोजपुर से पूरी तरह माफियाओं ने प्रशासन से मिलकर बालू का अवैध खनन होता है। सहनीपुर हाइवे में सड़क खराब होने से आये दिन दुर्घटना हो जाती है। रात्रि विश्राम में गांव के लोगों ने बताया कि छुट्टा पशुओं के कारण फसल बचाना बहुत बड़ी चुनौती है और इससे निपटने के लिए परिवार के लोगों को रात भर ऐसी सर्द में पहरेदारी करनी पड़ती है। यात्रा के दौरान लोगों ने बताया कि महादेवपुर का पुरवा में 60 वर्षों से विकास के नाम पर एक ईंट भी नहीं लगी। हथगाम से संवत मार्ग की सड़क दस वर्षों से ध्वस्त पड़ी है कोई देखने वाला नहीं है। आये दिन सड़क दुर्घटना होती है, कोई जनप्रतिनिधि सुनने वाला नही है।

# चोरी के सामान के साथ 2 चोर गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट

पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला के निर्देश पर अपराध पर अंकुश लगाने के लिए अपराधियों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी एवं क्षेत्राधिकारी नगर हर्ष पाण्डेय के पर्यवेक्षण थाना भरतकूप पुलिस ने एक घण्टे के अन्दर दो चोरों को चोरी के सामान के साथ गिरफ्तार किया। भरतकूप थानाध्यक्ष सूबेदार बिन्द ने बताया कि रविवार को वादी समीम पुत्र नूर मोहम्मद निवासी पुरानी बाजार ने थाना भरतकूप में सूचना दी कि पतौड़ा मोड भरतकूप पर उनकी ट्रक की गैराज की दुकान है, जिसमें चोरों द्वारा रात में चोरी कर ली है। इस सूचना पर थाना भरतकूप में अभियोग पंजीकृत किया गया। थानाध्यक्ष भरतकूप ने घटना की विवेचना उप निरीक्षक कमलेश कुमार को सुपुर्द की गई थी। उप निरीक्षक कमलेश कुमार एवं उप निरीक्षक अजहर जमाल, आरक्षी अजीजुद्दीन द्वारा अमित उर्फ गोलू पुत्र संतोष तथा चमेली लाल वर्मा पुत्र कुंनुवा निवासीगण ग्राम रौली कल्याणपुर को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों के कब्जे से चोरी के रेडिएटर, क्लच, सिलेंडर मोटर, पाना, जैक, टर्बो व छोटे-बड़े रिंच के गुटके, पुली आदि बरामद किये गये।

# जिलाध्यक्ष की अगुवाई में कांग्रेस सांसद का फूंका पुतला, भ्रष्टाचार का किया विरोध

जन एक्सप्रेस । फतेहपुर

कांग्रेस सांसद धीरज के आवास से आईटी विभाग की कार्यवाही में तीन सौ करोड़ रुपया का काला धन बरामदगी को लेकर देश में भारतीय जनता पार्टी के द्वारा किये जा रहे विरोध प्रदर्शन के बीच में भाजपा जिलाध्यक्ष मुखलाल पाल की अगुवाई में भाजपा कार्यकर्ताओं ने पटेल नगर चैराहा पहुंचकर कांग्रेस पार्टी व उसके नेताओं के खिलाफ जमकर नारेबाजी व प्रदर्शन किया। कांग्रेस का पुतला फूंक कर अपना विरोध जताया। अभी हाल ही मे तीन राज्यो मे हुये विधान सभा चुनाव मे करारी हाल से उभर ही



नही पायी कि कांग्रेस के राज्यसभा सांसद धीरज साहू के विभिन्न ठिकानों से इनकम टैक्स विभाग की टीम द्वारा लगभग तीन सौ करोड़ रुपये की बरामदगी किया है। भाजपा जिलाध्यक्ष ने कहा कि झारखंड से कांग्रेस सांसद के ठिकानों से तीन सौ करोड़ रुपये की बड़ी बरामदगी होना कांग्रेस के भ्रष्टाचार की निशानी है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी के साथ पद यात्रा में सहयोगी रहे धीरज साहू का धन भ्रष्टाचार से कमाया हुआ है। कॉग्रेस की मुहब्बत की दुकान में भ्रष्टाचार का सामान है।

उन्होने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भ्रष्टाचारियों को किसी भी कीमत पर न बख्शने की बात कही थी। जनता के धन को डकारने वालों की भाजपा सरकार में अब खैर नहीं है। इस मौके पर कुलदीप भदौरिया, संजय गुप्ता, धनंजय द्विवेदी, ज्योति प्रवीण, सुनिधि तिवारी, प्रसून तिवारी सहित बडी सख्या मे भाजपा नेता व समर्थक उपस्थित रहे।

# सर्दी लगने से हुई किसान मौत

जन एक्सप्रेस । बांदा

दिसम्बर माह के पहले पखवारे में ही सर्दी जानलेवा हो चुकी है। धान की कुटाई करने के लिए खेत गया किसान वहीं सो गया। सर्दी की चपेट मे आने से किसान मौके पर अकड़ गया। परिजन उसे जिला अस्पताल लाने की तैयारी कर रहे थे, तभी उसकी मौत हो गयी। पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम कराया है।

कमासिन थाना क्षेत्र के छिलोलर गांव निवासी ऊदल कुशवाहा (51) पुत्र सत्यनारायण शनिवार की शाम खेत में धान की कुटाई करने के लिए गया था। धान की कुटाई खत्म हो जाने के बाद किसान खेत में ही सो गया। सर्दी की चपेट में आने से किसान खेत में ही अकड़ गया। सुबह घर वाले मौके पर पहुंचे तो किसान अकड़ा पड़ा था। परिजन उसे अस्पताल लेकर जाने की तैयारी कर रहे थे, तभी उसकी मौत हो गयी। किसान की मौत हो जाने से परिवारीजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। मृतक पांच बीघा खेत बटाई मे लेकर किसानी करता था। उसके एक पुत्र और दो पुत्री हैं। पत्नी रामकली समेत परिजनों का रो-रोकर हाल बेहाल है।

janexpressnews janexpresslive janexpresslive

# कानपुर नगर एक्सप्रेस

www.janexpresslive.com/epaper हिंदी दैनिक, जन एक्सप्रेस। लखनऊ। सोमवार। 11 दिसंबर 2023



**मौसम पूर्वानुमान**

**पूर्वानुमान**

भारतीय मौसम विज्ञान विभाग से प्राप्त मौसम पूर्वानुमान के अनुसार, अगले पांच दिनों में आसमान साफ रहने के आसार हैं, किन्तु बर्षा की कोई संभावना नहीं है।

अधिकतम (डिग्री0से0) : 24.8 (+0.6)
न्यूनतम तापमान (डिग्री0से0) : 11.0 (+0.8)
सापेक्षिक आर्द्रता अधिकतम : 91 प्रतिशत
सापेक्षिक आर्द्रता न्यूनतम : 48 प्रतिशत
हवा की औसत गति : 3.5 कि0मी0/घंटा
हवा की दिशा- पश्चिम
वर्षा (मि0मी0) : 0.0

- कृषि मौसम वैज्ञानिक

## गुजरात मॉडल की तर्ज पर कानपुर जेल गेट पर चालू हुई कैंटीन

# जेल में निरुद्ध बंदियों के दिल से आपराधिक मानसिकता खत्म करने में सहायक योगी सरकार का सफल प्रयास

**✳ जेल में बंद कैदी करेंगे कैंटीन का संचालन, जिलाधिकारी विशाख जी ने फीता काटकर किया शुभारंभ**

**जन एक्सप्रेस। कमलेश फाइटर**



**कानपुर नगर।** शहर की कानपुर जेल में निरुद्ध विचाराधीन बंदियों को स्वरोजगार उपलब्ध कराकर समाज की मुख्य धारा से जोड़ने के लिए गुजरात मॉडल की तर्ज पर अब कानपुर जेल के प्रवेश द्वार पर ही एक आधुनिक कैंटीन शहर के लोगों को दिखाई देगी, इस कैंटीन में हर प्रकार का खाने का सामान उपलब्ध रहेगा, सबसे खास बात यह है कि इस कैंटीन में जो भी सामान उपलब्ध होगा वह सारा सामान जेल में निरुद्ध विचाराधीन बंदियों के द्वारा तैयार किया गया होगा और जो काम करने वाले होंगे वह भी जेल से छूट चुके बंदी होंगे, बीते दिन रविवार को जिलाधिकारी विसाख जी ने इस आधुनिक कैंटीन का फीता काटकर शुभारंभ किया।

ज्ञातव्य हो कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का मुख्य उद्देश्य है कि प्रदेश से अपराधियों को खत्म करने के साथ साथ जो लोग लोग अपराध की ओर रुख कर रहे हैं उनके दिलों से अपराध को खत्म कर उन्हें समाज की मुख्य धारा से जोड़ दिया जाए, इसीलिए कानपुर नगर की जिला कारागार में निरुद्ध बंदियों को स्वरोजगार उपलब्ध कराकर उन्हें मुख्य धारा से जोड़ने के लिए गुजरात मॉडल की तर्ज पर कानपुर जिला कारागार के प्रवेश द्वार पर ही ख़ान पान की व्यवस्था वाली एक कैंटीन का निर्माण किया गया है जिसका शुभारंभ बीते दिन फीता काट कर शहर के जिलाधिकारी विशाख जी ने किया इस दौरान महापौर प्रमिला पांडे, जेल अधीक्षक समेत अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे।

**जेल के बंदी और अधिकारी होंगे संचालन समिति के सदस्य**

जेल अधीक्षक वीडी पांडे ने जानकारी देते हुए बताया है कि एक कोऑपरेटिव सोसाइटी जिसका नाम बंदी कल्याण एवम पुनर्वास सहकारी समिति है इसी के माध्यम से इस कैंटीन का संचालन किया जाएगा इस समिति के सदस्य जेल अधिकारी और निरुद्ध बंदी होंगे।



"हमारे यहां जो कैदी निरूद्ध हैं उनके माध्यम से हम लोगों ने यहां पर कैंटीन की शुरुआत की है, जेल में जो निरुद्ध बंदी है उनके माध्यम से रोजाना सुबह 9 बजे से लेकर के शाम 7 बजे तक कैंटीन का संचालन किया जाएगा, कलेक्ट्रेट और कचहरी के आसपास तथा जेल के बंदियों से जो लोग मिलते प्रतिदिन आते हैं उनके लिए लंच से लेकर चाय बंद अन्य प्रकार के तमाम खाद्य पदार्थ यहां उपलब्ध होंगे, इसका संचालन जेल से छूटे हुए तथा जेल मे निरुद्ध बंदी करेंगे, इस कैंटीन में जो बंद कुल्हड़ आदि इस्तेमाल में लिए जाएंगे वह भी जेल में निरुद्ध बंदी ही तैयार करेंगे उन्हें इसके लिए विशेष प्रशिक्षण भी दिलवाया गया है, जेल अधीक्षक के माध्यम से एक कोआपरेटिव सोसाइटी बनाई गई है, यहां पर सामान खरीदने वाला व्यक्ति हर प्रकार से पेमेंट कर सकेगा।

**-विशाख जी, जिलाधिकारी कानपुर नगर**

## दरवाजे पर खड़ी रही पुलिस, चोर माल लेकर हो गए फरार

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

सेन पश्चिम पारा थाना क्षेत्र स्थित मनोहर बिहार में एक परिवार शादी में गया हुआ था और उसके घर पर ताला बंद था, चोरों ने सरिया के सहारे ताला तोड़कर घर में प्रवेश किया और घर में रखे थे लगभग 3.30 लाख रुपए और 60 ,70 हजार के जेवरात लेकर फरार हो गए , वहीं जब चोरों ने घर में कर प्रवेश किया तो बगल के पड़ोसी को आवाज आने पर उसने फोन करके मकान मालिक को सूचना दी और घर के बाहर से ताला लगाकर पुलिस को बुलाया, पुलिस के मौके पर पहुंचने के बाद चोर ऊपर के रास्ते से भागने का प्रयास कर रहे थे लेकिन वहां मौजूद पुलिसकर्मियों ने ना ही उन्हें पकड़ने ना उनका पीछा करने का कोई भी प्रयास किया, वहां खड़े लोगों ने पुलिस से कई बार गुहार लगाई लेकिन पुलिसकर्मियों ने किसी भी तरह की का कोई प्रयास नहीं किया और जिसके फल स्वरुप चोर आसानी से पीछे के रास्ते से उतरकर भाग गए।

## आलू की फसल में पिछेती झुलसा भविष्य में आने की संभावना

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**



मौसम मे अनुकूलता के आधार पर आलू की फसल में पिछेती झुलसा भविष्य में आने की संभावना है किसान फसल की निगरानी करते रहे तथा झुलसा के लक्षण दिखने पर तुरंत उसका प्रबंध करना चाहिए। यह बात चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के सब्जी अनुभाग के अध्यक्ष डॉ.राम बटुक सिंह ने रविवार को किसानो को आलू की फसल में झुलसा रोग से किसान रहे सावधान, लक्षण दिखने पर करें प्रबंधन विषय पर जानकारी देते हुए कही। आलू विशेषज्ञ डॉ.अजय कुमार यादव ने बताया कि जिन किसानो ने आलू के फसल में अभी तक फफूंद नाशक दवा का छिड़काव नहीं किया गया है या जिनकी आलू की फसल में अभी पिछेती झुलसा ( लेट ब्लाइट ) बीमारी प्रकट नहीं हुई है उन्हे मेंकोजेब या प्रोपिनेब फफूंद नाशक दवा का 2.5 ग्राम दवा प्रति लीटर पानी की दर से अर्थात 2.5 किलोग्राम दवा 1000 लीटर पानी में घोलकर प्रति हेक्टेयर में छिड़काव करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि जिन आलू के खेतों में बीमारी प्रकट हो चुकी है उनमें किसी भी फफूंद नाशक जैसे खाईमोक्सेनिल + मेंकोजेब 3 किलोग्राम प्रति हेक्टेयर (1000 लीटर पानी में) की दर से अथवा फेमनिडों +मेंकोजेब 3.0 किलोग्राम प्रति हेक्टेयर (1000 लीटर पानी में ) की दर से अथवा 1.0 किलोग्राम प्लस मेकैनिज्म 2.0 किलोग्राम प्रति हेक्टेयर 1000 लीटर पानी के दर से छिड़काव करना चाहिए। उन्होंने किसानो को एक ही फफूंद नाशक का बार-बार प्रयोग न करने की सलाह दी।

## जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉक्टर संजय काला को वार्ड बॉय से है जान का खतरा

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**



एक वार्ड बॉय द्वारा मुरारी लाल चेस्ट हॉस्पिटल के डाक्टर व कर्मचारियों से बदसलूकी करने के बाद उसे नौकरी से निकाल दिया गया था,इस बात से जहां वार्ड बॉय ने कई फोन कराकर दोबारा नौकरी पर रखने का जीएसवीएम प्राचार्य डा0 संयज काला पर दबाव बनाया तो ऐसा न करने पर जान से मारने की धमकी भी दी गई है यह आरोप स्वयं डाक्टर संजय काला ने लगाते हुए धमकी देने वाले वार्ड बॉय के खिलाफ मुकदमा दर्ज किए जाने के लिए स्वरूप नगर कोतवाली में तहरीर दी है। प्राचार्य संजय काला के आरोपों कि माने तो कुछ समय पहले मुरारी लाल चेस्ट हॉस्पिटल में एक वार्ड बॉय ने डाक्टर और अन्य कर्मचारियों के साथ बदसलूकी की थी, जिसके बाद कार्रवाई करते हुए उसे नौकरी से हटा दिया गया था, जिसके बाद उस कर्मचारी द्वारा लगातार फोन कराकर उसे पुनः नौकरी पर रखने का दबाव बनाया जाता रहा है और ऐसा न करने पर उन्हे जान से मारने की धमकी तक दी जा रही है, उन्होने बताया कि इस सम्बन्ध में वार्ड बॉय के खिलाफ स्वरूप नगर थाने में तहरीर भी दी गयी थी लेकिन पुलिस द्वारा अभी तक कोई कार्रवाई नही की गयी, जिससे वह काफी आहत हैं और अब तो डा0 काला का कहना है कि वह जल्द ही शस्त्र लाइसेंस के लिए आवेदन करेंगे। उन्होने कहा कि जल्द ही उच्च अधिकारियों से मिलकर इस प्रकरण से उन्हे अवगत कराते हुए अपनी सुरक्षा की मांग करेंगे और अभी तक उन्होने जिलाधिकारी तथा पुलिस आयुक्त को पत्र भेज कर पूरे प्रकरण से अवगत कराते हुए अपनी सुरक्षा की मांग भी की है।

## टूटी पुलिया के कारण नाले में गिरा स्कूटी सवार

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**



शहर में दर्जनो अव्यवस्थाएं ऐसी है जो आम नागरिकों के जीवन से सीधा जुड़ी हैं और कहीं न कहीं उन्हे प्रभावित करती नजर आती हैं, उसमें चाहे मार्ग व्यवस्था हो या प्रकाश, टूटी सडके हों या खुले नाले, अतिक्रमण हो या जाम की स्थिति इन हर प्रकार की समस्याओं से प्रतिदिन शहरवासियों का सामना होता है और कभी-कभी लोग दुघर्टनाओं का शिकार भी होते हैं । इसी प्रकार एक कार की टक्कर में टूटी पुलिया से एक स्कूटी सवार गिर गया, जिसे स्थानीय लोगों ने बड़ी मुश्किल से जहां बाहर निकाला तो वहीं उसका सारा सामान गंदे पानी में भीग गया। शहर में कई स्थानों पर सडक किनारे बड़ी नलियों को अभी तक कवर नही किया गया है, जिससे आये दिन इन नालियों में जानवर गिरते हैं साथ ही अन्य दुघर्टनाये भी देखने को मिलती हैं इसी प्रकार रविवार की सुबह बर्रा-2 में पड़ने वाली पुलिया पर एक कार ने एक स्कूटी सवार दुर्गेश शर्मा को टक्कर मार दी, जिसके बाद स्कूटी सवार ने बैलेंस खो दिया और सीधे पुलिया के नीचे गदें पानी में स्कूटी सहित जा गिरा। गनीमत रही कि चालक को कोई गंभीर चोट नही आई, लेकिन उसके पास मौजूद कीमती सामान पानी में भीग गया। स्थानीय लोगो के आपसी सहयोग से युवक को पानी से बाहर निकाला गया और बाद में किसी प्रकार उसकी स्कूटी को भी निकाला गया लोगों का कहना है कि यह पुलिस खतरनाक हो चुकी है, कई बार क्षेत्रीय पार्षद तथा नगर निगम अधिकारियों को इसकी सूचना भी दी गयी लेकिन आज तक पुलिस बनवाने का काम नही कराया गया। फिलहाल खुली नालियों के स्थान लोगों के लिए खतरा बन चुके है।

## श्रीराम नवमी महोत्सव समिति की बैठक बाल भवन में हुई संपन्न



**जन एक्सप्रेस। विनीत सिन्हा**

**कानपुर नगर।** आगामी 22 जनवरी को भगवान श्रीराम लला जी की प्राण प्रतिष्ठा के अत्यंत पावन दिन को कानपुर में भव्य बनाने की दिशा में आज श्रीराम नवमी महोत्सव समिति की बैठक बाल भवन में आयोजित हुई जिसमे तय किया गया कि प्राण प्रतिष्ठा के दिन प्रभु की भव्य शोभायात्रा शिवाला से लेकर रामनारायण बाजार, कमला टावर, सिरकी मोहाल, काहूकोठी, नयागंज, हुलागंज, भूसाटोली, तेलियाना, नहरिया इत्यादि स्थानों पर भ्रमण करेगी और फूलबाग दीनदयाल प्रतिमा स्थल पर भव्य आतिशबाजी के साथ कार्यक्रम संपन्न होगा। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सर्वसम्मति से समिति के उपाधक्ष व्यापारी नेता विनोद गुप्ता को कार्यक्रम संयोजक बनाया गया है, इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य इस ऐतिहासिक दिन को भव्य और यादगार बनाना है जिसके लिए राष्ट्रवादियों, धर्मावलंबियों ने लड़ाई लड़ी, 600 वर्षों तक संघर्ष किया। प्रमुख रूप से उपस्थित संस्थापक गोपी कृष्ण ओमर, अध्यक्ष विजय गोरे, उपाध्यक्ष विनोद गुप्ता,बजरंग दल आशीष गुप्ता, हरिओम अग्रहरी, अजीत सिंह, राजेंद्र कुमार गुप्ता, मनोज गुप्ता, केवल कृष्ण ओमर, विष्णु ओमर, सुशील कुमार ओमर, सचिन गुप्ता आदि।



## निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

रविवार को पटकापुर स्थित संतोषी माता मंदिर के सामने तुलसी हॉस्पिटल द्वारा लगाये गये निःशुल्क चिकित्सा शिविर में मरीजों के स्वास्थ्य का परीक्षण कर उन्हे मुफ्त दविाओं का वितरण किया गया साथ ही जांच मशीन द्वारा की गयी। शिविर में आये हुए मरीजों को विशेष छूट प्रदान की गयी साथ ही जनरल मेडिसन विशेषज्ञ, हडडी रोग, दंत रोग विशेषज्ञ तथा हाइट एवं पेट के रोगियों का वरिष्ठ डाक्टरों की टीम द्वारा परामर्श दिया गया। इस दौरान जांच ब्लड, शुगर की जांच जैसी सुविधाये भी उपलब्ध रही। समाजसेवी योगेश पाण्डे व रूद्ध नारायण पाडे ने मरीजो के बैठने की व्यवस्था की गई। शिविर का लाभ सैंकड़ों मरीजों ने उठाया। इस अवसर पर तुलसी हॉस्पिटल के डायरेक्टर शेखर गुप्ता, डाक्टर अनुराग केसरवानी, डा0 सुशील कुमार, डा0 शिवमणि, डा0 कौशलेश शुक्ला आदि उपस्थित रहे।

## खुले में शराब पी रहे 35 लोगों को दबोचा, थाने से छोड़ा

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**



शहर के पुलिस कमिश्नर और संयुक्त पुलिस कमिश्नर लगातार सड़क पर खुलेआम शराब पीने वालों के विरुद्ध कार ओ बार नाम से अभियान चला रहे हैं, इसी क्रम में बीते दिन गुजैनी पुलिस ने खुले में शराब पीने वालों के विरुद्ध अभियान चलाया, सड़क पर खुलेआम शराब पी रहे 35 लोगों को थाना गुजैनी पुलिस ने दबोच लिया। सड़क पर खुलेआम शराब पी रहे लोगों को सबक सिखाने के लिए थाना गुजैनी पुलिस टीम ने कार ओ बार अभियान चलाकर 35 लोगों का धारा 34 पुलिस एक्ट में चालान कर भविष्य में इस तरह की पुनरावृत्ति न करने की हिदायत देकर थाने से छोड़ दिया है।

# हीरो मोटर्स के शोरूम में चोरों ने फिल्मी स्टाइल में घटना को दिया अंजाम, सीसीटीवी में कैद

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

घाटमपुर के पतारा स्थित हीरो मोटर्स में चोरों ने फिल्मी स्टाईल में लाखों की चोरी घटना को अंजाम दिया है,वही सुबह जब कर्मचारी शो रूम खोलने पहुंचे, तो घटना की जानकारी हुई, मामले की जानकारी होने के दौरान कर्मचारियों ने पुलिस को घटना की सूचना दी,वही चोरी की यह पूरी घटना शो रूम में लगे सीसीटीवी में कैद हो गई है,मौके पर पहुंची पुलिस शोरूम में लगे सीसी टीवी फुटेज के आधार पर चोरों की तलाश में जुटी हुई है। बताते चले कि घाटमपुर थाना क्षेत्र के पतारा कस्बा स्थित हीरो मोटर्स शो रूम के मालिक प्रशांत उर्फ राहुल के अनुसार शनिवार को साप्ताहिक बंदी थी, जिसके चलते शो रूम बंद था, रविवार सुबह जब रोज की तरह कर्मचारी शोरूम खोलने पहुंचे,जहां कर्मचारियों ने शोरूम खोलकर यहां पर साफ सफाई शुरू की तो, कैश काउंटर समेत अन्य कांउटर के दरवाजे खुले देखे। दरवाजे खुले देख कर्मचारियों के पैरो तले जमीन खिसक गई,वही कर्मचारियों ने इस घटना की सूचना पुलिस व शो रूम मालिक को दी। जानकारी मिलते मौके पर पहुंची पुलिस घटना की जांच पड़ताल में जुट गई,जहां पतारा चौकी इंचार्ज अनुराग सिंह समेत घाटमपुर थानाध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह ने यहां पर मौजूद कर्मचारियों से घटना की जानकारी जुटाई।बताते चले कि शोरूम पर पहुंची पतारा चौकी पुलिस ने यहां पर सीसी टीवी कैमरे की फुटेज खंगाली, जहां पुलिस को सीसी टीवी फुटेज में दो चोर चोरी की घटना को अंजाम देते नजर आ रहे है। चोरों ने चोरी की घटना को सब्बल के सहारे अंजाम दिया है। पुलिस को मौके पर पहुंचे शोरूम के मालिक प्रशांत उर्फ राहुल ने बताया कि उन्होंने धनतेरस में एक स्कीम चलाई थी, जिसमे मोटरसाइकिल की खरीद पर एक सिक्का देना था। जिसका वितरण आगामी 20 तारीख को होना था। चोरों ने यहां पर काउंटर की रैक में रक्खा चालीस हजार रुपए नगदी समेत सोने के 70 सिक्के लगभग एक सौ पच्चीस ग्राम के सिक्के कीमत लगभग साढ़े सात लाख रुपए के अपने साथ चोरी कर ले गए है। वही सीसी टीवी फुटेज में चोर शोरूम में लगभग एक बजकर 42 मिनट पर पीछे की खिड़की तोड़कर घुसे,जहां चोरों ने लगभग डेढ़ घंटे तक शोरूम में घूम घूमकर यहां पर स्थित काउंटर की रैक तोड़कर रुपए खंगाले है। जिसके बाद चोरों ने यहां पर रखे की पैड मोबाइल फोन भी अपने साथ उठा ले गए है।।मामले में घाटमपुर थानाध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि घटना की जांच पड़ताल की जा रही है। सीसी टीवी फुटेज में कैद चोरों की जानकारी जुटाई जा रही है। जल्द मामले का खुलासा किया जाएगा।

## युवक को चाकू से गोदने वाले दो आरोपियों को किया गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

मूलगंज थाना क्षेत्र के अंतर्गत शनिवार को दो कर्मचारियों के विवाद मे एक कर्मचारी के भाई और उसके साथियों ने चाकू से हमला कर दिया था इस मामले में युवक की मौत हो गई थी, इसके बाद हत्या की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने कार्रवाई की है। पूरी घटना का खुलासा करते हुए डीसीपी पूर्वी तेज स्वरूप सिंह ने बताया कि बीते शनिवार को मूलगंज थाना क्षेत्र के हटिया बर्तन बाजार में मां शारदा पूजन भंडार के नाम से प्रशांत मेहरोत्रा और उनके भाई पारस मेहरोत्रा की दुकान में लगभग पन्द्रह वर्ष से काम कर रहे उमाशंकर ने दस दिन से काम करने वाले रामू से देरी का आने का कारण पूछा जिसमें दोनों कर्मचारियो में तनातनी के चलते विवाद उत्पन्न हुआ रामू ने पास के ही दुकान में काम करने वाले अपने बड़े भाई सोनू उर्फ रवि जो कि करीब सौ मीटर की दूरी पर एस आर ब्रदर्स कॉस्मेटिक की दुकान में काम करता है उसने अपने दो और साथी आशीष ,सुमित इन चारों ने मिलकर उमाशंकर को चाकू मार दी और हैलट में उपचार के दौरान उसकी मृत्यु हो गयी जिनके ऊपर हत्या समेत अन्य गंभीर धाराओं मे मुकदमा पंजीकृत कर कार्यवाही की गयी है, बताया कि आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है वैधानिक कार्रवाई करते हुए जेल भेजा जा रहा है।

## छह दर्जन बाइकर्स का मोटर वाहन अधिनियम मे किया चालान

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

रविवार की शाम स्टंट बाइकर्स और ओवर स्पीडर्स की बेरंग हो गई जब गंगा बैराज एवं आसपास के क्षेत्रों में पुलिस उपायुक्त सेंट्रल प्रमोद कुमार के निर्देशन में स्टंट बाइकर्स के विरुद्ध अभियान चलाया गया। इस अभियान को एसीपी कर्नलगंज मोहम्मद अकमल खान ने प्रभारी निरीक्षक नवाबगंज एवं प्रभारी निरीक्षक कोहना एवं उनकी संयुक्त टीम के साथ मिलकर संचालित किया। स्टंट बाइकर्स और ऐसे बाइकर्स जिन्होंने निर्धारित गति सीमा से ऊपर की गति से वाहन चलाया उनके ऊपर सखूती से कार्यवाही की गई। इस दौरान 72 बाइकर्स का मोटर वाहन अधिनियम के अंतर्गत चालान किया गया तथा उनसे उनसे लगभग 152000 रुपए का जुर्माना भी किया गया। इसके अतिरिक्त 3 बाइक्स को बाइक की संरचना में मोडिफिकेशन करने के कारण जब्त भी किया गया। इस दौरान सभी बाइकर्स को यातायात नियमों का पालन करने एवम भविष्य में स्टंटिंग एवं ओवर स्पीडिंग न करने की शपथ भी दिलाई गई।

## ''इज्लास तफ्हीमे शरीय'' का हुआ आयोजन

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

आल इण्डिया मुस्लिम पर्सनल ला बोर्ड के ज़ेरे एहतमाम मदरसा जामे उल उलूम पटकापुर में नदवतुल उलेमा लखनऊ के सचिव मौलाना सैयद जाफर मसूद नदवी की अध्यक्षता और मदरसा जामे उल उलूम पटकापुर के संचालक मुहीउद्दीन खुसरू ताज की निगरानी में ''इज्लास तफ्हीमे शरीय'' का आयोजन हुआ। इज्लास का शुभारम्भ कारी इनामुल हक़ फरीदी ने कुरआन की तिलावत से किया। मौलाना सैयद जाफर मसूद नदवी ने मुख्य सम्बोधन में कहा कि जिस अल्लाह ने हमें जान देकर दुनिया में भेजा है, उसी ने हमारे लिये एक क़ानून भी बना दिया है कि हमें दुनिया में किस तरह रहना है। इंसान को दुनिया में रहते हुए खुशी-ग़मी, कामयाबी-नाकामी, कुंवारे-शादीशुदा यानि जीवन के जितने चरणों से गुज़रना है परेशानियों और अवसरों का सामना करना पड़ता है। शरीयत हमें हर हाल में रहनुमाई करती है। यह हमारी नादानी है कि हम शरीअत को जानना और समझना ही नहीं चाहते हैं। उन्होंने शरीअत में उमूमियत (व्यापक्ता) पर बात करते हुए कहा कि दुनिया का कोई कानून इसके जैसा नहीं है। इसकी विशेषता है कि अमेरिका, इंग्लैण्ड, हिन्दुस्तान, पाकिस्तान, यहां तक कि पहाड़ों-मैदानों हर जगह चल सकता है। समाज के प्रत्येक वर्ग के लिये इसमें नायाब हिदायत मौजूद है। हमें शरीयत को समझना चाहिए, इसमें उमूमियत, शमूलियत और हर चीज़ का आसमानी हल है। इसमें हर चीज़ की गुंजाइश है, यह चीज़ें जितनी ज़रूरी क़रार दी गईं हैं उतनी ही उसमें छूट और रियायत भी दी गई है। इसके बाद भी अगर कोई शरीअत पर अमल नहीं करता और इसके लिये बहाने तलाश करता है तो वह बड़े घाटे में है।

## साइबर फ्रॉड के जरिए 30 लाख की ठगी करने वाले तीन आरोपियों को दबोचा

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**



शहर की थाना साइबर क्राइम पुलिस द्वारा वरिष्ठ नागरिक के साथ फर्जी कस्टम अधिकारी बनकर झूठे मुकदमे में पूरे परिवार सहित फँसाने की धमकी देकर 30 लाख 50 हजार रुपये की साइबर ठगी करने वालों को गिरफ्तार कर घटना का सफल खुलासा किया गया है। कानपुर पुलिस द्वारा जारी की गई प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार विवेक मिश्रा निवासी एम ब्लॉक किदवई नगर द्वारा 18 नवम्बर को साइबर क्राइम पुलिस थाना में दिए गए प्रार्थना पत्र में पंजीकृत मु0अ0सं0- 32/2023 धारा 420, 506 भादवि व 66 डी आईटी एक्ट, जिसमें साइबर ठगों द्वारा वादी को पार्सल ताइवान भेजने व पार्सल में अवैध सामग्री होने तथा मनी लान्ड्रिंग के मुकदमें में झूठा फँसा देने की धमकी देते हुये वादी के बैंक ऑफ बड़ौदा के खाते से कुल रु 30,50,000/- की धनराशि की घोखाधड़ी कर ली गई थी। उक्त मुकदमें में त्वरित कार्यवाही करते हुये सम्बन्धित आईसीआईसीआई बैंक को तत्काल डेबिट फ्रीज कराया गया तथा उक्त आईसीआईसीआई बैंक से साइबर ठगों द्वारा भिन्न भिन्न 10 खातों में धनराशि को स्थानान्तरित किया गया था। उक्त सभी खातों को डेबिट फ्रीज कराया गया। तथा सम्पूर्ण 30,50,000/- की धनराशि को विभिन्न खाते में फ्रीज करा दिया गया है। विवेचना के क्रम में कानपुर के एक फेडरल बैंक की जानकारी हुई जिसके विवरण का अवलोकन किया गया तो ज्ञात हुआ कि उक्त खाता फेडरल बैंक की शाखा अशोकनगर कानपुर नगर में आनलाइन खोला गया है। मामले में अमन प्रताप सिह, आदित्य बग्गन और मनोज साहू को गिरफ्तार किया गया है।

# पूर्व आईपीएस ने जेल प्रशासन पर मुकदमा दर्ज करने की उठाई मांग

**जन एक्सप्रेस | सुल्तानपुर**

दलित समुदाय के दो बंदियों की सुल्तानपुर जेल में मौत का जिन्न छह माह बाद बाहर निकल आया है। सीजेएम सपना त्रिपाठी की जांच रिपोर्ट में सुसाइड की बात को नकारते हुए बंदियों की हत्या किए जाने की पुष्टि की गई है। जेल प्रशासन को दोषी मांगा गया है। दिसंबर माह में आई इस रिपोर्ट को संज्ञान में लेकर शासन ने दोषियों पर कार्रवाई नहीं की। अब आजाद अधिकार सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व आईपीएस अमिताभ ठाकुर ने जेल प्रशासन पर एफआईआर दर्ज करने की मांग की है।

अमेठी के जामो थाना अंतर्गत लोरिकपुर गांव में 26 मई की रात चैधरी का पुरवा लोरिकपुर निवासी मुर्गी फार्म संचालक ओम प्रकाश यादव की धारदार हथियार से हत्या हुई। इस मामले में 30 मई को लोरिकपुर गांव निवासी करिया उर्फ विजय पासी (20) व मन्नू रैदास (18) कोर्ट से जेल भेजे गए थे। 21 जून की शाम सुल्तानपुर जेल के अंदर पेड़ से दोनों की लटकती हुई लाश मिली थी। 22 जून को गांव में ही दोनों का अंतिम संस्कार हुआ था। परिवार वालों ने जेल प्रशासन पर हत्या का आरोप लगाया था। बीते 28 जून को जेल अधीक्षक उमेश सिंह का तबादला करके उन्हें केंद्रीय कारागार वाराणसी भेजा गया था। वही प्रभारी अधिष्ठान अयोध्या मंडल ने जेल में तैनात दो हेड जेल वार्डर धीरज चौबे और चंद्रशेखर को निलंबित किया था।

वहीं तत्कालीन डीएम जसजीत कौर ने इस मामले में ज्यूडिशियल जांच बिठाई थी। जिसमें सीजेएम सपना त्रिपाठी, एसडीएम सदर सीपी पाठक व सीओ सिटी राघवेंद्र चतुर्वेदी जांच कर रहे थे।

डॉक्टर राम धीरेंद्र के अनुसार 22 जून को करिया पासी का सुबह 9:30 से 11:30 बजे तक

### सपना त्रिपाठी की जांच में जेल मौत कांड का निकला जिन्न

पोस्टमार्टम चला। मस्तिष्क, फेफड़े और लीवर कंजस्टेड थे। दाहिने नाक से खून बह रहा था। आंखें व जननांग सूजे थे। मौत तीन दिन के अंदर की थी। वही मनोज रैदास का पीएम 11:40 से 1:30 तक चला। उसके शरीर पर चोट मौजूद थी, जो ठोस वस्तु के घर्षण से आई थी। शरीर के ऊपरी अंगों से लेकर निचले अंगों तक में अकड़न थी। जीभ बाहर थी और मुंह खुला था। उसके नाखून नीले थे। और नीलापन किसी जहर दिए जाने पर आता है। यही नहीं उसके बाल आसानी से उखड़ नहीं रहे थे। जिससे साफ था कि मनोज की मृत्यु समय करिया की मृत्यु से कम है। वही दूसरे चिकित्सक डॉक्टर सुनील की रिपोर्ट में करिया की डेडबॉडी में जगह-जगह स्किन निकल रही थी। बाल उखड़ रहे थे। इस लक्षण से लग रहा था कि ये 2-3 दिन बाद से शुरू होते हैं। मनोज के शरीर में 13 चोटें थी। जांच के दौरान अधीक्षक से 20 जून से लेकर 21 जून के बीच का सीसीटीवी फुटेज मांगा गया तो 30 जून को उनके द्वारा जवाब दिया गया कि 9-10 मई को कैमरे के इंजीनियर ने बताया था कि शार्ट सर्किट से खराब हो गया है। कैमरा बनाने की कार्रवाई की जा रही है। फिर 18 नवंबर को जवाब दिया गया कि 21 जून की कोई रिकार्डिंग जेल प्रशासन ने उपलब्ध नहीं होने की बात जांच टीम को बताया। सीजेएम सपना त्रिपाठी द्वारा की गई मजिस्ट्रियल जांच में मृतकगण को अवसाद से ग्रस्त नहीं पाया गया। जांच में पाया गया कि मृतक मनोज और करिया की मृत्यु के समय और कारण पूर्णतया संदिग्ध है। उनकी मृत्यु 21 जून 2023 के पूर्व हो चुकी थी किंतु जेल प्रशासन ने जानबूझकर उनके मृत्यु की सूचना नहीं दी थी। सीजेएम सपना त्रिपाठी के अनुसार मृतकगण की मृत्यु का कारण ÷एंटी मॉर्टम हैंगिंग÷ है किंतु उनके पोस्टमॉर्टम से स्पष्ट है कि मृतकगण को किसी नशीले पदार्थ के प्रभाव में उनकी इच्छा के विरुद्ध फांसी पर लटकाया गया। जिसके कारण यह मामला आत्महत्या का नहीं, बल्कि हत्या का है। जिसकी पूर्ण जिम्मेदारी जेल प्रशासन की है। इस संदर्भ में अमिताभ ठाकुर ने कहा कि यह रिपोर्ट अपर मुख्य सचिव कारागार राजेश कुमार सिंह के पास पहुंच गई है लेकिन उनके द्वारा जानबूझकर मामले में कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। उन्होंने अविलंब हत्या का मुकदमा दर्ज करके सीबीसीआईडी जांच की मांग की है। साथ ही जेल अधीक्षक सहित अन्य जिम्मेदार अफसरों को तत्काल निलंबित किए जाने की भी मांग की है।

# कूड़ेदान में कूड़ा, सड़क पर फैला कचरा, बढ़ रहा प्रदूषण

**जन एक्सप्रेस | अमेठी**



जनपद के विकास खण्ड बहादुरपुर की ग्राम पंचायत बहादुरपुर में कूड़ेदान कचरे से भरे पड़े हैं। वहीं सफाई कर्मचारी भी कचरा उठाने की बजाय मौके पर ही आग के हवाले कर देते हैं। इसके चलते क्षेत्र में प्रदूषण का स्तर बढ़ रहा है।ग्राम पंचायतों में इकट्ठा हुए कचरे को जवारगंज में बने प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट यूनिट में पहुंचाने के लिए शुक्रवार के दिन का रोस्टर जारी किया गया है।

कचरे से अर्जित आय को बाकायदा ग्राम पंचायत के खाते में भी भेजा जा रहा है।जनसंख्या के हिसाब से कूड़ेदान कम होने की वजह से परेशानी उठानी पड़ रही है।तो दूसरी तरफ सफाई कर्मचारियों की कमी भी शहर को स्वच्छ रखने में आड़े आ रहा।कर्मचारियों की कमी के चलते बहादुरपुर चौराहे के कुछ हिस्सों में कचरे से भरे पड़े कूड़ेदान से महीनों तक नहीं खाली किया जा रहा है। कचरों से कूड़ेदान भरे होने की वजह से घरों से निकलने वाले कूड़े को लोग कूड़ेदान के बाहर ही फेंक देते हैं।और तो और सफाई कर्मियों द्वारा कूड़ा हटाने की बजाय उसे वहीं पर जला भी दिया जाता है।

जिससे दुर्गंध उठने के साथ ही वायु प्रदूषण भी हो रहा है। जो क्षेत्र के पर्यावरण के लिए गंभीर खतरा पैदा कर रहा है। जबकि ग्राम पंचायतों में इकट्ठा हुए कचरे को संरक्षित करने के लिए बहादुरपुर विकास खंड के गांव जवारगंज में प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट यूनिट बनाया गया है। गांवों से निकलने वाले कचरे को यूनिट पहुंचाने पर तौल के बाद बाकायदा उसका पैसा भी दिया जाता है।यूनिट में मशीनरी सिस्टम से साफ सफाई करके उसे बारीक टुकड़ो में करके पीएमजीएस वाई को बेंच दिया जाता है।उससे अर्जित आय को ग्राम पंचायतों के खाते में भेजा जाता है।फिर भी कूड़े दान कचरों से भरे पड़े हैं।वहीं एडीओ पंचायत अनिल सिंह का कहना है कि प्रत्येक ग्राम पंचायतों को रोस्टर जारी कर गांवों में कूड़े को इकट्ठा कर प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट यूनिट भेजने के लिए निर्देश दिए गए हैं।जहां भी लापरवाही बरती जा रही है।उन्हें पुनः निर्देशित किया जा रहा है।

# मानवाधिकार दिवस पर मतदान के महत्व पर हुई चर्चा




**जन एक्सप्रेस | अमेठी**

रानी सुषमा देवी महिला पीजी कॉलेज अमेठी में रविवार को मानवाधिकार दिवस के अवसर पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया।संगोष्ठी महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ.पूनम सिंह के निर्देशन में हुई।इस संगोष्ठी में मुख्य अतिथि के रूप में राजनीति शास्त्र की प्राध्यापिका प्रियंका मिश्रा उपस्थित रहीं। उन्होंने छात्राओं को मानवाधिकार के महत्व को समझाया। साथ ही अधिकारों के प्रकार को भी छात्राओं के समक्ष साझा किया।बी.एड.विभाग से किरन सिंह ने भी छात्रों के बीच अधिकारो के महत्व को बताया।उन्होंने छात्रों को यह भी समझाया कि मतदान हमारा सबसे महत्वपूर्ण अधिकार है।और छात्राओं से मतदान पहचान पत्र बनवाने के लिए अपील भी की।संगोष्ठी में एनएसएस की कार्यक्रमाधिकारी डॉ.पूजा सिंह ने भी अपने विचार व्यक्त किए।इस अवसर पर समस्त प्राध्यापक एवं प्राध्यापिकाएं तथा छात्राएं उपस्थित रहीं।

# मोदी सरकार ने लिखी विकास की नई इबारत विकसित बन रहा भारत: शिव कुमार सिंह

**जन एक्सप्रेस | सुल्तानपुर**

विकास खंड बल्दीराय क्षेत्र के गांव हेमनापुर में विकसित भारत संकल्प यात्रा का ग्राम वासियों ने स्वागत किया। कार्यक्रम में पहुंचे ब्लाक प्रमुख ने कहा कि विकास और जनकल्याण की योजनाओं का जनता को लाभ देने के लिए यात्रा निकाली है।ब्लाक प्रमुख शिवकुमार सिंह ने लाभार्थियों से संवाद करते हुए कहा कि देश के प्रधानमंत्री ने साल 2014 में जब केंद्र में सत्ता संभाली थी तो उनका लक्ष्य था कि सरकारी योजनाओं में भ्रष्टाचार हटाना है। इसलिए उन्होंने जीरो बैलेंस पर बैंकों में खाते खुलवाए थे।




पहले अमीरों के तो बैंक में खाते थे लेकिन गरीबों का बैंक में खाता नहीं था।मोदी जी ने जन धन योजना चलाकर सभी बैंकों से कहा कि गरीबों की गारंटी मोदी लेते हैं और उसी का कमाल है कि आज करीब 40 लाख से ज्यादा देश में जनधन खाता है और केंद्र की सरकार उसमें 2000 रुपये भेज रही है। कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा का उद्देश्य जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में लोगों को जागरूक करना और प्रत्येक लाभार्थी तक उन्हें पहुंचाना है। इस मौके पर प्रधान प्रतिनिधि रंजीत यादव, भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रदीप पांडेय, राम सुरेश तिवारी, पूर्व जिला पंचायत सदस्य राकेश ÷दरोगा÷ यादव, प्रधान मोहम्मद सम्मू उर्फ पप्पू, रामजीत यादव, सचिव प्रियंका साहू, बाबा योगराज, सफाईकर्मी बसंत राम, राजेश कुमार, कल्पना तिवारी, कृष्णा यादव, रीता तिवारी, हिन्देश कुमार, मोनू तिवारी, अमर जीत, राम नारायण, कल्पना तिवारी, गायत्री सिंह आदि मौजूद रहे।

# दबिश में पकड़ी गई बत्तीस लीटर अवैध शराब

**जन एक्सप्रेस | अमेठी**



अवैध शराब के विरुद्ध चलाये जा रहे प्रवर्तन अभियान के अंतर्गत जिलाधिकारी अमेठी व उपआबकारी आयुक्त अयोध्या प्रभार के निर्देशन तथा पुलिस अधीक्षक व जिला आबकारी अधिकारी अमेठी के पर्यवेक्षण में रविवार को जनपद के क्षेत्र-अमेठी के थाना मुंशीगंज अंतर्गत ग्राम घाटमपुर में आकस्मिक दबिश दी गयी।दबिश के दौरान कुल 32 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की गई करीब 150 किलो लहन मौके पर नष्ट किया गया।इस कार्यवाही में दो अभियोग आबकारी अधिनियम में पंजीकृत किया गया।साथ ही ग्रामवासियो को अवैध शराब पीने से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक करते हुए विभाग के टोल फ्री नम्बर अथवा संबंधित निरीक्षक के मोबाइल नम्बर पर अवैध शराब के निर्माण, बेचने व रोकथाम हेतु सूचना देने की अपील की गई। कार्यवाही में सतीश चंद्र दीक्षित आबकारी निरीक्षक,क्षेत्र-2 अमेठी, स्थानीय पुलिस बल एवम आबकारी स्टॉफ सम्मलित रहें।

# तेज रफ्तार कार ने सवारियां ले जा रहे ई-रिक्शा को मारी टक्कर: एक मौत, चार घायल

**जन एक्सप्रेस | सुल्तानपुर**



लखनऊ-बलिया हाइवे पर दर्दनाक हादसा हुआ। तेज रफ्तार कार ने सवारियां ले जा रहे ई-रिक्शा को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि सड़क किनारे खड़े एक अधेड़ की जान चली गई। वही महिला समेत 4 लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं।

सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कादीपुर में प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल कॉलेज सुलतानपुर रेफर किया गया है। जानकारी के अनुसार कादीपुर कोतवाली थाना क्षेत्र के संत तुलसीदास पीजी कॉलेज के आगे कटघरा नारायनपारा गांव के पास कादीपुर से सुलतानपुर की तरफ जा रही तेज रफ्तार चार पहिया कार ने सामने से सवारियां लेकर आ रहे ई-रिक्शे में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि ई-रिक्शे के परखच्चे उड़ गए। हादसे में सड़क के किनारे सवारी का इंतजार कर रहे कादीपुर कोतवाली के नारायनपारा निवासी 45 वर्षीय सुभाष की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि ई-रिक्शें पर सवार एक महिला सहित चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। कार में सवार सभी लोग सुरक्षित बताए जा रहे है।

घायलों की पहचान मोतिगरपुर थाना क्षेत्र के महमूदपुर जंगल निवासी 50 वर्षीय सूरज यादव उर्फ लालू, कोतवाली क्षेत्र के बाछापारा निवासी 50 वर्षीय विजय उर्फ दरगाही, कोतवाली क्षेत्र के शेखपुर निवासी ई-रिक्शा चालक 45 वर्षीय हरिओम यादव और कोतवाली क्षेत्र के राईबिगो निवासी कामिनी वर्मा पुत्री राजकुमार वर्मा के रूप में हुई। घटनास्थल पर लोगों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। आनन-फानन में सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कादीपुर लाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद सभी घायलों को मेडिकल कॉलेज सुल्तानपुर रेफर कर दिया गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने ई-रिक्शा, कार व शव को कब्जे में लेकर विधि कार्रवाई शुरू की। कोतवाली प्रभारी अशोक कुमार सिंह ने बताया कि सभी घायलों को मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। मृतक के शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है।

# छः विधाओं में सम्मानित किए जाएंगे मोस्ट प्रतिभाएं

**जन एक्सप्रेस/सुलतानपुर।** देश की प्रथम शिक्षिका माता सावित्री बाई फूले जयंती के अवसर पर आगामी 03 जनवरी को आयोजित ऐतिहासिक मोस्ट प्रतिभा सम्मान समारोह 2024 की तैयारी की समीक्षा के लिए निषाद भवन, विनोवापुरी में मीटिंग सम्पन्न हुई।

उक्त मीटिंग की अध्यक्षता रज्जन प्रसाद ने किया। कार्यक्रम में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि आगामी 3 जनवरी को आयोजित मोस्ट प्रतिभा सम्मान समारोह 2024 में विभिन्न जनपदों में संचालित निःशुल्क मोस्ट पाठशालाओं के संचालकों एवं खेल, साहित्य, कला, विज्ञान, समाजसेवा के द्वारा वैज्ञानिक दृष्टिकोण को बढ़ावा देने वाले मोस्ट प्रतिभाओं तथा मोस्ट कार्यक्रमों का प्रचार-प्रसार करने वाले मोस्ट प्रतिभाओं व यूपी बोर्ड 2023 में हाई स्कूल एवं इंटरमीडिएट पास होने वाले 100 मोस्ट छात्र-छात्राओं को मेरिट के आधार पर पुरस्कृत किया जाएगा तथा मोस्ट के आह्वान पर रक्तदान करने वाले मोस्ट जीवनदाताओं एवं मोस्ट कार्यक्रमों के लिए आर्थिक सहयोग प्राप्त/प्रदान करने वाले मोस्ट दानी को सम्मानित किया जाएगा।

# शहर से सटी सड़क बनी तालाब, कब होगा समाधान?

**जन एक्सप्रेस | सुल्तानपुर**



गभड़िया से निकल कर बहादुरपुर ग्राम सभा को जाने वाली रोड की जलभराव की समस्या दूर नहीं हो रही है। यहां पानी की निकासी बमुश्किल हो पा रही है। उस पर लगातार रोड पर गन्दे पानी के बहाव से यहां पर गड्ढों के बीच तालाब बना दिया है, जिससे वाहन सवारों को जान जोखिम में डाल कर सफर करना पड़ रहा है। लगातार इस संबंध में मीडिया के माध्यम से अधिकारियों को अवगत कराने के बाद भी कोई समाधान नहीं हो रहा है। क्षेत्र वासियों के कहना है। सभी के पास एक ही जवाब है शासन से बजट मिलने के बाद ही इस पर काम हो सकेगा। क्षेत्र वासियों द्वारा इधर उधर पानी निकालने की कोशिस करते है मगर बड़े बड़े गड्डे होने के करण पानी नही निकल पाता और आये दिन इसमें स्कूली बच्चे गिरते रहते है और वाहन चालक अपना और सवारियों का जान जोकिम में डाल कर इस तालाब बने रोड को पार करते है। अपने साधन से आने जाने वाले 1 किलोमीटर दूर दूसरा रास्ता अपना लेते है। गौर हो कि सालों से यहां पर गड्ढे बने हुए हैं। जिसको क्षेत्र वासियों द्वारा कुछ गड्डो में ईंट के टुकड़े डाल कर रास्ते पर आवागमन किये लेकिन रोड पर गड्ढे बनते चले जा रहे है। कई नये गड्ढे भरवाया नहीं गया, जिसके बाद से यहां पानी भरने की समस्या लगातार बड़ी हो रही है। सालों से अधिकारी और जनप्रतिनिधि इसको लेकर कोई ठोस कदम नहीं उठा सके हैं। इस रोड पर दो गर्ल्स कॉलेज एक आई टी आई, एक प्राइमरी स्कूल, एक प्ले ग्रुप बच्चो का स्थित है। इस रोड पर लगभग 7 गांव का आवागमन है।

# सिर्फ सजदा करना इबादत नहीं: मौलाना मुराद रजा

**जन एक्सप्रेस/सुलतानपुर।** नगर खैराबाद स्थित हुसैनी हाल में पांच रोजा अजाए फातमी कार्यक्रम का आयोजन शहर के लोगों द्वारा किया गया है। शनिवार रात अजाए फातमी की पहली मजलिस मौलाना सै मुराद रजा ने खिताब किया। उन्होंने कहा कि सिर्फ सजदा करना इबादत नहीं है। मौलाना ने आगे कहा कि इब्लीस सिर्फ सजदे को इबादत समझ रहा था। उसने अल्लाह के हुक्म को नहीं माना तो छह हजार साल की उसकी इबादत बेकार चली गई। वो लानती बन गया। अल्लाह ये चाहता है बंदा मेरे आगे झुके और जिसके आगे मैं कहूं उसके आगे झुके। उन्होंने पैगम्बर मोहम्मद की बेटी हजरत फातमा के चरित्र पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि लोग कहते हैं कि इस्लाम में औरत की इज्जत नहीं है। हालांकि इस्लाम में औरत की इज्जत के लिए यही काफी है, कि इस्लाम पहुंचाने वाले पैगम्बर मोहम्मद ने अपनी इकलौती बेटी फातमा को उम्मे अबीहा (बाप की मां) कहा है। पैगम्बर उनकी इतनी इज्जत करते थे कि जब वे सामने आती थी तो पैगम्बर उनके सम्मान में खड़े हो जाते थे।

# रायबरेली प्रीमियर लीग के चौथे संस्करण हेतु ट्रायल का किया गया आयोजन



**जन एक्सप्रेस | रायबरेली**

ओम ग्रुप आफ बिल्डर्स एवं यूथ क्रिकेट अकादमी द्वारा रायबरेली प्रीमियर लीग के चैथा संस्करण हेतु आज ट्रायल का आयोजन किया गया। यूथ क्रिकेट अकादमी के सचिव सिविल रावत ने बताया कि यह प्रतियोगिता 10 टीमों के मध्य खेली जाएगी जिसमें खिलाड़ियों के लिए आज ट्रायल कराया गया। प्रदेश भर से आए 272 खिलाड़ियों ने ट्रायल में प्रतिभाग किया। इस ट्रायल में चयनित खिलाड़ियों को ऑक्शन प्रक्रिया द्वारा टीमों में चुना जाएगा। 20-20 प्रतियोगिता का आयोजन पंडित मोतीलाल नेहरू स्टेडियम में खेला जाएगा। इस अवसर पर यूथ क्रिकेट अकादमी के अध्यक्ष अनुभव कक्कड़, जितेंद्र यादव, नितिन बजाज, सरवर अहमद, मोहम्मद मुशीर रवि दीक्षित, वरुनेन्द्र, नदीम सिद्दीकी, राहुल सिंह, गौरव द्विवेदी, आशीष सिंह सुमीतकांत, अभिषेक शुक्ला आदि लोग मौजूद रहे इस ट्रायल में मुख्य चयन करता के रूप में पूर्व वरिष्ठ खिलाड़ी मोहम्मद अयाज ट्रायल की प्रक्रिया को संपन्न कराया जिन्होंने खिलाड़ियों की प्रतिभा को बारीकी से परखा।

# नि:स्वार्थ बलिदान की प्रतीक हैं सांसद सोनिया गांधी: शत्रोहन सोनकर

**जन एक्सप्रेस | रायबरेली**

रायबरेली सांसद श्रीमती सोनिया गाँधी के 77वें जन्म दिवस पर नगर पालिका परिषद के चेयरमैन शत्रोहन सोनकर ने गरीबों, असहायों के मध्य जाकर खाद्य सामग्री, भोजन वितरित किया। इस अवसर पर पालिकाध्यक्ष ने कहा कि सांसद श्रीमती सोनिया गांधी सदैव हाशिए पर पड़े लोगों के अधिकारों की अथक वकालत करने वाली, साहसी, धैर्य और निःस्वार्थ बलिदान के साथ प्रतिकूल परिस्थितियों से जूझते हुए अत्यन्त कृपा की प्रतीक रही हैं। श्री सोनकर ने कहा कि उनकी जीवन यात्रा हम सभी के लिए एक प्रेरणा है। उन्होनें काँग्रेस को एक अत्यन्त चुनौतीपूर्ण अवधि के



दौरान बड़ी शिष्टता के साथ आगे बढ़ाया और यूपीए सरकार की वास्तुकार थीं, जिसने सभी के लिए कल्याण और देश के लिए तेजी से विकास किया। श्री सोनकर ने बताया कि पूर्व राष्ट्रपति डा. ए.पी.जी. अब्दुल कलाम ने अपनी किताब में लिखा है कि 18 मई 2004 में चुनावों के नतीजों के बाद सोनिया गांधी जी राष्ट्रपति से मिलने आई, तो राष्ट्रपति भवन की ओर से उन्हें प्रधानमन्त्री नियुक्त किए जाने को लेकर चिट्ठी तैयार कर रखी थी, लेकिन सोनिया गांधी अपने साथ मनमोहन सिंह को लेकर पहुँची तो डा. कलाम हैरान रह गए। सोनिया जी ने राष्ट्रपति को कई दलों के समर्थन-पत्र दिखाए, इसके बाद पूर्व राष्ट्रपति ने सोनिया जी की इस पहल का स्वागत किया और शपथ दिलाने के लिए सहमति जताई। श्री सोनकर ने त्याग-तपस्या की प्रतिमूर्ति एवं निःस्वार्थ बलिदान की प्रतीक जनप्रिय सांसद सोनिया गांधी के उत्तम स्वास्थ्य हेतु ईश्वर से प्रार्थना की।

# एडवोकेट कप क्रिकेट प्रतियोगिता के दूसरे दिन आयोजन सम्पन्न

**जन एक्सप्रेस | रायबरेली**

बैसवारा क्लब दीवानी न्यायालय की ओर से आयोजित की जा किए जा रहे एडवोकेट कप क्रिकेट प्रतियोगिता के दूसरे दिन डीजे 11 ने 10 रनों से मैंच जीत लिया। मैच की आखिरी गेंद पर विकेट लेकर बेंच एकादश ने एडवोकेट कप 2023 का दूसरा लीक मैच 10 रनों से जीत लिया। अत्यंत रोमांचक मैच में न्यू यंग लॉयर्स एकादश नहीं अंकित यादव 65 तथा सर्वेंद्र सिंह बन्ना 30 रनों के शानदार प्रदर्शन के बाद भी हार को टाल नहीं पाया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए ट्रेंच एकादश ने निर्धारित 20 ओवरों में 150 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी न्यू यंग लॉयर्स शुरुआती झटकों के बाद ओपनर बल्लेबाज अंकित यादव ने पाली को संभाल। अंकित यादव ने अंतिम तक बल्लेबाजी करते हुए 65 रन बनाए उनके साथ सरवन सिंह बन्ना ने दिया लेकिन वह हर को जीत में नहीं बदल पाए। पूरी टीम 140 रन पर ही सिमट गई। इस तरह बेंच एकादश ने यह मैच 10 रनों से जीत लिया। अधिवक्ताओं ने यहां पर शास्त्र न्यायाधीश त्रिपुरारी मिश्रा, अंकित यादव व सर्वेंद्र सिंह बन्ना को जिला जज तरुण सक्सेना के माध्यम से पुरस्कृत किया। इससे पहले मोटर वाहन दुर्घटना प्राधिकरण के पीठासीन अधिकारी महेंद्र नाथ ने खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त कर टास कराया। उन्होंने बल्लेबाजी करते हुए खेल का शुभारंभ किया। बैसवारा क्लब के अध्यक्ष शंकर लाल गुप्ता ने अतिथियों का स्वागत किया सुनील सिंह ने इस्पात चिन्ह भेंट किया। वरिष्ठ उपाध्यक्ष बलजीत सिंह मोगा ने पुष्प कुछ भेंट कर मुख्य अतिथि का स्वागत किया। मैच का आंखों देखा हाल देवेंद्र सिंह चैहान दिनेश श्रीवास्तव ने सुनाया इस मौके पर अपर जिला जज सतीश चंद्र त्रिपाठी, त्रिपुरारी मिश्रा, प्रभात यादव, आलोक कुमार सिंह, वरिष्ठ अधिवक्ता रामबरन सिंह, गोपी सिंह, हरिश्चंद्र शर्मा, योगेंद्र दीक्षित, संजय सिंह, आलोक शर्मा, सुनील सिंह भदोरिया, बृजेंद्र, जितेंद्र सिंह चैहान, सुरेंद्र सिंह भदोरिया, शंभू रतन बाजपेई समेत अन्य विभाग अधिवक्ता मौजूद रहे।

# बसपा की कमान संभालेंगे आकाश

- बसपा प्रमुख के छोटे भाई के बेटे हैं, अभी पार्टी के नेशनल कोऑर्डिनेटर
- 2017 में राजनीति में एंट्री, छह साल में ही मायावती के उत्तराधिकारी घोषित

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

बसपा सुप्रीमो मायावती (67) ने अपने भतीजे आकाश आनंद (27) को अपना उत्तराधिकारी घोषित किया है। यानी मायावती के बाद पार्टी की कमान आकाश के हाथों में होगी। अभी यूपी और उत्तराखंड में पार्टी की जिम्मेदारी मायावती संभालेंगी, जबकि बाकी 26 राज्यों को आकाश देखेंगे। पार्टी की विरासत और राजनीति को आगे बढ़ाने के लिए मायावती ने अपने भतीजे को आगे किया है। रविवार 10 दिसंबर को डेढ़ घंटे चली मीटिंग के बाद मायावती ने इस फैसले का ऐलान किया। मीटिंग में पार्टी के 28 राज्यों के पदाधिकारी मौजूद थे। आकाश, मायावती के सबसे छोटे भाई आनंद कुमार के बेटे हैं और फिलहाल पार्टी के नेशनल कोऑर्डिनेटर हैं। सार्वजनिक तौर पर मायावती के साथ आकाश पहली बार 2017 में सहारनपुर में नजर आए थे। आकाश ने लंदन से मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन की पढ़ाई की है। आकाश की शादी बसपा के पूर्व राज्यसभा सदस्य अशोक सिद्धार्थ की बेटी डॉ. प्रज्ञा से इसी साल मार्च में हुई थी। आकाश आनंद के ससुर अशोक सिद्धार्थ की गिनती मायावती के भरोसेमंद नेताओं में होती है।

### आदेशों का पालन करेंगे

तेलंगाना के प्रदेश अध्यक्ष अहमद अली ने बताया था कि मायावती आज आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर बैठक करने वाली हैं। इसमें आगामी चुनाव में उम्मीदवारों की लिस्ट बसपा प्रमुख को दी जाएगी। उनके बताए गए दिशा-निर्देश का पालन करेंगे। मध्य प्रदेश के दतिया से पदाधिकारी लोकेंद्र अहियावर ने कहा, बसपा प्रमुख की बैठक में जो आदेश होगा, उसका पालन करेंगे। विधानसभा चुनाव में स्थिति ठीक नहीं रही, लेकिन लोकसभा चुनाव में स्थिति को बेहतर करेंगे।



### लोकसभा चुनाव से पहले आकाश के ऐलान की 3 वजह

1- **चंद्रशेखर के ऑप्शन में आकाश:** पश्चिम यूपी में आजाद समाज पार्टी के चंद्रशेखर की दलित वर्ग के बीच पकड़ मजबूत हो रही है। बसपा प्रमुख ने दलित समाज के युवाओं को यह साफ मैसेज देने का प्रयास किया कि बसपा में युवा नेता और पार्टी का ऑप्शन आकाश है। वह लगातार रैलियां भी कर रहे हैं।

2- **आकाश के बहाने बसपा का युवाओं पर फोकस:** यूपी में विधानसभा चुनाव 2022 के चुनाव में बसपा को तगड़ा झटका लगा था। पार्टी का वोट शेयर 22 प्रतिशत से घटकर 11 प्रतिशत पर आ गया था। इसलिए बसपा अपना खोया जनाधार पाने के लिए युवाओं को जोड़ना चाहती है। इसीलिए मायावती ने आकाश को उत्तराधिकारी चुना है।

3- **बसपा के सामने अब ज्यादा ऑप्शन नहीं:** चार बार यूपी की सीएम रह चुकी मायावती की पार्टी बसपा की अब प्रदेश में स्थिति कमजोर हो रही है। अभी बसपा का सिर्फ एक विधायक है। जबकि 10 सांसद थे, जिसमें से शनिवार को ही उन्होंने एक सांसद दानिश अली को पार्टी से बाहर कर दिया था।

### बसपा का प्रत्याशियों की चयन प्रक्रिया पर जोर

राजनीतिक जानकारों का मानना है कि लखनऊ में बसपा की बैठक कई दृष्टिकोण से सियासी संदेश देने जैसा है। प्रदेश की 80 लोकसभा सीटों पर बहुजन समाज पार्टी की ताकत का एहसास कराने के लिए यह बैठक बुलाई गई। इसमें कई अहम मुद्दों और प्रत्याशियों की चयन प्रक्रिया पर जोर रहा। बहुजन समाज पार्टी के सूत्र बताते हैं कि चुनाव से पहले मायावती पार्टी में जिम्मेदारियां बदलने और अन्य राज्यों को लेकर बड़े फैसले ले सकती हैं। बैठक में पार्टी के सभी राष्ट्रीय पदाधिकारी व कार्यकारिणी सदस्य, सभी राज्यों के प्रदेश अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, मुख्य जोन इंचार्ज, जोन इंचार्ज, राज्यसभा सदस्य, सभी पूर्व और वर्तमान विधायक, विधान परिषद सदस्य, मंडल व जोन इंचार्ज, जिलाध्यक्ष तथा बहुजन वालंटियर फोर्स जैसे सभी संगठनों के जिम्मेदार लोग बुलाए गए हैं।

### 2024 के लोकसभा चुनाव के लिए मायावती ने बुलाई थी बैठक

लखनऊ में बसपा प्रमुख मायावती ने छत्तीसगढ़, राजस्थान और मध्य प्रदेश समेत पांच राज्यों के चुनाव परिणाम के बाद पदाधिकारियों के साथ बैठक बुलाई थी। इसमें 28 राज्यों से पदाधिकारी शामिल हुए। जिन्होंने लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर अब तक किए गए कामों की रिपोर्ट पेश की।

## कौन हैं आकाश आनंद...?

- आकाश आनंद, बसपा सुप्रीमो मायावती के छोटे भाई आनंद कुमार पुत्र हैं। कहा जा रहा है कि बीते कई विधानसभा और लोकसभा चुनाव में लगातार हार के बाद मायावती नई पीढ़ी को नेतृत्व देने पर विचार कर रही थीं। आकाश को कई चुनावी राज्यों में प्रभारी भी बनाया गया था।
- आकाश की स्कूली शिक्षा गुरुग्राम से हुई है। उन्होंने लंदन से मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन की डिग्री ली है। वह 2017 से राजनीति में सक्रिय हैं। आकाश आनंद अभी बसपा में नेशनल को-ऑर्डिनेटर के पद पर हैं।
- वर्ष 2017 में मायावती ने सहारनपुर में आयोजित एक रैली में पहली बार आकाश आनंद को मंच पर अपने साथ बैठाकर पार्टी कैडर को संदेश दिया कि भविष्य में आकाश ही बसपा संगठन में अहम भूमिका निभाने वाले हैं। वहीं, वर्ष 2019 में हुए लोकसभा चुनाव में आकाश को स्टार प्रचारक बनाया गया था। साथ ही युवाओं को पार्टी से जोड़ने की जिम्मेदारी भी सौंपी थी।
- बीते वर्ष मार्च माह में मायावती ने आकाश को पार्टी का नेशनल कोआर्डिनेटर बनाकर सबको चौंका दिया था। आकाश की शादी पार्टी के पूर्व राज्यसभा सांसद अशोक सिद्धार्थ की पुत्री डॉ. प्रजा से बीते मार्च माह में हुई थी।

### मायावती के साथ गाड़ी में आए थे आकाश आनंद

रविवार को लखनऊ में पार्टी कार्यालय में हुई बैठक में आकाश आनंद मायावती के साथ एक ही गाड़ी में आए थे। मायावती ने हाल ही में चार राज्यों में हुए चुनाव की कमान भी आकाश को सौंपी थी। इसी से यह तय माना जा रहा था कि आकाश पार्टी में नंबर-2 हैं। इसके अलावा मायावती राजनीतिक तौर पर खुद ज्यादा एक्टिव न होकर आकाश को ही अहम जिम्मेदारियां दे रही थीं। 2022 में हुए विधानसभा चुनाव के दौरान ही यूपी में उन्होंने चुनिंदा रैलियां ही की थीं।

### मायावती ने कहा था, पार्टी अध्यक्ष वही बनेगा, जो दलित हो

बसपा के वरिष्ठ नेताओं का कहना है कि आकाश को बड़ी राजनीतिक जिम्मेदारी देने के लिए मायावती उन्हें खास तरह से तैयार कर रही हैं। हालांकि, मायावती ने पार्टी अध्यक्ष का पद परिवार के किसी सदस्य को न देने का ऐलान किया था। उन्होंने कहा था कि पार्टी अध्यक्ष वहीं बनेगा, जो दलित हो और उसका कोई परिवार न हो। लेकिन माना जा रहा था कि वह भतीजे आकाश आनंद को बड़ी जिम्मेदारी दे सकती हैं। 2019 चुनावों में आकाश पार्टी में युवा चेहरा बनकर बड़ी जिम्मेदारी दी गई तो उसके बाद यह तय हो गया था। उनको भविष्य में पार्टी उत्तराधिकारी घोषित किया जा सकता है।

### यूथ पॉलिटिक्स पर फोकस, नई पीढ़ी की शुरुआत

बहुजन समाज पार्टी के जुड़े एक नेता बताते हैं कि नई पीढ़ी की शुरुआत आकाश आनंद के जरिए की जा रही है। आकाश आनंद के रहते हुए यूपी-उत्तराखंड समेत देश के 21 राज्यों में बहुजन समाज के मूवमेंट से जुड़े कार्यकर्ताओं को नई दिशा मिलेगी। बसपा से एमएलसी भीमराव अंबेडकर ने बताया, आकाश आनंद को जनता के बीच संघर्ष करने के लिए मायावती ने उतारा है। जैसा कि लोग परिवारवाद का लोग आरोप लगाते हैं, तो उन्होंने उनको राज्यसभा या एमएलसी का टिकट नहीं दिया।



## आई लाइफ सेन्टर में 76 लोगो का हुआ निशुल्क मोतियाबिंद का ऑपरेशन

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

गोमती नगर में ज्यूडीशियल ट्रेनिंग रिसर्च इंस्टीट्यूट जेटीआरआई के ठीक सामने आंख के अस्पताल आई लाइफ सेन्टर में रविवार को 76 लोगो का निशुल्क मोतियाबिंद का आपरेशन किया गया। निशुल्क ऑपरेशन कराने के लिए लोगो ने अंबर फाउंडेशन और दुर्गा स्वरूपा फाउंडेशन के पास अपना रजिस्ट्रेशन कराया था, जिनका संयुक्त प्रयासों से रविवार को आई लाइफ सेन्टर में निशुल्क ऑपरेशन कराया गया। बतातें है कि अंबर फाउंडेशन के वफा अब्बास और दुर्गा स्वरूपा फाउंडेशन की अध्यक्ष रागिनी श्रीवास्तव समाज सेवा के क्षेत्र में अपनी अग्रणी भूमिका निभा रही है। रविवार को हुए यह ऑपरेशन आई सर्जन डा रोहित अग्रवाल के द्वारा किया गया। डा रोहित अग्रवाल को एक दिन में 100 से अधिक मोतियाबिंद का सफल ऑपरेशन करने पर उन्हे पूर्व में मंत्री सुरेश खन्ना भी सम्मानित कर चुके है। वहीं डा रोहित के मुताबिक वह अब तक मोतियाबिंद के लाखों सफल ऑपरेशन कर चुके है। वहीं इस मौके पर आई लाइफ सेन्टर की तरफ से रागिनी श्रीवास्तव ने बताया कि जो भी ऐसे जरूरतमंद लोग है वह आई लाइफ सेन्टर के नंबरो 8299708318, 8960100350 व 74087 53664 पर सम्पर्क कर सकते है। इस मौके पर डा रोहित अग्रवाल, रागिनी श्रीवास्तव समेत आई लाइफ सेन्टर की टीम मौजूद रही।

## गौरैया संस्कृति संस्थान द्वारा विवाह संस्कार गीत की कार्यशाला का समापन

जन एक्सप्रेस । लखनऊ



संस्था की संस्थापक रंजना मिश्रा ने बताया रविवार को वरिष्ठ लोकगायिका रीना टण्डन के द्वारा सिखाए गए विवाह संस्कार गीत की प्रस्तुतीकरण अवध शिल्प ग्राम में अवध महोत्सव के मंच पर हुआ। जिसमें देवी गीत - से शुभारंभ कर गारी ज्योनार तक विवाह गीत गाए गए। तिलक-ठग लिए भइया हमारे..सेहरागीत-तुम पहनो नौशे साहब...जयमाल गीत-सिया कर सोहे जयमाल...भांवर गीत-बहना घूमों री भांवर साथ रे....आदि गीत गाए गए। शुभारंभ कर देवी गीत के बाद तिलक, मेंहदी, सुहाग, विवाह, जयमाल, भांवर, ज्योनार, गारी, नकटा इत्यादि गीत गाए व उसकी प्रस्तुतिकरण भी हुई। ऑनलाईन कार्य शाला में गुड्गांव से भारती श्रीवास्तव, चंडीगढ से शशि वर्मा, हैदराबाद से आशा श्रीवास्तव, सतना से आशा तिवारी रचना, शिखा श्रीवास्तव, सुमन शर्मा, कानपुर से कल्पना सक्सेना, आदि लोक न आ सके परन्तुआनलाइन कार्यक्रम में आनंद लिए। ,अर्पणा सिंह, सुषमा प्रकाश, कविता सिंह, अनिता, शशि सिंह, रचना रश्मि उपाध्याय, संगीता, नीलम, सुनीता, आभा मिश्रा, सहित लगभग 30 महिलाएं कार्यक्रम में उपस्थित रही ।ढोलक पर टीटू व की बोर्ड पर राजेंद्र ने साथ दिए। सभी जनता ने कार्यक्रम की खूब सराहना की और विवाह संस्कार के गीत का आनंद उठाया व ऐसे कार्यक्रम और होने चाहिए जिससे हमारी परम्परागत संगीत और समृद्ध हो और नए युवावर्ग तक पहुंच सके।

## न्यू पब्लिक स्कूल एंड कॉलेजेज में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन सफलता पूर्वक संपन्न

जन एक्सप्रेस । लखनऊ



लखनऊ न्यू पब्लिक स्कूल एंड कॉलेजेज साउथ सिटी रायबरेली रोड लखनऊ में रविवार को वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता दिवस का आयोजन किया गया। विद्यालय में प्री प्राईमरी से इण्टर तक के बच्चों द्वारा योगा, व्यायाम की उत्साह वर्धक कलाओं का प्रदर्शन किया गया गया। जूनियर के साथ सीनियर छात्र छात्राओं की दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विद्यालय में बालिकाओं की व बालकों की कबड्डी प्रतियोगिता हुई। विद्यालय के सीनियर छात्रों द्वारा वालीबाल प्रतियोगिता सम्पन्न हुई। विद्यालय के प्रबंधक गोपाल जी मिश्रा द्वारा विद्यालय के मेधावी छात्र-छात्राओं को तथा सफल प्रतिभागियों को पदक देकर सम्मानित किया गया, साथ ही मेधावी सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले छात्र छात्राओं को साइकिलें दी गई। कार्यक्रम में एल डी ए कालोनी कानपुर रोड लखनऊ के प्रधानाचार्य आशाराम शुक्ला व साउथ सिटी रायबरेली रोड लखनऊ की प्रधानाचार्या दुर्गा बाजपेई, मोहनलालगंज शाखा की प्रधानाचार्या शशी प्रभा व मीनू धवन, एल डी ए कालोनी कानपुर रोड शाखा विद्यालय की कोडिनेटर जसविंदर तिवारी सहित न्यू पब्लिक इंटर कालेज परिवार के समस्त शिक्षक,शिक्षिकाओं के सैकड़ों अभिवाको की उपस्थिति रही।

## शिक्षा का ऐसा स्वरूप होना चाहिए, जो मानव मात्र का हित एवं संरक्षण करती हो: इं. भीमराज

जन एक्सप्रेस । लखनऊ



भारतीय लोकतान्त्रिक समाज महासंघ के तत्वावधान में भारत का संविधान दिवस समारोह का आयोजन रविवार को सहकारिता भवन डा. भीमराव अंबेडकर मार्ग लखनऊ में आयोजित हुआ। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में इं. भीमराज, अधीक्षण अभियन्ता (से नि), उ.प्र. जल निगम ने अपने उद्बोधन में कहा कि, भारत में कुछ राजनैतिक दलों में लोकतंत्र नहीं है उन सभी राजनैतिक दलों में जिनमें लोकतंत्र नहीं है, उन्हें अपने राजनैतिक दलों में लोकतंत्र लागू किया जाना चाहिए। डा. अंबेडकर की मान्यता थी, कि भारत में लोकतंत्र पूर्ण रूप सभी संस्थाओं एवं दलों में होना चाहिए। शिक्षा के संबंध में डा. अम्बेडकर ने कहा कि शिक्षा ही एकता, बन्धुता और देश प्रेम की विवेक को जन्म देती है। सभ्यता और संस्कृति का भवन शिक्षा के स्तंभ पर ही बनता है और शिक्षा ही मनुष्य को मनुष्यत्व प्रदान करती है। शिक्षा संगठन की पहली सीढ़ी है और समाज के अहितकारी तत्वों से संगठित होकर ही लड़ा जा सकता है। उन्होंने देखा कि शिक्षा की रोशनी से वंचित करोड़ों वंचितों का मन मस्तिष्क अज्ञान के अंधकार से पुता हुआ है, तो उन्होंने वंचितों को ÷शिक्षित बनो÷ का नारा दिया। बाबा साहब स्वयं शिक्षा के साकार, सजीव और सशक्त हस्ताक्षर थे। वे उपदेशक नहीं, अन्वेषक थे। वे उपकारक, सुधारक, विज्ञान दृष्टि रखने वाले भविष्यदृष्टा और सामाजिक परतंत्रता के विरुद्ध संघर्ष करने वाले महान योद्धा थे। बाबा साहब की मान्यता थी कि आज जो सामाजिक कलह और क्लेश है, उसका कारण शिक्षा में समानता का अभाव है। यदि शिक्षा सबके के लिए समान होती तो, आज यह क्लेश समाज में दिखाई ही नहीं पड़ता। पाखंड को धर्म अशिक्षा के कारण ही मान लिया जाता है और वर्ण व्यवस्था तथा जातिभेद, ईश्वरकृत अशिक्षा के कारण ही मान लिया गया है। अशिक्षा के कारण ही वंचितों ने नर्क जैसी जिंदगी व्यतीत किया। बाबा साहब ने ÷शिक्षित बनो÷ का जो सूत्र दिया, उसमें मानवीय मूल्यों की स्थापना का शक्ति स्रोत निहित है। उन्होंने कहा कि स्वार्थ ईर्ष्या, द्वेष, शोषण, उत्पीड़न, भय, आतंक जैसे दलितों को निकल जाने वाले अजगर का विनाश शिक्षा से ही किया जा सकता है। शिक्षा मनुष्य के जीवन को अपूर्णता से पूर्णता की ओर ले जाती है। शिक्षा में अमृत्व है, इसीलिए बचपन से वृद्धावस्था तक वे इसे प्राप्त करते रहते हैं। और इसे स्वयं अपने ऊपर चरितार्थ किया। बाबा साहब ने कहा विद्या में बल होता है और विद्याहीन बलहीन होता है। निर्बलों का संगठन भी निर्बल होता है। निर्बल संगठन कभी संघर्ष नहीं कर सकता है। अतः शिक्षित बनो। बिना संघर्ष के मानवीय अधिकार नहीं मिलेंगे। इसीलिए अधिकारों के लिए संघर्ष करो, संघर्ष के लिए संगठन बनाओ, और सबल संगठन के लिए शिक्षित बनो। बाबा साहब ने जब वंचितों को शिक्षित बनों का सूत्र दिया, तो आग्रह भी किया कि शिक्षक योग्य होना चाहिए। वह जाति का नहीं विद्या का पंडित होना चाहिए। हर क्षेत्र का विद्वान अलग होता, इसलिए शिक्षक एक नहीं अनेक होने चाहिए। बाबा साहब ने भगवान बुद्ध का धम्म ग्रहण करके पूरी दुनिया को संदेश दिया कि, भगवान बुद्ध से बड़ा दुनिया में कोई महामानवतावादी नहीं है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एस. आर. दारापुरी एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता एडवोकेट राव साहेब मोहन ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से बौद्धमती विमला देवी, राम चन्दर पटेल, इं. एस. एन. सिंह, प्रोफेसर रविकांत आदि गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## चौ.चरण सिंह संदेश यात्रा 23 को किसान घाट पर समाप्त होगी: रालोद

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

राष्ट्रीय लोकदल द्वारा चौधरी चरण सिंह संदेश यात्रा का आयोजन किया गया यह यात्रा पश्चिम उत्तर प्रदेश के जनपदों से होते हुए 23 दिसंबर को चौधरी चरण सिंह की समाधि किसान घाट दिल्ली पर सम्पन्न होगी।यात्रा का शुभारंभ रालोद के राष्ट्रीय महा सचिव त्रिलोक त्यागी ने झण्डा दिखाकर किया एवं नेतृत्व खेल प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी नीर पाल कर रहे हैं।इस अवसर पर राष्ट्रीय महा सचिव त्रिलोक त्यागी ने कहा कि इस यात्रा से युवाओं में चौधरी चरण सिंह के द्वारा किसान, मज़दूर ,कमेरों एवं अल्पसंख्यकों के लिए किए गये कार्यों का प्रचार प्रसार किया जाएगा युवा एवं खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित किया जाएगा यह यात्रा युवाओं एवं खिलाड़ियों को पार्टी से जोड़ने में सहायक होगी।रालोद के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने युवाओं की भावनाओं को समझते हुए अपने सांसदनिधि खेल प्रोत्साहन में लगाने का निर्णय लिया है।त्रिलोक त्यागी ने कहा कि भाजपा राम के नाम का सहारा लेकर जनता को गुमराह कर रही है।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत विधायक ने दो ग्राम पंचायतों में की जन चौपाल

जन एक्सप्रेस । लखनऊ



लखनऊ ज़िले के बीकेटी विधानसभा विधायक योगेश शुक्ला ने बीकेटी ब्लॉक में पड़ने वाली दो ग्राम पंचायतों में जन चौपाल कर जनता व किसानों की समस्याओं को सुनकर सरकार की योजनाओं के बारे में जागरूक किया। बता दे कि क्षेत्रीय विधायक योगेश शुक्ला ने विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत ग्राम पंचायत पालपुर व ग्राम पंचायत बीबीपुर में जन चौपाल कर ग्रामीण जनता व किसानों को किसान सम्मन निधि के प्रमाण पत्र वितरित किए और प्रधानमंत्री किसान सम्मान से लाभान्वित किसान को प्रमाणपत्र देकर सम्मानित भी किया। विधायक योगेश शुक्ला ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन प्रतिदिन किसी न किसी ग्राम पंचायत में किया जा रहा हैं और जनता व किसानों से सीधा संवाद कर सरकार की योजनाओं की जानकारी दी जा रही है, किसानो को किसान सम्मान निधि के प्रमाणपत्र वितरित कर क्षेत्रवासियों को केंद्र सरकार और प्रदेश सरकार की योजनाओं की जानकारी का विस्तार पूर्वक वर्णन कर जागरूक किया गया। इस यात्रा में विधायक के साथ पूर्व जिला उपाध्यक्ष के के अवस्थी, इटौंजा चेयरमैन अवधेश अवस्थी कमल, मंडल अध्यक्ष राजू कश्यप, प्रधान सुरेन्द्र कुमार, पूर्व प्रधान दिनेश लोधी, अन्य भाजपा कार्यकर्ता व ग्रामीण मौजूद रहें।

## शवदाह गृह के निर्माण में ठेकेदार ने किया भ्रष्टाचार, निर्माण में घटिया सामग्री का किया प्रयोग

- संपूर्ण समाधान दिवस में लिखित शिकायत के बाद भी घटिया निर्माण सामग्री का प्रयोग जारी

जन एक्सप्रेस । पीयूष द्विवेदी






**लखनऊ।** लखनऊ जिले के बीकेटी नगर पंचायत के वार्ड नंबर पांच में स्थित रामपुर देवरई गांव में एचएएल द्वारा अंत्येष्टि स्थल बनाया जा रहा है। यहाँ पर ठेकेदार द्वारा अंत्येष्टि स्थल के धन का ही बंदरबाट कर लिया गया है। बतातें हैं कि जेई और ठेकेदार ने मिलकर अंत्येष्टिस्थल के निर्माण गड़बड़झाला करके नियमों का 'अंतिम संस्कार' कर दिया। अंत्येष्टि स्थल के निर्माण में दोयम दर्जे की घटिया निर्माण सामग्री का प्रयोग किया जा रहा है। आपकों बता दें कि एचएएल की मंशा थी कि ग्रामीण क्षेत्र में खेत, खलिहान में जलाए जाने वाले शवों से फैलने वाले प्रदूषण को रोकने और लोगों को शवदाह के लिए बेहतर व्यवस्था देने को अंत्येष्टि स्थल का निर्माण कराया जाए लेकिन रामपुर देवरई गांव में अत्याधुनिक अंत्येष्टि स्थल निर्माण के लिए एचएएल ने धनराशि भेजना शुरु किया। लेकिन एचएएल ने जो मानक निधारित किए तो उन पर अंत्येष्टि स्थल खरा नही उतर रहा है। अंत्येष्टि स्थल निर्माण में जमकर अनियमितता की गई है। कुल मिलाकर धन का बंदरबाट ठेकेदार और जेई ने कर लिया है। जिम्मेदार अधिकारियों ने मानिटरिंग भी नहीं की है। वहीं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा किसी भी कार्य में लापरवाही न बरतने का निर्देश है। वही नगर पंचायत बीकेटी के वार्ड नंबर पांच के अंर्तगत रामपुर देवरई में हिन्दुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड द्वारा लाखों की लागत से बनाये जा रहे अंत्येष्टि स्थल निर्माण में ठेकेदार द्वारा घटिया किस्म की निर्माण सामग्री का खुलेआम प्रयोग किया जा रहा है। जिसकी लिखित शिकायत बीते शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस में वार्ड के सभासद दिनेश रावत ने की थी। वहीं सभासद की लिखित शिकायत पर कार्रवाई न होने के बाद रामपुर देवरई गांव के जागरूक नागरिक इंद्रबहादुर सिंह ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत की थी। लेकिन ठेकेदार के रसूख के आगे सभी शिकायतें बेमानी साबित हो गई,और संबंधित जांच अधिकारियों द्वारा अधिक धन कमाने की चाहत में शिकायतों को जांच के बहाने लंबित कर दिया गया। ठेकेदार को अंत्येष्टि स्थल के निर्माण में घटिया सामग्री का प्रयोग कर निर्माण करने की हरी झंडी दे दी गयी है। शिकायतों के बाद भी अब भी लगातार विद्युत शव दाह गृह एवं अंत्येष्टि स्थल का घटिया निर्माण जारी है।

## जन एक्सप्रेस



## सम्पादकीय

# छोटा प्रयास–बड़ा बदलाव

**स्वीडन के गोथनबर्ग विश्वविद्यालय में वायुमंडलीय वैज्ञानिक और एसोसिएट प्रोफेसर (डॉ.) पाठक जल संकट की आहट को भांप चुके हैं। अब वह दुनिया के पहले जल विश्वविद्यालय की स्थापना के लिए प्रयासरत हैं। वह कहते हैं कि यह विश्वविद्यालय जल अध्ययन में क्रांतिकारी परिवर्तन लाने और वैश्विक स्तर पर उभरती जल–संबंधी चुनौतियों का समाधान करने का सशक्त माध्यम होगा। साथ ही विश्वविद्यालय पर्यावरण, सामाजिक, आध्यात्मिक और सांस्कृतिक बिंदुओं पर आधारित पाठ्यक्रम उपलब्ध कराएगा। जल संरक्षण के लिए आमजन को जागरूक करेगा।**

*कभी-कभी छोटे प्रयास समाज और जीवन में बड़े बदलाव की कहानी गढ़ देते हैं। इन कहानियों में छुपी होती हैं, इनसान की जिजीविषा। और इसमें यदि भगीरथ संकल्प शामिल हो तो यह बदलाव देशकाल की सीमाओं को लांघकर वैश्विक कल्याण का माध्यम बन जाता है। इस परिवर्तन के अमृतकाल में औद्योगीकरण और शहरी जीवनशैली के कारण गहराते वैश्विक जल संकट के बीच उल्लेखनीय कहानी उत्तर प्रदेश के बुंदेलखंड जैसे शुष्क क्षेत्र से उभर कर सामने आई है। आईआईटी मुंबई और अमेरिका के पिट्सबर्ग में कार्नेगी मेलन विश्वविद्यालय के स्नातक डॉ. रविकांत पाठक जलवायु परिवर्तन के कारण अपने गांव छेड़ा बसायक (हमीरपुर) में आसन्न स्थिरता संकट का सामना करने के लिए जड़ों की ओर लौटे हैं। वर्ष 2007 से इस दिशा में सक्रिय डॉ. पाठक ने 1000 एकड़ बंजर भूमि को समृद्ध खाद्य वन में बदल दिया है। आवर्तनशील (जैविक) खेती और गौशाला के माध्यम से स्थानीय किसानों के लिए पारिस्थितिक रूप से संचालित अर्थव्यवस्था की शुरुआत की है। स्वीडन के गोथनबर्ग विश्वविद्यालय में वायुमंडलीय वैज्ञानिक और एसोसिएट प्रोफेसर (डॉ.) पाठक जल संकट की आहट को भांप चुके हैं। अब वह दुनिया के पहले जल विश्वविद्यालय की स्थापना के लिए प्रयासरत हैं। वह कहते हैं कि यह विश्वविद्यालय जल अध्ययन में क्रांतिकारी परिवर्तन लाने और वैश्विक स्तर पर उभरती जल-संबंधी चुनौतियों का समाधान करने का सशक्त माध्यम होगा। साथ ही विश्वविद्यालय पर्यावरण, सामाजिक, आध्यात्मिक और सांस्कृतिक बिंदुओं पर आधारित पाठ्यक्रम उपलब्ध कराएगा। जल संरक्षण के लिए आमजन को जागरूक करेगा। डॉ. पाठक का कहना है कि वह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सरकार की हर घर नल से जल योजना से बेहद प्रभावित हैं। इससे प्रेरित होकर वह देश के हर गांव में पानी की पाठशाला की स्थापना करने की योजना पर काम कर रहे हैं। विश्वविद्यालय का लक्ष्य पुरखों की जल संरक्षण की विधियों को लागू करने के लिए सरकारी निकायों, गैरसरकारी संगठनों और कॉर्पोरेट्स के साथ सहयोग करना है। जल विश्वविद्यालय का सपना कृषि क्षेत्र को सशक्त करना है। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय के प्रतिष्ठित सलाहकार निकाय का एक संघ बनाया गया है। इसमें प्रतिष्ठित वैश्विक वैज्ञानिक, नवप्रवर्तक, विचारक, शोधकर्ता, प्रशासक और प्रबंधक शामिल हैं। इस प्रतिष्ठित समूह की इसमें महत्वपूर्ण भूमिका निभाने की कल्पना की गई है। यह समूह वैज्ञानिक अनुसंधान का संचालन करने के साथ नवाचार को बढ़ावा देगा। डॉ. रविकांत पाठक इस समूह को न केवल सलाहकार के रूप में बल्कि जल अध्ययन के भविष्य को आकार देने में भागीदार के रूप में देखते हैं। उन्हें भरोसा है कि सलाहकार निकाय का प्रभाव न केवल बुंदेलखंड की स्थानीय स्थिरता को प्रभावित करेगा, बल्कि विश्वस्तर पर भी इसकी गूंज पैदा करेगा। अपने स्वप्न को आकार देने के लिए कुछ माह के लिए स्वीडन से तीन दिन पहले भारत लौटे डॉ. पाठक सिर्फ कृषि और उसकी उर्वरता की बात ही नहीं करते। उनकी प्राथमिकताओं में गौशाला, आहार, आरोग्य और बच्चों के आंतरिक विकास और उनमें राष्ट्रीय चरित्र और नेतृत्व गढ़ना है। उनका दृढ़ मत है कि अगर खेती रहेगी, तो वन रहेगा। भू-जल बचेगा। गायों की रक्षा होगी तो पौधे बचेंगे। हरियाली रहेगी। प्रदूषण खत्म होगा। बिना रसायन वाला अच्छा आहार ग्रहण करने से बच्चों का स्वास्थ्य अच्छा रहेगा तो उनका चारित्रिक और नैतिक विकास होगा, उनमें राष्ट्रप्रेम की भावना स्वमेव बढ़ेगी। वैज्ञानक डॉ. पाठक किसानों को जैविक खेती के लिए प्रेरित कर रहे हैं। वह कहते हैं कि यह समझदारी की खेती है। इसे संवर्धन मिलना चाहिए। बुंदेलखंड की धरती को अनुपजाऊ कतई नहीं माना जा सकता।*

## एक्सप्रेस आलेख

**अब तो डॉक्टर रोगियों को पैसा बनाने की मशीन समझने लगे हैं। उस दीन–हीन रोगी को पता ही नहीं होता कि जिन टेस्ट को करवाने के लिए उससे कहा जा रहा है, उसकी उनके इलाज में कितनी उपयोगिता है। चूंकि डॉक्टर साहब का आदेश है तो उसका पालन करना उस बेचारे रोगी की मजबूरी होती है। डॉ. कुसुम और डॉ. अमृता जैसे डॉक्टर अब विरले ही मिलते हैं। इन जैसे डॉक्टरों का समाज में सम्मान था। उन्हें भगवान समझा जाता था। अब तो बहुत कम रोगी मिलेंगे जिसे डॉक्टर ने बहुत से टेस्ट करवाने के लिए न कहा हो। ऐसे समय में भी रोगियों के बरक्स मुनाफे को तरजीह देनेवाले प्राइवेट संस्थानों, हॉस्पिटलों और डॉक्टरों की इसी सोच को चुनौती दी जा रही है।**



आर.के. सिन्हा

# कहां गए पुश्तैनी फैमिली डॉक्टर?

**डॉ राजीव सूद 40 सालों की सरकारी सेवा करने के बाद हाल ही में रिटायर हुए तो उनके सैकड़ों रोगी परेशान हैं। वे निस्वार्थ भाव से रोगियों का इलाज कर रहे थे। इनके जैसे डॉक्टर मुश्किल से मिलते हैं जो इस मुनाफाखोर व्यवस्था में भी गरीब और लाचार रोगियों के बारे में सोचते और जहां तक हो सके उनकी मदद करते हैं।**

अगर आपकी उम्र 45-50 साल से अधिक होगी तो आपको याद होगा कि पहले हर शहर की हर कॉलोनी में वे डॉक्टर प्रैक्टिस करते थे, जिन पर सैकड़ों परिवार भरोसा रखते थे। वे परिवार के किसी भी सदस्य के बीमार होने पर उसके पास तुरंत चले जाते थे। वे डॉक्टर रोगी का कायदे से इलाज करते थे क्योंकि, वे रोगी को पहले से ही अच्छी तरह से जानते थे। वे रोगी की सारी व्यथा सुनने के बाद सही दवाई बताते थे। क्योंकि उसे रोगी के परिवार के हरेक सदस्य के बारे में विस्तार से जानकारी हुआ करती थी। इन डॉक्टरों के तो रोगियों से पारिवारिक संबंध भी हुआ करते थे। उन्हें ही कहा जाता था फैमिली डॉक्टर। अब फैमिली डॉक्टरों की संस्था लुप्तप्राय सी हो गई है। उनकी जगह ले ली है क्लीनिकों, नर्सिंग होम्स और बड़े-बड़े अस्पतालों में बैठने वाले डॉक्टरों ने। इनका अपने किसी भी रोगी से कोई संबंध नहीं होता। ये फैमिली डॉक्टर्स से बिलकुल ही अलग होते हैं। फैमिली डॉक्टर को जब भी बुलाया जाता था तो वे अपने मेडिकल बैग लेकर मरीज के पास पहुंच जाते थे। रोगी को देखने के बाद रोगी के घर में चाय-नाश्ता करने के बाद ही जाते। डॉक्टर का रोगी के साथ आत्मीय लगाव होता था। लेकिन अब वह परंपरा पूरी तरह से खत्म हो गई है। बिहार के बेगूसराय में डॉ. अमृता सैकड़ों परिवारों की फैमिली डॉक्टर हुआ करती थीं। बीती दीवाली से पहले उनके निधन से उनके अनगिनत रोगी शोक में डूब गए। जानी-मानी गायनकोलॉजिस्ट डॉक्टर अमृता डेंगू संक्रमण का शिकार हो गयीं। प्रतिभाशाली डॉक्टर अमृता जी सहृदय और संवेदनशील चिकित्सक थीं। हरेक रोगी का पूरे मन से इलाज करती थी। डॉ. अमृता ग़रीब और दूरदराज से आये रोगियों को भी अपना समझकर इलाज करती थीं। उनके रोगी आज के दिन अपने को अनाथ महसूस कर रहे हैं। उनके लिए सांत्वना के कोई शब्द नहीं मिलते। नियति की क्रूरता का कोई उत्तर नहीं मिलता। वह सचमुच एक समर्पित फैमिली डॉक्टर थीं। श्रमिकों के शहर कानपुर के रहने वाले मित्र बताते हैं कि वहां कुछ साल पहले तक हर मोहल्ले में दो-तीन फैमिली डॉक्टर सक्रिय रहते थे। वे तेज बुखार, जोड़ों में भयंकर पीड़ा और शरीर के बाकी भागों में किसी तकलीफ की स्थिति में रोगियों का इलाज कर दिया करते थे। वे दवाएं लिखते और



अब तो रोगी डॉक्टरों के पास जाने के नाम से ही भयभीत रहते हैं। उन्हें पता होता है कि डॉक्टर साहब उन्हें एक बाद एक टेस्ट करवाने के लिए कहेंगे। यह अच्छी बात है कि कुछ डॉक्टरों ने रोगियों के अनाप–शनाप टेस्ट करवाने की बढ़ती मानसिकता पर विरोध भी जताया है।

रोगी उन्हें लेने के बाद ठीक होने लगता। इतना बोल देते कि अगर दवा काम नहीं करेंगी तभी जांच कराएंगे। पर आमतौर पर फैमिली डॉक्टर की दवा लेने के बाद मरीज का बुखार उतर जाता, उल्टियां नहीं होती और बदन दर्द में भी आराम मिल जाया करता था। राजधानी के करोल बाग में भी कुछ साल पहले तक डॉ. कुसुम जौली भल्ला नाम की एक मशहूर फैमिली डॉक्टर थीं। वह जनरल फिजिशियन के साथ स्त्री रोग विशेषज्ञ भी थीं। उनके पास वेस्ट दिल्ली के बहुत सारे लोग आते। डॉ. कुसुम अपने रोगियों से पारिवारिक संबंध बना लेती थीं। वह कथाकार भीष्म साहनी से लेकर न जाने कितने परिवारों की फैमिली डॉक्टर भी थीं। डॉ. कुसुम के रोगी उन्हें सुबह पार्क में ही घेर लेते थे। वहां पर रोगी और डॉक्टर के बीच संवाद चालू हो जाता और दवाई बता दी जाती। ये सिलसिला लगातार जारी ही रहता था। उनके क्लीनिक में ÷तमस÷ जैसी कालजयी रचना के लेखक भीष्म साहनी भी आते थे। भीष्म साहनी की मृत्यु के बाद डॉ. कुसुम बेमन से ही कभी-कभार पार्क जातीं। अब उनका वक्त अपने मेडिकल सेंटर में ही बीतता। सुबह से शाम तक रोगी आते-जाते रहते। उनमें महिलाएं ही अधिक होतीं। मौलाना आजाद मेडिकल कॉलेज से एमडी करने के बाद डॉ.कुसुम ने ÷अपना होप÷ नाम से क्लीनिक खोला था। उनका बांझ स्त्रियों के इलाज में महत्वपूर्ण शोध था। डॉ. कुसुम देश की उन पहली चिकित्सकों में थीं, जिन्होंने सैकड़ों निःसंतान दम्पत्तियों को कृत्रिम गर्भाधान विधि से संतान सुख दिया था। वह महिला बांझपन के लक्षण, कारण, इलाज, दवा, उपचार पर निरंतर अपने रिसर्च पेपर देश-विदेश में होने वाले सम्मेलनों में प्रस्तुत कर ही रही थीं कि असमय उनकी मौत से इसपर विराम लग गया। 2013 में उनकी अकाल मृत्यु के बाद उनके रोगी खुद को अनाथ सा महसूस करने लगे। कितने ही रोगी उनके चले जाने पर उन्हें याद कर बहुत रोए। अब तो रोगी डॉक्टरों के पास जाने के नाम से ही भयभीत रहते हैं। उन्हें पता होता है कि डॉक्टर साहब उन्हें एक बाद एक टेस्ट करवाने के लिए कहेंगे। यह अच्छी बात है कि कुछ डॉक्टरों ने रोगियों के अनाप-शनाप टेस्ट करवाने की बढ़ती मानसिकता पर विरोध भी जताया है। वे इन टेस्ट को बंद करने की जोरदार तरीके से वकालत कर रहे हैं। किसी डॉक्टर को कायदे से रोगी को कितने टेस्ट करवाने के लिए कहना चाहिए? इस सवाल का जवाब तो डॉक्टर ही दे सकते हैं, पर रोगियों को अनेकों गैरजरूरी टेस्ट करवाने के लिए कहना अब रोगियों और उनके संबंधियों के लिए जी का जंजाल बन चुका है। अब तो डॉक्टर रोगियों को पैसा बनाने की मशीन समझने लगे हैं। उस दीन-हीन रोगी को पता ही नहीं होता कि जिन टेस्ट को करवाने के लिए उससे कहा जा रहा है, उसकी उनके इलाज में कितनी उपयोगिता है। चूंकि डॉक्टर साहब का आदेश है तो उसका पालन करना उस बेचारे रोगी की मजबूरी होती है। डॉ. कुसुम और डॉ. अमृता जैसे डॉक्टर अब विरले ही मिलते हैं। इन जैसे डॉक्टरों का समाज में सम्मान था। उन्हें भगवान समझा जाता था। अब तो बहुत कम रोगी मिलेंगे जिसे डॉक्टर ने बहुत से टेस्ट करवाने के लिए न कहा हो। ऐसे समय में भी रोगियों के बरक्स मुनाफे को तरजीह देनेवाले प्राइवेट संस्थानों, हॉस्पिटलों और डॉक्टरों की इसी सोच को चुनौती दी जा रही है।

## एक्सप्रेस कविता

*इससे पहले कि हवाएं शब्द भंडार ले जाएं चलिए मधुर गीत लिख लेते हैं। इससे पहले कि हिम श्रृंखलाओं की बर्फ पिघल जाए, उससे कुछ ठंडी छुअन ले लेते हैं। इससे पहले कि लंबी वृक्ष श्रृंखलाएं ग्रीष्म में पत्तों को त्याग दें, कुछ बसंत ले लेते हैं। इससे पहले कि जीवन मधुर संगीत सुनाना बंद कर दे।*

*कुछ स्वर लहरी गुनगुना ले लेते हैं। इससे पहले कि जीवन कि सांध्य बेला मौसम पर छा जाए, अपने अंदर के बच्चे को जी लेते हैं। इससे पहले की कठोर धरातल और पथरीली हो जाए चलो थोड़ा खिलखिला लेते हैं। इससे पहले की प्रकृति सब कुछ ले जाए दोस्तों के संग गलबहिया डाले कुछ बतिया लेते हैं। इससे पहले कि हम इतिहास बन जाएं, शब्दों का संसार रच लेते हैं। इससे पहले की परिस्थितियां विलग हो जाएं।*

संजीव ठाकुर

## एक्सप्रेस ज्ञान

*धीरज रखने वाला आदमी आत्मविश्वास की नाव पर सवार होकर, मुसीबत की नदी को सफ़लता पूर्वक पार कर जाता है*




*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरुरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथिः | त्रयोदशी 07:10 तक |
| नक्षत्रः | विशाखा 12:04 तक |
| पक्षः | कृष्ण |
| वारः | सोमवार |
| योगः | सुकर्माण, 20:50 |
| सूर्योदयः | 07:07 |
| सूर्यास्तः | 17:20 |
| चंद्रमाः | वृश्चिक राशि में |
| राहुकालः | 16:03-17:20 |
| विक्रमी संवत्: | 2080 |
| शक सम्वतः | 1944 |
| मासः | मार्गशीर्ष |
| शुभ मुहूर्तः | 11:53-12:34 |

## जन एक्सप्रेस

### है मिला टकसाल !

*मिलने का क्रम जारी ।*
*हुए बरामद नोट ।।*
*लोकतंत्र पर बरसों से ।*
*हुआ काफी चोट ।।*
*भारी भरकम पैसा ।*
*ऐसे था बनाया ।।*
*धीरे-धीरे लेकिन ।*
*हो रहा सफाया ।।*
*जनसेवा की आड़ में ।*
*ढ़ेर सारा मौज ।।*
*कार्रवाई चल रही ।*
*है दरवाज़े फौज ।।*
*है मिला टकसाल ।*
*समय लगने वाला ।।*
*लेकिन इमानदारी की ।*
*रहे हैं जपते माला ।।*



- कृष्णेन्द्र राय

## एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# सर्दियों में नाभि पर लगाएं सरसों का तेल, मिलेंगे कई जबरदस्त फायदे



**आपने** सुना होगा कि नाभि पर तेल डालना बेहद फायदेमंद होता है। रोजाना नाभि पर तेल डालने से कई तरह की स्वास्थ्य समस्याओं से छुटकारा मिलता है। अगर आप नाभि पर तेल डालेंगे, तो इससे आपकी कई समस्याएं दूर हो सकती हैं। नाभि पर तेल लगाने से त्वचा, बालों और सेहत, सभी को लाभ मिलता है। सर्दियों के मौसम में खासकर नाभि पर तेल लगाना फायदेमंद होता है। आप सर्दी के मौसम में नाभि पर तेल लगा सकते हैं।

**शरीर को डिटॉक्स करता है:** सर्दियों में अगर आप फास्ट फूड या जंक फूड का सेवन ज्यादा करते हैं, तो इससे शरीर में विषाक्त पदार्थ जमा हो जाते हैं। ऐसे में शरीर को डिटॉक्स करने के लिए आप सर्दियों में नाभि पर सरसों का तेल डाल सकते हैं। अगर आप रात को सोते समय नाभि पर सरसों का तेल डालेंगे, तो इससे शरीर में जमा टॉक्सिंस आसानी से निकल जाते हैं।

**ड्राई स्किन से छुटकारा दिलाए:** सर्दियों में ड्राई स्किन की समस्या से परेशान होना पड़ता है। ऐसे में आपकी स्किन पर पपड़ी जमा होने लगती है। ड्राई स्किन से छुटकारा पाने के लिए आप सर्दियों में अपनी नाभि पर सरसों का तेल डाल सकते हैं। सरसों का तेल त्वचा को मॉइश्चराइज करता है और त्वचा को नमी प्रदान करता है।

**जोड़ों के दर्द से राहत दिलाए:** सर्दियों में जोड़ों के दर्द की समस्या बढ़ जाती है। ऐसे में अगर आपको भी जोड़ों और हड्डियों में दर्द रहता है, तो आप नाभि पर सरसों का तेल डाल सकते हैं। सरसों का तेल, जोड़ों के दर्द को कम करने में मदद करता है। अगर आप नियमित रूप से रात में नाभि पर सरसों का तेल लगाएंगे, तो इससे आपको दर्द में काफी आराम मिलेगा।

**मन शांत होता है:** अगर आपको अकसर तनाव या कोई समस्या रहती है, तो आप रात में सोते समय नाभि पर सरसों का तेल डाल सकते हैं। नाभि पर सरसों का तेल डालने से आपका मन शांत होगा। आपका तनाव और चिंता दूर होगी और आपकी दिक्कतें भी दूर होंगी।

**बालों के विकास में मदद करे:** नाभि पर सरसों का तेल डालने से आपके बालों की सेहत भी अच्छी होगी। नाभि पर सरसों का तेल डालने से बालों की ग्रोथ अच्छी होती है। बाल मुलायम और चमकदार बनते हैं। इतना ही नहीं, बाल हेल्दी भी बन रहते हैं।

## एक्सप्रेस विशेष



हृदयनारायण दीक्षित

# जो प्रतिपल विकसित होता है वही ब्रह्म, वही शब्द

**ऋषि की प्रार्थना है कि, हमारी जिव्हा का अग्रभाग मधुर हो। मध्य भाग मधुर हो। वाणी मधुर हो। हम तेजस्वी वाणी भी मधुरता के साथ बोलें। शब्द वस्तु या पदार्थ नहीं होते। वे अपना अर्थ ढोते हुए ध्वनि तरंगों से प्रकट होते हैं। अच्छा है कि शब्द पदार्थ नहीं होते वरना बड़ी कठिनाई होती।**

**शब्द की देह अक्षर है। अक्षर अविनाशी है। इसलिए शब्द भी अमर हैं लेकिन शब्द भी मनुष्य की तरह बूढ़े होते हैं। शब्द भाषा की काया होते हैं। शब्द जीवन का प्रवाह हैं। प्रेम शब्दों में प्रकट होता है। अस्तित्व का रस भी शब्दों के माध्यम से मिलता है। जीवन की मधुमयता भी शब्दों में प्रकट होती है। मधु आपूरित शब्द जीवन को मधुमय बनाते हैं। नीरस व अप्रिय शब्द जीवन को आहत करते हैं।**

**शब्द** आत्म अभिव्यक्ति के उपकरण होते हैं। वे मन की बात कहने के माध्यम हैं। प्रत्येक शब्द का गर्भ होता है। इस गर्भ में शब्द का अर्थ छिपा होता है। शब्द अपने स्थान के अनुसार भी अर्थ बदलते रहते हैं। शब्द मुस्कराते हैं। कभी-कभी वे संकोची भी जान पड़ते हैं और कभी-कभी अपने अर्थ के प्रभाव में सबको आच्छादित भी करते हैं। शब्दों की अपनी महिमा है। प्रकृति सृष्टि का अपना संसार है। प्रकृति की अभिव्यक्ति सांसारिक रूपों में होती है। समृद्ध भाषाओं में प्रकृति की प्रत्येक अभिव्यक्ति के लिए अलग अलग शब्द हैं। कहना कठिन है कि शब्द के भीतर सारा संसार समाया हुआ है या संसार के भीतर सारे शब्द समाए हुए हैं। शब्द संसार के सभी रूपों के प्रतिनिधि हैं। शब्द हंसते हुए दुख और विषाद को कम भी करते हैं। हर्ष और विषाद भी शब्दों के माध्यम से प्रकट होते हैं। शब्द ज्ञानकोष के आज्ञाकारी जान पड़ते हैं। दुनिया का सारा ज्ञान विज्ञान शब्दों में प्रकट हुआ है। इस तरह हमारे सामने दो संसार प्रकट होते हैं। एक संसार रूपों का और दूसरा संसार शब्दों का। कदाचित इसीलिए व्यास जी ने शब्द को ब्रह्म कहा। संस्कृत में ब्रह्म का अर्थ है सतत् विस्तरमानता। जो प्रतिपल विकसित हो रहा है सतत विस्तारशील है वही ब्रह्म है। वही शब्द है। भारतीय संस्कृति का प्रचार व प्रसार संस्कृत की प्रचुर भाषा सम्पदा में हुआ। शब्द सरस्वती तट पर स्तुतिरूपा था। शब्द मंत्र था। शब्द मुद मोद प्रमोद का वाहक बना। चतुर्दिक शब्द। सामने शब्द, पीछे शब्द, दांए शब्द, बांए शब्द। शब्द आकाश का गुण है। शब्द आकाश में था। मंत्र रूप में परम व्योम में था। संप्रति शब्द सामर्थ्य घटी है। चर्चित राजनेता भी शब्द और अपशब्द का भेद नहीं करते। कुछ शील अश्लील में भी फर्क नहीं करते। समाज का वातावरण बिगड़ता है। सुन्दर शब्दों की तुलना में असुंदर शब्द प्रभावी होते जाते हैं। बुरा शब्द अच्छे शब्द को धकियाता है। अच्छा शब्द रिरियाते हुए धक्का खाकर पीछे चला जाता है। इंग्लैंड के अर्थशास्त्री ग्रेशम ने कहा था कि, खोटे सिक्के अच्छे सिक्कों को चलन से बाहर कर देते हैं। अस्तित्व की तरह शब्द संसार भी लगातार विस्तीर्ण हो रहा है। पहले शब्दों की संख्या कम थी। धीरे-धीरे बढ़ती गई। अब विभिन्न भाषाओं में लाखों शब्द हैं। शब्द की जन्म तिथि का पता लगाना कठिन है। आदिम मनुष्य के पास भाषा नहीं थी और न ही समझ में आने वाली बोली। उस समय मनुष्य ने स्वयं को प्रकट करने की इच्छा की। अनुमान है कि संकेतों से मनुष्य ने अपने मित्रों के बीच अपना भाव प्रकट किया होगा। उंगली से संकेत करना, हाथों को हृदय पर रखना, मन की बात रखने के लिए कंधे उचकाना आधुनिक काल में बॉडी लैंग्वेज कहा जाता है। तो भी हाव भाव के माध्यम से पूरा अर्थ प्रकट करना कठिन था। तब मनुष्य का ध्यान प्रकृति के अंतर्संगीत की तरफ गया होगा। कुछ ध्वनिमूलक संकेतों से बात आगे बढ़ी होगी। चार्ल्स डारविन ने ऐसे तथ्यों की ओर संकेत किया है। ध्वनियों के संयोजन से संगीत का जन्म हुआ होगा और शब्दों के संयोजन से गीतों का जन्म। दुनिया के सारे गीत शब्दों से बनते हैं और संगीत ध्वनि संयोजन से। इसीलिए संगीत का अर्थ नहीं होता और गीत का अर्थ होता है। जहां-जहां अर्थ वहां-वहां शब्द। जहां-जहां शब्द वहां-वहां अर्थ। अथर्ववेद के एक सुन्दर मन्त्र में सरिताओं से कहा गया है, %हे सरिताओं आप नाद करते हुए बहती हैं इसलिए आप का नाम नदी पड़ा है।% पहले जल प्रवाह फिर जल प्रवाह की ध्वनि और उसका नाद फिर जल तरंग की अनुभूति और फिर नदी। मनुष्य की तरह नदियां भी प्रसन्न या उदास होती हैं। मनुष्य नदियों को प्रसन्न बहते हुए देखते हैं। शब्द भी प्रसन्न होते हैं। शब्द प्रसन्नता के इस प्रवाह से काव्य का जन्म होता है। यहां भी शब्द की महत्ता है। दुनिया का सारा ज्ञान विज्ञान और दर्शन शब्द के माध्यम से सार्वजानिक सम्पदा बना है। शब्द वस्तुतः वाणी के अंश होते हैं। वाणी वाक् है। शब्दों के अर्थपूर्ण संयोजन से वाक्य बनते हैं। वाक्य शक्ति हैं और वाणी उसका प्रकट रूप। कुछ शब्द स्वयं पूर्ण होते हैं। शब्द ब्रह्म हैं और उपनिषदों में ब्रह्म रस बताया गया है। रसो वै सह। कुछ शब्द नीरस भी होते हैं लेकिन अपने मूल स्वभाव से नीरस नहीं होते। उन्हें रसपूर्ण या नीरस बनाना शब्द प्रयोगकर्ता पर निर्भर है। सामान्यतः अर्थ और नाम ज्ञान के मौलिक आधार हैं। सभी रूप प्रकृति की अभिव्यक्ति हैं। उनका नामकरण मनुष्य का कौशल है। ऋग्वेद के ज्ञानसूक्त में कहा गया है कि, %पहले रूपों के नाम रखे गए। विद्वानों ने सार असार को अलग किया। सभी नाम शब्द हैं लेकिन सभी शब्द नाम नहीं हैं। शतपथ ब्राह्मण के रचनाकार ने वाणी को विराट कहा था।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में बोले नानपारा विधायक, योजनाओं को हर व्यक्ति तक पहुंचाना सरकार का लक्ष्य

✻ विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को बांटे प्रमाणपत्र

जन एक्सप्रेस । बहराइच



**शिवपुर।** शनिवार को देर शाम शिवपुर ब्लॉक के अम्बरपुर में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसके मुख्य अतिथि विधायक नानपारा रामनिवास वर्मा ने तीन गर्भवतियों की गोदभराई तथा एक बच्चे का अन्नप्राशन भी कराया। विधायक नानपारा राम निवास वर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि प्रधान मंत्री और मुख्यमंत्री ने केंद्र व प्रदेश सरकार चलाई जा रही विभिन्न जनकल्याण कारी योजनाओं को भारत देश के अंतिम व्यक्ति तक पहुचाने का संकल्प लिया है और आजादी के सौवें वर्ष तक देश को पूर्णतया विकसित करने की ये संकल्प यात्रा निरंतर जारी रहेगी। मुख्य अतिथि ने आयुष्मान कार्ड तथा प्रधानमंत्री आवास के लाभार्थियों को प्रमाणपत्र वितरित करने के साथ साथ तीन गर्भवती महिलाओं की गोदभराई एवं एक बच्चे का अन्नप्राशन भी करवाया।मुख्य अतिथि ने भारत देश को 2047 तक आत्मनिर्भर एवं विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प भी दिलवाया। इस कार्यक्रम को मुख्य विकास अधिकारी बहराइच राम्या आर ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए सरकार की उपलब्धियां गिनाई और कहा कि सरकार की ओर से हर गरीब को आवास, चिकित्सा सुविधा के लिए आयुष्मान कार्ड, निशुल्क राशन आदि की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। जिला सहकारी बैंक के पूर्व अध्यक्ष घनश्याम सिंह, खंड विकास अधिकारी शिवपुर हेमंत यादव ने भी अपने संबोधन में सरकार की उपलब्धियों को गिनाया। इस कार्यक्रम में प्रमुख प्रतिनिधि शिवपुर सुधीर यज्ञसेनी प्रधान संघ के अध्यक्ष कमला प्रसाद वर्मा, पूर्व प्रधान बृज मोहन वर्मा, श्याम सुंदर वर्मा,भाजपा के मंडल प्रभारी पवन तिवारी, अमन वर्मा, संदीप वर्मा सहित तमाम क्षेत्र के ग्रामीण उपस्थित रहे।

## मां पार्वती देवी इंटर कॉलेज बरदहा कलां में सांसद खेल स्पर्धा कार्यक्रम का आयोजन

# वॉलीबॉल में वरदहा टीम ने मारी बाजी



जन एक्सप्रेस । बहराइच

**शिवपुर।** शिवपुर विकासखंड क्षेत्र के बरदहा कला स्थित मां पार्वती देवी इंटर कालेज में सांसद खेल स्पर्धा खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि पदम सैन चौधरी तथा विशिष्ट अतिथि नानपारा विधायक रामनिवास वर्मा रहे। प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने अपना कौशल दिखाया। प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि पदम सेन चौधरी व नानपारा विधायक रामनिवास वर्मा ने दीप प्रज्वलित कर किया। विजेता खिलाड़ियों को अतिथियों ने मेडल व सील्ड देकर सम्मानित किया। मुख्य अतिथि ने प्रतियोगिता को संबोधित करते हुए कहा कि खेल शरीर को निरोग रखने का एक अच्छा उपाय है। खेल से हमारे अंदर टीम भावना जागृत होती है। प्रतियोगिता में खो-खो कबड्डी वॉलीबॉल 200 400 और 800 मी दौड़ का आयोजन किया गया। जिसमें 200 से अधिक प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता का संचालन राधेश्याम कनौजिया, रवि शंकर शुक्ला ने संयुक्त रूप से किया। पहले वॉली बॉल मैच में अलीनगर की टीम विजेता हुई लेकिन फाइनल मैच के विजेता बरदहा टीम रही। इस दौरान खंड विकास अधिकारी हेमंत यादव, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि सुधीर यज्ञ सैनी, पूर्व जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष घनश्याम सिंह,मंडल अध्यक्ष अरुण लोधी, प्रधानाध्यापक अनुपम शर्मा, प्रधान संघ शिवपुर अध्यक्ष कमला प्रसाद वर्मा,अमन वर्मा, सहित अन्य मौजूद रहे।

# जिला स्तरीय योगा स्पोर्ट्स चैंपियनशिप 2023 का आयोजन




जन एक्सप्रेस । बहराइच

✻ विभिन्न विद्यालयों के 400 प्रतिभागी छात्र-छात्राओं ने किया प्रतिभाग

जिले के प्रतिष्ठित संस्थान टेक सत्यम एजुकेशनल एंड सोशल वेलफेयर सोसायटी, बहराइच एवं टेक सत्यम योगा इंस्टिट्यूट के सहयोग से किसान पी.जी. कॉलेज बहराइच में शनिवार को जिला स्तरीय योगा स्पोर्ट्स चैम्पियनशिप 2023 का बहुत ही शानदार आयोजन किया गया। इस आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में नगर पालिका परिषद बहराइच की अध्यक्षा सुधा देवी एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में किसान डिग्री कालेज के सचिव मेजर (डॉ) एस. पी. सिंह, बहराइच भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष श्याम करन टेकड़ीवाल एवं योगकुलम, लखनऊ के उप निदेशक मनीष प्रताप सिंह उपस्थित रहे। इसके अलावा किसान पीजी कॉलेज के प्राचार्य एवं संस्था डॉ विनय सक्सेना, कार्यक्रम संयोजक डॉ ओ.पी. सोनी, भाजपा जिला कार्य समिति सदस्य प्रशांत मिश्रा, भाजपा महिला मोर्चा की जिला महामंत्री उर्मिला शुक्ला ,बहराइच के प्रसिद्ध उद्योगपति एवं रिटायर्ड आर्मी ऑफिसर रामेंद्र प्रताप सिंह, गायत्री परिवार, बहराइच के प्रमुख मनीराम वर्मा, दंत चिकित्सक व सामाजिक कार्यकर्ता डॉ गर्वित मल्होत्रा, गायत्री विद्यापीठ डिग्री कॉलेज रसिया के प्रबंधक डॉ मुरारी लाल श्रीवास्तव तथा कई अन्य गणमान्य व्यक्ति इस कार्यक्रम की शोभा रहे। इस प्रतियोगिता में किसान पीजी कालेज, महिला पीजी कालेज, पुलिस मॉर्डन स्कूल, बाल शिक्षा निकेतन, सेठ एम आर जयपुरिया स्कूल, गायत्री बाल संस्कारशाला, संत पथिक आशीर्वाद एकेडमी, संत पथिक संस्कार एकेडमी, बैरोज़ ब्लू बेल्स स्कूल, मून एंड सन पब्लिक स्कूल, विहान आवासीय बालिका विद्यालय आदि विद्यालयों के लगभग 400 छात्र एवं छात्राओं ने प्रतिभाग किया। इस अवसर पर निर्णायक मंडल में योग विशेषज्ञ दीप नारायण पाल और डॉ तौसीफ अहमद ने अति उत्तम ढंग से निर्णायक की भूमिका निभाई। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथिओं के द्वारा सरस्वती मां के चित्र पर माल्यार्पण कर एवं दीप प्रज्वलित करके किया गया। संस्था की ओर से आए हुए सभी अतिथियों का स्वागत स्मृति चिन्ह भेंट कर किया गया। संस्था की ओर से अध्यक्ष डॉ सत्यम सिंह, उपाध्यक्ष जगदीश केशरी, सचिव आकांक्षा सिंह, उप सचिव शिवम सिंह व सदस्यों में चेतन सिंह राणा, सृष्टि पांडेय, शालिनी अग्रहरि एवं कार्यक्रमाधिकारी डॉ.दिनेश कुमार शुक्ल आदि ने आयोजन को सफल बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सभी अतिथियों ने योगा स्पोर्ट्स चैम्पियनशिप को आयोजित करने के लिए संस्थान के सभी पदाधिकारियों और सदस्यों को हार्दिक शुभकामनाएं और सर्वोत्तम बधाईयां दी।

## चरस के साथ एक नेपाली युवक गिरफ्तार




जन एक्सप्रेस । बहराइच

नेपाल से तस्करी कर भारत ला रहे चरस के साथ एसएसबी जवानों ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। जिसे पुलिस के हवाले कर दिया गया। 42वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल द्वारा अनिल कुमार यादव उप कमांडेंट के निर्देशन में सीमा चौकी रूपैडिहा की नेपाल से भारत बीआईटी चैकपोस्ट पर एक नेपाली युवक को संदेह के आधार पर टीम द्वारा रोका गया। रोकने के पश्चात उसकी चैकिंग की गई। जिसके दौरान उसके पास से एक किलोग्राम चरस बरामद हुआ है। पूछताछ में उसने अपना नाम गोविंदा चलौने, पुत्र-स्वर्गीय दर्दे चलौने 25 वर्ष धुमना ग्राम पालिका बारेकोट, थाना-जाजरकोट, जिला-जाजरकोट, नेपाल बताया। टीम के गहन पूछताछ करने पर अभियुक्त ने बताया कि यह चरस उसे एक अनजान व्यक्ति ने नेपालगंज में गोरे होटल के पास दिया था और उसे सीमा पार कर भारत में रूपईडीहा बस स्टैंड पर उसी को देने के लिए कहा था। इसके लिए उसने मुझे 10000/- देने का वादा किया था। बॉर्डर इंटरेक्शन टीम के द्वारा अभियुक्त के पास से एक किलोग्राम चरस बरामद किया गया। बरामद चरस तथा अभियुक्त को गिरफ्तार करने के बाद अग्रिम कार्यवाही के लिए थाना रूपईडीहा को सुपुर्द किया गया। 42वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल के कार्यवाहक कमांडेंट पार्थ सारथी राय ने बताया कि जवानों को निर्देश दिया गया है कि अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूरी ईमानदारी से करें। भारत नेपाल सीमा पर अवैध नशीले पदार्थो की तस्करी की रोकथाम, बिक्री, निष्कर्षण पर पूर्ण रूप से लगाम लगाये। जिनके द्वारा 24 घंटे सीमा पर चौकसी बरती जा रही हैं तथा सीमावर्ती जनता से अपील की गई की सशस्त्र सीमा बल के द्वारा प्रदान की गई टोल फ्री नंबर 1903 पर भारत नेपाल सीमा पर किसी अवैध कार्यवाही अथवा राष्ट्र विरोधी गतिविधि।

# गांव व परिवार में मानवाधिकार का सर्वाधिक हनन

✻ विश्व मानवाधिकार दिवस पर पंचशील डेवलपमेंट ट्रस्ट ने कराई गोष्ठी

जन एक्सप्रेस । बहराइच




विश्व मानवाधिकार दिवस के अवसर पर नदी विस्थापित परिवारों के साथ चर्चा में यह तथ्य सामने आया कि परिवार स्तर पर मानवाधिकार का सर्वाधिक हनन लड़का लड़की में विकास के अवसरों की कमी कर किया जाता है। इसी प्रकार परिवार स्तर पर बुजुर्ग महिला व पुरुष सदस्यों के सम्मान व जीवन जीने की मूलभूत सुविधाओं को नजरंदाज होता है जिसे हम लोग संज्ञान में नहीं लेते और उसे महसूस भी नहीं करते जबकि हर व्यक्ति को सम्मान पूर्वक जीवन जीने का अधिकार है। यह बात पंचशील डेवलपमेंट ट्रस्ट के निदेशक ध्रुव कुमार ने कही। उन्होंने कहा कि घाघरा नदी स्थापित परिवारों में रोजी-रोटी का आधार समाप्त हो जाने के बाद एक बेहतर आजीविका विकल्प के साथ परिवार में बच्चों के गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के आधार को मजबूत करना हमारा मुख्य पहल है जिससे महिलाओं , पुरुषों और बच्चों में एक सम्मान व गरिमा का वातावरण तैयार हो सके और एक समझदार व्यक्तित्व वाले मानव संसाधन तैयार हों। अपने घर व समाज के बच्चों महिलाओं और बुजुर्गों के अधिकार को सुनिश्चित कराने की जिम्मेदारी घर के मुख्य सदस्य व गांव के मुखिया प्रथम उत्तरदायी होते है। जोगापुरवा के लक्ष्मण ने बच्चों की समझदारी विकसित करने के लिए बच्चों के साथ हर 15 दिन पर प्रेरणादायी चर्चा आयोजित करने की आवश्यकता बताई। रविवार को मानव अधिकार दिवस के अवसर पर जोगापुरवा बौंडी में आयोजित इस कार्यक्रम में 50 से अधिक नेतृत्वकर्ता महिलाओं व पुरुषों ने भाग लिया जो भविष्य में एक नई आदर्श व्यवस्था स्थापित करने में अहम भूमिका निभाने के लिए सतर्क होंगे जिससे परिवार व गांव स्तर पर मानवाधिकार हनन की घटनाएं न हों। इस कार्यक्रम के आयोजन में पंचशील डेवलपमेंट ट्रस्ट के कार्यदल सदस्यों के साथ गांव के लोगों का सहयोग सराहनीय रहा।



# अनिकेत बने आयकर निरीक्षक

**बहराइच।** सहकारी गन्ना समिति जरवलरोड के फखरपुर क्षेत्र में तैनात गन्ना विभाग के सुपरवाइजर अनिकेत कुमार का चयन आय कर निरीक्षक के पद पर हुआ है। उनके चैन से क्षेत्र के लोगों में हर्ष है। जिले के तमाम गन्ना किसानों ने रमेश को मिठाई खिलाकर उनके पुत्र को उच्च पद पर आसीन होने की बहुत बहुत बधाई दी। इस मौके पर विजय पाण्डेय, अनिल श्रीवास्तव, शक्ति सिंह, के के त्रिपाठी, संजय पांडे, प्रदीप पांडेय सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# चोरों ने घर का ताला काट कर लाखों का जेवरात किया चोरी

✻ 11 माह में नौ बार चोरों ने की वारदात दहशत में हैं परिवरीजन

जन एक्सप्रेस । बहराइच

जिले के थाना फखरपुर का कोठवल कला गांव बीते 11 महीना से चोरों के निशाने पर है। 11 माह में अब तक नौ बार चोरी हो चुकी है पर पुलिस एक भी चोरी का खुलासा करने में नाकाम साबित हुई है । बीती रात भी यहां दो घरों से चोर छत के रास्ते घुसते हुए लाखों का सामान और जेवरात चोरी कर लिया। थाना फखरपुर के कोठवल कला गांव में शनिवार की रात चोरों ने छत के रास्ते घुसकर सूबेदार सिंह व वेद प्रकाश सिंह के घरों से फूल के बर्तन, चांदी के सिक्के, पायल, साड़ियां, कपड़े 5000 नगद चोरी कर ले गए । छत के रास्ते घुसते हुए चोरों ने घटना को अंजाम दिया । सुबह जब परिजन जगे तो उन्हें आंगन में सामान बिखरा मिला। गांव के बाहर खेत में भी बक्से पड़े मिले । घटना की सूचना ग्रामीणों ने 112 पुलिस को दिया। जिस पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की। ज्ञातव्य हो कि चोरी की शुरुआत गांव निवासी राहुल सिंह के यहां से हुई थी । उनके यहां से चोरों ने लगभग 15 लाख के जेवरात चोरी किया था। जिसका पुलिस ने पूरी तरीके से खुलासा न कर मात्र इतिश्री की थी। तभी से इस गांव में चोरी की शुरुआत हुई और अब तक लगातार चोर चोरी की घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं । पर पुलिस के ढुलमुल रवैये के चलते चोरों के हौसले बुलंद है। अब देखना यह है कि पुलिस चोरी की घटनाओं को लेकर एक्टिव होती है या पहले की तरह चुप्पी साधे रहती है।

## फास्ट फॉरवर्ड

### अनियन्त्रित कार पेड़ से टकराई, युवक की मौत

**जन एक्सप्रेस/सांडी/हरदोई।** सांडी-जगदीशपुर मार्ग पर एक कार में सामने से आ रही दूसरी कार ने टक्कर मार दी जिससे दोस्त की शादी में शामिल होने जा रहे एक कार सवार युवक की मौत हो गई। वहीं दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए ।जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार जनपद बरेली के फरीदपुर निवासी 25 वर्षीय अमित ,32 वर्षीय सुमित व 25 वर्षीय सुधांशु कार पर सवार होकर शाहजहांपुर से कानपुर अपने दोस्त की शादी में शामिल होने के लिए जा रहे थे ।जैसे ही यह लोग सांडी जगदीशपुर मार्ग पर सांडी थाना क्षेत्र के छीतें पुर गांव के पास पहुंचे उसी समय सामने से आ रही एक तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी। जिससे दूसरी कार अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे पेड़ से टकरा गई इस घटना में कार सवार अमित की मौके पर ही मौत हो गई ।वहीं दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए ।इस घटना में दोनो घायलों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया जहां से जिला अस्पताल रेफर किया गया ।घटना के बाद दूसरी कार लेकर चालक मौके से फरार हो गया ।मामले की जानकारी मृतक के परिजनों को दी गई ।इसके बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### जीनियस पब्लिक स्कूल में इंडिया वीक कार्यक्रम के तहत खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित

**जन एक्सप्रेस/हरपालपुर/हरदोई।** जीनियस पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल हरपालपुर में विद्यालय स्तर पर फिट इंडिया वीक कार्यक्रम के अंतर्गत खो-खो कबड्डी तथा वॉलीबॉल मैच कराए गए। सभी हाउस के मैच रोमांचक रहे, एक से एक बढ़कर प्रदर्शन करते हुए कबड्डी में शिवालिक हाउस ने अरावली पर जीत दर्ज कर स्थान बनाया, वॉलीबॉल के खेले गए मैच में शिवालिक हाउस को हराकर अरावली ने जीत दर्ज की, खो खो खेल में नीलगिरी हाउस ने जीतकर अपना स्थान बनाया कृष्ण अवस्थी, अंश सिंह तोमर, कोमल यादव, आर्यन सिंह, प्रतीक मिश्रा, रोहित यादव, फैजल खान, नूरुल हुसैन, विवेक सिंह बेहतर प्रदर्शन किया, स्पोर्ट टीचर पंकज अस्थान ने रेफरी की भूमिका निभाते हुए खेलों का कुशल संचालन कराया, शिक्षक शिक्षिकाओं में मुख्य रूप से जगरूप तिवारी, दुर्गा पांडे ,सौम्या सिंह, गौरव पांडे, शिवेंद्र विक्रम सिंह, उज्जवल सिंह,ऋतुराज सिंह उपस्थित रहे। प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया।

### ठगी का शिकार हुआ चीनी मिल का अधिकारी

**जन एक्सप्रेस/शाहाबाद/हरदोई।** साइबर ठगों ने चीनी मिल के एक अधिकारी को 10 लाख रुपए की चपत लगा दी। पीड़ित अधिकारी ने शाहाबाद कोतवाली में तहरीर दी है। बरेली जनपद के भूड़ गांव के मूल निवासी कपिल लोनी चीनी मिल में सीनियर मैनेजर के पद पर तैनात हैं। बकौल कपिल 1 दिसंबर को उनके मोबाइल के व्हाट्सएप पर एक मैसेज आया और टेलीग्राम चैनल को इस्तेमाल करने की राय दी गई। साइबर ठगों ने एक सुनियोजित षड्यंत्र के तहत एक लिंक सीनियर मैनेजर कपिल को भेज दिया। बस इस लिंक पर क्लिक करते ही सीनियर मैनेजर के अकाउंट से 10 लाख रुपए निकल गए। सीनियर मैनेजर ने तत्काल कोतवाली पुलिस को सूचना देकर रिपोर्ट अंकित कराई और साइबर सेल को भी इसकी जानकारी दी गई।

### अलग-अलग गांवो से 6 लोग कच्ची शराब सहित गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस/पाली/हरदोई।** पाली पुलिस ने रविवार को अभियान चलाकर क्षेत्र के अलग-अलग गांवो से छह लोगों को 60 लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने एक के पास से उपकरण भी बरामद किए है। इस दौरान करीब 200 लीटर लहन को भी पुलिस ने मौके पर नष्ट किया है। प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार राय ने बताया कि भरखनी से टिंकू तिवारी, देवनियापुर से प्रेमपाल, पचरैया से रामप्रकाश, हरन खुदा से सुमन्त, लोनार थाने के ऐजा निवासी रानू को 10-10 लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया। जबकि हरन खुदा निवासी शैकू के पास से 10 लीटर शराब भी मिले है।

# शिक्षा के प्रति समर्पित छात्र-छात्राएं पुरस्कृत

जन एक्सप्रेस । बहराइच



शनिवार को ब्लाक फखरपुर के ग्राम कुड़ासपारा जूनियर हाई स्कूल में समाजसेवी संतोष कुमार उपाध्याय के द्वारा बच्चों के उत्साहवर्धन हेतु ज्ञान प्रशिक्षण पुरस्कार प्रतियोगिता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सैकड़ों की संख्या में मेघावी छात्र एवं छात्राओं को कॉंपी पेन पुरस्कार के रूप में प्रदान किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कैसरगंज के प्रोफेसर शिवनाथ गौतम एवं तहसील अधिवक्ता योगेश मिश्रा तथा बद्री विशाल अवस्थी उपस्थित रहे।
जूनियर हाई स्कूल कुड़ासपारा के प्रधानाध्यापक मालती देवी विश्वकर्मा , मोहम्मद बिलाल अंसारी, प्राइमरी पाठसाला की प्रधानाध्यापक हाजरा मैडम तथा सहायक अध्यापक मोहम्मद रहीस के साथ साथ समस्त शिक्षक गणों ने समाजसेवी संतोष कुमार उपाध्याय के द्वारा किए गए महत्वपूर्ण कार्य की जमकर सराहना करते हुए धन्यवाद दिया। वक्ताओं में कहा कि शिक्षा देश के विकास की जननी है। अतः प्रत्येक क्षेत्र में बच्चों में शिक्षा के प्रति रुचि बढ़ाने एवं उत्साहवर्धन के लिए ऐसे समाजसेवी श्री उपाध्याय जैसे लोगों को आगे आना अति आवश्यक है। श्री उपाध्याय ने बताया कि बच्चे हमारे समाज, क्षेत्र व देश का भविष्य हैं। जितना हमारा देश शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ेगा उतना ही हमारा देश प्रगति करेगा।

# मानवाधिकार दिवस के मौके पर सोशल वर्कर्स को सम्मानित किया गया

जन एक्सप्रेस । हरदोई



मानवाधिकार सुरक्षा संगठन के तत्वाधान में नगर अध्यक्ष शोएब खान सभासद के आवास पर अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर जिला अध्यक्ष तौसीफ खां और युवा जिला अध्यक्ष अवनीश अवस्थी द्वारा पत्रकारों, मानवाधिकार के पदाधिकारियों, और समाज में बेहतरीन कार्य कर रहे सोशल वर्कस को फूल माला पहनाकर एवम ट्रॉफी,मेडल, और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर मंच की अध्यक्षता असद हुसैन खान द्वारा की गई। इस मौके पर मुख्य अतिथि रिटायर्ड प्रवक्ता सुधीर श्रीवास्तव द्वारा मानवाधिकारों पर प्रकाश डालते हुए बताया गया कि इंसान की पहचान उसके कर्मो से होती है, उसकी हैसियत से नहीं। यदि हम अपने पड़ोसी और रिश्तेदारों को उनका हक दे रहे हैं यही मानवाधिकार है। प्रिंसिपल आसिफ अली खां ने भी मानवाधिकार के महत्व को समझाया। अंबरीश सक्सेना ने भी इस मौके पर अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम को जिला अध्यक्ष तौसीफ खां, नगर अध्यक्ष शोएब खा आदि ने भी संबोधित किया गया। इस मौके पर पत्रकारिता जगत में उत्कृष्ट कार्य करने वाले पत्रकार अशरफ अली खां सहित कई पत्रकारों, शिक्षा के क्षेत्र में अपना अहम योगदान देने के लिए यूनुस खां, असद हुसैन खाँ तथा समाज सेवा के लिए मुईद खाँ सभासद, साजिद खान सभासद, मुईद खाँ सभासद, प्रदीप कुमार, तहसील महासचिव जुनैद खाँ, तहसील उपाध्यक्ष रीशु कश्यप, नगर उपाध्यक्ष सूरज सक्सेना, इस्माईल खाँ, तहसील उपाध्यक्ष फ़िरोज़ अहमद, हसनैन वारसी, इमरान अंसारी, नदीम खाँ आदि को प्रशस्ति पत्र व ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। संगठन से जुड़े नए पदाधिकारयों को उनका सर्टिफिकेट और आई डी कार्ड मुख्य अतिथि द्वारा सौंपा गया। इस मौके पर तहसील अध्यक्ष मोहम्द कलीम, साजिद खान, शाबान खान, शादाब खान आदि लोग मौजूद रहे।

## संकल्प यात्रा में उच्च शिक्षा मंत्री ने गिनाई सरकार की उपलब्धियां




जन एक्सप्रेस । हरदोई

विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत ग्राम पंचायत स्तरीय कार्यक्रम ग्राम पंचायत मिठनापुर में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि प्रदेश सरकार की उच्च शिक्षा राज्य मंत्री रजनी तिवारी ने भाग लेकर सरकार की उपलब्धियां गिनाई। कार्यक्रम में उपस्थित क्षेत्रीय जनसमुदाय के साथ केन्द्र व राज्य सरकार की विभिन्न जनहितकारी योजनाओं के विषय में संवाद किया। इस मौके पर उच्च शिक्षा राज्य मंत्री ने कहा केंद्र और प्रदेश सरकार जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से सभी वर्गों का निष्पक्ष रूप से विकास करने का कार्य कर रही हैं, बिना भेदभाव के सभी योजनाओं को संचालित किया जा रहा है। जबकि पिछली सरकारों में योजनाओं का पूरी तरह से बंटाधार हो गया था। उन्होंने कहा चाहे प्रधानमंत्री आवास योजना हो, उज्जवला योजना हो या फिर सरकार की अन्य योजनाएं हो, सभी योजनाओं को पात्रों तक पहुंचाने का कार्य सरकार ने किया। उन्होंने बताया जिन गरीबों के पास छत नहीं थी सरकार ने उन्हें पक्का मकान बनवा कर दिया। सरकार की यह महत्वाकांक्षी योजना लगातार चलाई जा रही है। उन्होंने बताया कोरोना कार्यकाल के दौरान शुरू की गई निशुल्क राशन योजना को सरकार ने एक बार फिर से बढ़ा दिया है। उन्होंने कहा सरकार सभी वर्ग के गरीबों, मजलूमों का विशेष ध्यान रख रही है। उच्च शिक्षा मंत्री ने बताया प्रदेश से माफिया राज पूरी तरह से समाप्त कर दिया गया है। बेखौफ होकर महिलाएं रात्रि के वक्त सड़कों पर निकल रही हैं। कार्यक्रम के दौरान उच्च शिक्षा मंत्री रजनी तिवारी ने कार्यक्रम में आए हुए लोगों से सीधे संवाद भी किया। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख त्रिपुरेश मिश्रा, जिला पंचायत सदस्य लालाराम राजपूत, जिलाध्यक्ष प्रधान संघ शरद सिंह, प्रधान सुमित सिंह, एसडीएम पूनम भास्कर, सीओ हेमंत उपाध्याय, प्रभारी चिकित्साधिकारी प्रवीण दीक्षित सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी मौजूद रहे।

# अस्पताल में अजब खेल कमीशन का, बाहर की दवा लिख रहे डॉक्टर

जन एक्सप्रेस। विजय प्रताप सिंह

**महोबा।** महोबा जिला अस्पताल में निशुल्क इलाज के दावे बेमानी नजर आ रहे है। जिला अस्पताल में कमीशन खोरी के चलते इलाज कराने आ रहे मरीजों को बाहर की दवा लिखकर आर्थिक शोषण किया जा रहा है। यही नहीं खुलेआम एमआर दवा कंपनियों की मार्केटिंग और सेलिंग करने का काम जिला अस्पताल में करते देखे जा रहे हैं तो वही आने वाले मरीजों को इंजेक्शन लगाने का काम वार्ड आया करती देखी गई जो जिला अस्पताल की लापरवाही को दर्शाने के लिए काफी है। ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले मरीजों के साथ हो रहे खिलवाड़ को लेकर जिम्मेदार अधिकारी भी जांच की बात कह कर अपना पल्ला झाड़ रहे हैं। प्रदेश सरकार की बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं देने के निर्देश का असर महोबा में होता नहीं दिखाई दे रहा।

हमेशा ही विवादों में रहने वाले महोबा जिला अस्पताल में सीएम योगी के निर्देशों की खुलकर अनदेखी की जा रही है। निशुल्क इलाज की उम्मीद लगाए ग्रामीण अंचलों और दूरदराज इलाकों से आने वाले मरीजों और उनके तीमारदारों के साथ खुलेआम आर्थिक शोषण हो रहा है। अस्पताल में दवाएं मौजूद होने के बावजूद भी तैनात डॉक्टर बाहर मेडिकल की दवा लिख रहे हैं जिसे लेने के




लिए इन मरीजों और तीमारदारों को मजबूर होना पड़ रहा है। जिला अस्पताल के जिम्मेदारों की लापरवाही का ही नतीजा है कि अस्पताल में तैनात कई डॉक्टर खुलेआम बाहर की दवाएं लिखकर कमीशन खोरी करने में लगे हुए हैं। मौसम के बदलते मिजाज के साथ जिला अस्पताल में मरीजों की संख्या में इजाफा है जिसका फायदा तैनात डॉक्टर उठाने से बाज नहीं आ रहे। शहर के बंधानवार्ड इलाके में रहने वाला एक युवक बताता है कि वह अपनी पत्नी की आंख में परेशानी होने पर इलाज कराने के लिए जिला अस्पताल आया था। पल्लेदारी करने वाला यह मजदूर निशुल्क इलाज की उम्मीद लिए जिला अस्पताल तो पहुंच गया लेकिन डॉक्टर ने उसे अस्पताल के बाहर की दवा लिखी है। पुष्पेंद्र दवा का पर्चा दिखाते हुए बताता है कि उसने बाहर मेडिकल से 600 रूपये की दवा खरीदी। वह मजदूर है और जिला अस्पताल में निशुल्क इलाज की उम्मीद लेकर आया था जितना उसने कमाया नहीं उससे ज्यादा कि उसने दवा ले ली।

जिला अस्पताल में बाहर की दवा लिखकर खुलेआम हो रही कमीशन खोरी के खेल को हर उस मरीज की जुबानी सुनी जाती है जो निशुल्क इलाज की उम्मीद लेकर जिला अस्पताल आता है और उसके साथ डॉक्टर आर्थिक शोषण करने से बाज नहीं आते।

जिला अस्पताल में हो रही कमीशन खोरी को तब और बल मिल गया जब अस्पताल के अंदर फार्मेसी कंपनी के दवाओं की मार्केटिंग करने के लिए एक एमआर घूमता नजर आया। एमआर बताता है कि वह डॉक्टर साहब को अपनी कंपनी की दवा को दिखाने आया था ताकि उसकी मार्केटिंग और सेलिंग हो सके जब उससे पूछा गया कि तुम क्या यहां दबा देते हो तो उसने बताया कि दवा देने का काम दूसरा व्यक्ति आकर करता है। जिससे साफ जाहिर होता है कि जिला अस्पताल में तैनात सरकारी डॉक्टर बाहर की दबाव को लिखने और बेचने में कितनी दिलचस्पी दिखाते हैं जो कहीं ना कहीं अस्पताल में हो रही कमीशन खोरी की कहानी को बयां करता है।

# फर्जी मुकदमे से नाम न हटाने पर डॉक्टर ने दी अनशन की चेतावनी

- पांच वर्षों से न्याय के लिए भटक रहे पीड़ित डॉक्टर

जन एक्सप्रेस। भाटपार रानी, देवरिया

श्रीरामपुर थाना क्षेत्र के टोला अहिबरन राय निवासी एक डॉक्टर ने फर्जी मुकदमे में फंसाए जाने का आरोप लगाते हुए न्याय न मिलने की स्थिति में 16 दिसम्बर से पुलिस अधीक्षक कार्यालय पर सपरिवार आमरण अनशन की चेतावनी दी है। पीड़ित डॉक्टर ने इस आशय का पत्रक एसपी से मिलकर सौंप दिया है। एसपी को सौंपे गए पत्रक में श्रीरामपुर थाना क्षेत्र के टोला अहिबरन राय गांव निवासी डॉ दिलीप कुमार पुत्र डॉ ध्रुव कुमार ने कहा है कि वर्ष 2018 में मैं एसडीए मेडिकल कॉलेज रांची में मेडिकल का छात्र था। दिनांक 01-05-2018 को मेरे छोटे भाई की शादी थी। उसमें शरीक होने के लिए मैं गांव आया था। उससे पहले दिनांक 28-04-2018 को तत्कालीन थानाध्यक्ष खामपार द्वारा हरेराम चौराहा पर वाहन चेकिंग की जा रही थी। उस दौरान पुलिस द्वारा जनता के साथ की गई बदसलूकी के कारण चौराहा की जनता अचानक उग्र हो गई व मारपीट की नौबत आ गई। किन्तु मामला किसी तरह से शान्त हो गया। लेकिन पुलिस ने अपना अपमान समझकर तमाम लोगों के साथ मेरे खिलाफ भी मुकदमा दर्ज कर दिया। डॉक्टर का कहना है मेरे द्वारा एसपी, डीएम, डीआईजी, आईजी, डीजीपी, मुख्यमंत्री, प्रमुख सचिव गृह, मानवाधिकार आयोग, प्रधानमंत्री, गृहमंत्री, मा0 हाईकोर्ट, मा0 सुप्रीम कोर्ट को प्रार्थनापत्र सौंपकर न्याय की गुहार लगाई जा चुकी है। पीड़ित डॉक्टर का कहना है कि मुख्यमंत्री कार्यालय के पांच-पांच बार आदेश के बावजूद भी उक्त घटना के दिन मुझे एक मॉल में खरीददारी के लिए मौजूद रहने सम्बन्धित सीसीटीवी फुटेज की जांच नहीं की जा रही है। एसपी देवरिया को पत्रक सौंपकर पीड़ित डॉक्टर ने कहा है कि यदि दिनांक 15 दिसम्बर 2023 तक मुझे न्याय नहीं मिला तो मैं दिनांक 16 दिसम्बर 2023 से पुलिस अधीक्षक कार्यालय पर सपरिवार आमरण अनशन करूंगा। इसकी सारी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

## दो बाइकों की भिड़ंत में मां-बेटा घायल, हालत गंभीर

**जन एक्सप्रेस/माधौगढ़।** कोतवाली क्षेत्र में ग्राम चितौरा के पास दो बाइकों में भिड़ंत हो गई, जिसमें एक बाइक पर सवार मां बेटा घायल हो गए। घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया। जहां से उन्हें जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। गोहन थाना क्षेत्र के ग्राम कुरसेंडा निवासी महेन्द्र सिंह 28 वर्ष अपनी मां सरोज 57 वर्ष को बाइक पर बैठाकर ग्राम हिम्मतपुरा निवासी रिस्तेदारो के यहां शादी समारोह में शामिल होने जा रहा था। जैसे ही वह ग्राम चितौरा के पास पहुंचा था कि तभी विपरीत दिशा से आ रही तेज रफ्तार बाइक के चालक ने तेजी व लापरवाही के चलते उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार मां बेटा सड़क पर गिर कर घायल हो गए। ग्रामीणों ने एम्बुलेंस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची एम्बुलेंस से दोनों लोगों को समुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचाया। जहां पर उनकी हालत गम्भीर देखते हुए चिकित्सकों ने उन्हें जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

## फास्ट फॉरवर्ड

### दस हजार रुपये का ईनामिया अभियुक्त गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस/देवरिया।** पुलिस अधीक्षक महोदय जनपद देवरिया द्वारा अपराध व अपराधियो पर अंकुश लगाने के क्रम मे अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में रविवार को श्रीमान अपर पुलिस अधीक्षक महोदय जनपद देवरिया के पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी नगर महोदय के निर्देशन में प्र0नि0 नरेन्द्र प्रताप राय मय उ0नि0 आशाराम, का0 नागेन्द्र सिंह यादव, का0 सर्वेश यादव थाना रामपुर कारखाना क्षेत्र में भ्रमणशील थे कि मुखबिर खास की सूचना पर मु0अ0सं0 685/2021 धारा 3(1) उ0प्र0 गैंगेस्टर एक्ट थाना कोतवाली जनपद देवरिया से सम्बन्धित 10,000 रुपये का पुरस्कार घोषित अभियुक्त रजत दूबे उर्फ मकडू दूबे पुत्र बालेन्द्र दूबे निवासी बारी डीहा थाना मदनपुर जनपद देवरिया को उसके घर से गिरफ्तार करते हुए नियमानुसार कार्यवाही की जा रही है।

### सरकार के एजेंडे में किसान, नौजवान, गरीब एवं महिला सबसे ऊपर: सांसद

**जन एक्सप्रेस/भाटपार रानी-देवरिया।** विकास खंड के ग्राम विशुनपुरा एवं सरया में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में अन्नप्राशन एवं गर्भवती महिलाओं के गोद भराई का कार्यक्रम भी संपन्न हुआ। विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए क्षेत्रीय सांसद रविंद्र कुशवाहा ने कहा कि मोदी एवं योगी के एजेंडा में गरीब, किसान, नौजवान एवं महिला सबसे ऊपर है। इन सभी ध्यान में रखकर सरकार अपनी योजनाएं बना रही हैं। क्षेत्रीय विधायक सभाकुंवर कुशवाहा ने कहा कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनाओं के माध्यम से सरकार गरीब बेटियो के शादी का जिम्मा उठा रही हैं। सरया मे कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ब्लाक प्रमुख बिंदा कुशवाहा ने कहा कि प्रधानमंत्री उज्ज्वला के माध्यम से देश के गरीब महिलाओं को निशुल्क गैस कनेक्शन देने का काम सरकार ने की है। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से खंड विकास अधिकारी भाटपार रानी भइयन लाल पटेल, डॉ मान्धाता सिंह, डॉ कमलेश मीना,मनिष उपाध्याय एवं सभी विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी सहित ग्राम वासी उपस्थित थे।

### अवैध होर्डिंग-बैनर के विरुद्ध चला अभियान

**जन एक्सप्रेस/देवरिया।** जनपद के समस्त नगर निकायों में सड़कों के किनारे अवैध रूप से लगे होर्डिंग, फ्लैक्स तथा इससे जुड़े ढांचे के विरुद्ध अभियान चलाया गया। इस दौरान नगर निकायों द्वारा इस तरह की प्रचार सामग्री हटाकर जब्त कर लिया गया। अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद देवरिया रोहित सिंह ने बताया कि जिलाधिकारी के निर्देश पर जनपद के प्रमुख मार्गों पर लगे अवैध होर्डिंग बैनर एवं ढांचे को हटाने के लिए विशेष अभियान चलाया है। मुख्य मार्गों एवं विभिन्न वार्डों के आंतरिक मार्गों के किनारे होर्डिंग-बैनर लगने से शहर की सुंदरता प्रभावित होती है। मुख्य मार्ग पर लगने वाले होर्डिंग से वाहन चालकों को भी परेशानी होती है। उन्होंने बताया कि सिविल लाइन रोड, कोतवाली, रोड, मालवीय रोड, कसया रोड, न्यू कॉलोनी सहित विभिन वार्डों के आंतरिक मार्गों में अभियान चला। कई होर्डिंग कमजोर स्ट्रक्चर पर लगे हुए मिले, जिन्हें हटा दिया गया है। अधिक ऊंचाई पर लगे होर्डिंग-बैनर को हटाने के लिए हाइड्रोलिक वैन का भी प्रयोग किया गया।

### संक्रामक वायरल रोग है पोलियो

**जन एक्सप्रेस/देवरिया।** जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ संजय गुप्ता ने बताया कि पोलियो एक अत्यधिक संक्रामक वायरल रोग है जो पांच साल से कम आयु के बच्चों को प्रभावित करता है। यह मल, मौखिक मार्ग, दूषित पानी, आहार आदि के माध्यम से फैलता है। यह आंत में पनपता है और वहां से तंत्रिका तंत्र में पहुंच कर पक्षाघात उत्पन्न करता है। पोलियो के प्रारंभिक लक्षणों में बुखार, थकान, सिरदर्द, उल्टी, गर्दन की अकड़न और अंगों में दर्द शामिल है। इसके कारण होने वाले दो सौ संक्रमणों में से एक संक्रमण से दिव्यांगता का खतरा रहता है। वैश्विक स्तर पर इसके कारण होने वाले पक्षाघात से पांच से दस फीसदी मामलों में मौत भी हो जाती है।

### पोलियो का खतरा अभी टला नहीं, बच्चों को दवा पिलाने से ही होगा बचाव: सीडीओ

**जन एक्सप्रेस/देवरिया।** महर्षि देवरहा बाबा मेडिकल कॉलेज से सम्बद्ध जिला अस्पताल के एमसीएच विंग से रविवार से पल्स पोलियो अभियान अभियान का शुभारंभ सीडीओ प्रत्यूष पाण्डेय ने बच्चों को पोलियो ड्राप पिलाकर किया। पहले दिन बूथ दिवस मनाया गया जिसमें 1759 बूथ के जरिये शून्य से पांच वर्ष तक के बच्चों को पल्स पोलियो से बचाव की दवा पिलाई गयी।इस मौके पर सीडीओ प्रत्यूष पाण्डेय ने कहा कि इजरायल में वर्ष 1989 के बाद वर्ष 2022 में पोलियो के केस पाए गए। मोजाम्बिक में इसी साल पोलियो के मामले रिपोर्ट हुए हैं। पड़ोसी देश पाकिस्तान में भी पोलियो के केस निकले हैं। ऐसी स्थिति में देश के अन्य बारह राज्यों के साथ साथ प्रदेश के 50 जिलों में भी पल्स पोलियो अभियान की शुरूआत की गई। पल्स पोलियो का वायरस जब तक किसी भी देश में बचा हुआ है, सभी देशों को बचाव के उपाय करने होंगी। इसी उद्देश्य से देश के 12 संवेदनशील राज्यों और केंद्र शासित प्रदेश दिल्ली में इस बार 10 दिसम्बर को पोलियो के लिए उप राष्ट्रीय टीकाकरण दिवस मनाया जा रहा है।

# पदाधिकारी गांव-गांव बैठक कर लोगों को पार्टी की बताएं नीतियां: दीपराज गुर्जर

जन एक्सप्रेस। उरई

समाजवादी पार्टी कार्यालय में सपा के सभी प्रकोष्ठों के जिलाध्यक्षों की समीक्षा बैठक जिलाध्यक्ष दीपराज गुर्जर की अध्यक्षता में हुई। इस दौरान सपा जिलाध्यक्ष ने सभी उपस्थित प्रकोष्ठों के जिलाध्यक्षों से एक-एक कर उनकी कार्य गुजारियों की समीक्षा ली। समीक्षा के बाद उन्होंने सभी प्रकोष्ठों के जिलाध्यक्षों एवं कार्यकर्ताओं को निर्देश दिए कि गांव-गांव जाकर अपने प्रकोष्ठों के तहत जाति, वर्ग, समुदाय सहित आम जनमानस को पूर्ववर्ती समाजवादी पार्टी की सरकार के द्वारा विकास कार्यों की व सरकार की नीतियों की बारे में उन्हें बताएं और हर संभव



समाजवादी पार्टी में लोगों को जोड़ने का काम करें। ताकि आगामी 2024 के लोकसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी के सांसद प्रत्याशी को जिताकर समाजवादी पार्टी को मजबूती प्रदान हो। इस समीक्षा बैठक में समाजवादी पार्टी के प्रकोष्ठों में प्रमुख रूप से अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ से जिला अध्यक्ष दानिश मंसूरी, पिछड़ा वर्ग से बब्बू पाल, महिला प्रकोष्ठ से कुसुम लता सक्सेना, अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ से दुर्गेश शाक्यवार, व्यापार सभा से मनोज इकड़या, शिक्षक सभा से विनोद कुमार श्रीवास, अधिवक्ता सभा से राघवेंद्र गुर्जर, मजदूर सभा से अजय गौतम योगा, बाबा साहब वाहिनी से मयंक जाटव सहित सपा महासचिव जमालुद्दीन, विवेक यादव, परमात्मा शरण फौजी, जयदेव यादव, बृजभूषण कुशवाहा, रश्मि पाल, राजकुमारी यादव, त्रिवेणी प्रजापति, विनीत वर्मा, सुधा सिंह राजावत, दिनेश, वीरेंद्र पाल, संजय यादव, रमजान अली, शिवम गुर्जर, अजहर बाबा आदि सैकड़ों पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# भाजपा क्षेत्रीय अध्यक्ष ने 2024 में 404 सीटों को जीतने के लिए भरी हुंकार

जन एक्सप्रेस। कालपी

भारतीय जनता पार्टी के क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल व जिलाध्यक्ष उर्विजा दीक्षित का कार्यकर्ताओं के द्वारा जोरदार अभिनंदन किया गया।इस दौरान क्षेत्रीय अध्यक्ष ने जोश भरते हुए कहा कि 2024 के लोकसभा चुनावों में भाजपा 404 सीटें जीतकर कीर्तमान स्थापित करेगी। बीती रात को भाजपा के पूर्व नगर अध्यक्ष अशोक वाजपेई के आवास में आयोजित अभिनंदन समारोह में कार्यकर्ताओं ने फूल माला पहनाकर क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल, जिलाध्यक्ष उर्विजा दीक्षित, पूर्व विधायक नरेंद्र पाल सिंह जादौन का स्वागत किया। कार्यक्रम में क्षेत्रीय



अध्यक्ष ने विकसित भारत पर प्रकाश डालते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाएं। उन्होंने कांग्रेस को घेरते हुए कहा कि एक सांसद के पास 300 करोड़ रुपए बरामद हो रहें हैं। इंडिया गठबंधन अपनी खींचतान में जुटा हुआ है। भ्रष्टाचारियों के गठबंधन को जनता ठुकरा देगी। इस मौके पर कार्यक्रम संयोजक अशोक वाजपेई ने स्मृति चिन्ह भेंट कर तथा केसरिया पट्टिकाओ को पहना कर अभिनंदन किया। कार्यक्रम में नगर अध्यक्ष अमित पांडेय, लकी त्रिपाठी, अतुल चौहान सभासद, राघवेंद्र सिंह जादौन, मंयक श्रीवास, अरविन्द सिंह राठौर, मनोज पाण्डेय, चौहान, रजनी पाल, अवधेश तिवारी, हर्षित खन्ना, अमरदीप पांडेय, ऊषा शुक्ला, अवधेश तिवारी, सुन्नी तिवारी, सत्येन्द्र सिंह चौहान, ज्ञानवती तिवारी आदि कार्यकर्ताओं ने क्षेत्रीय अध्यक्ष तथा जिला अध्यक्ष का स्वागत किया। महिलाओं की और से योगिनी रजनी पाल ने अतिथियों का सम्मान किया। संचालन मनोज पाण्डेय द्वारा किया गया। देर रात में क्षेत्रीय अध्यक्ष का काफिला कानपुर के लिए रवाना हो गया।

# डीएम ने बच्चों को पोलियो की दो बूंद पिलाकर बूथ का किया शुभारंभ

जन एक्सप्रेस। उरई



राष्ट्रीय पल्स पोलियो महा अभियान 10 दिसम्बर के बूथ दिवस के अवसर पर जिला महिला चिकित्सालय परिसर में स्थापित पोलियों बूथ का शुभारम्भ जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय द्वारा 0-5 वर्ष के बच्चो को पोलियो की 2 बूंद पिलवाकर किया। साथ ही डीएम ने समस्त जनपद वासियो से 0-5 वर्ष के बच्चो पोलियो ड्राप की दो बूंद पिलाने की अपील की। जिससे भारत को पोलियो मुक्त रखा जा सके। इस अवसर पर सीएमओ डा. एनडी शर्मा ने अपने करकमलो से 0-5 वर्ष के बच्चों को दों बूँद पोलियो की दवा पिलाई व अनुरोध किया कि अपने तथा अपने पडोस के 0-5 वर्ष के बच्चो को नजदीकी बूथ पर ले जाकर दवा पिलायें। इस अवसर पर डा. अवनीश कुमार, डा. सुनीता बनौधा, वीरेन्द्र सिंह, डा. एसडी चौधरी, डा. देवेन्द्र कुमार मिटौरिया आदि उपस्थित रहे। सीएमओ ने अपने सम्बोधन में उपस्थित लाभार्थियों की माताओं को अपने बच्चों का समय से सम्पूर्ण टीकाकरण कराये जाने के फायदे के वारे में बताया। अन्त में जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डा. देवेन्द्र भिटौरिया ने सभी का आभार व्यक्त करते हुये धन्यवाद दिया। इसीक्रम में सीएमओ उमरार खेरा उरई अवर्न बूथ का निरीक्षण किया। निरीक्षण के समय 12 बच्चो को दवा पिलाई गई। इसके पश्चात तुफैलपुरवा अर्वन बूथ का निरीक्षण किया। निरीक्षण के समय 26 बच्चो को पोलियो दवा पिलाइ गई, एवं कोंच बस स्टेंड पर स्थापित ट्राजिट टीम/बूथ का निरीक्षण किया जिसमे टीम के सभी सदस्य उपस्थिति नही थे। उपस्थिति बैक्सीनेटर द्वारा टेलीसीट के अवलोकन हेतु उपलब्ध कराई, जिसमे 37 बच्चो को दवा पिलाई गई थी। टीम के सभी सदस्य न मिलने के सम्बन्ध मे, मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा संजीव कुमार अर्बन को-आर्डीनेटर को निर्देशत किया गया। सभी टीमो को माईकोप्लान की कॉपी उपलब्ध कराई जाये एवं टीम क्षेत्र में समय से उपस्थिति हो यह सुनिश्चित किया जाये।

# निस्वार्थ भाव से असहायों व पीड़ितो की सेवा ही मानवाधिकार का पालन है: लतीफ खान

जन एक्सप्रेस। महोबा

अन्तर्राष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस पर इण्टरग्लोब हयूमन राइट फोरम महोबा के कार्यालय मे विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। आयोजित विचार गोष्ठी मे वक्ताओं तथा इण्टरग्लोब हयूमन राइट फोरम के पदाधिकारियो तथा सदस्यों ने मानव अधिकार पर अपने- अपने विचार व्यक्त किये। फोरम के अध्यक्ष लतीफ खान ने अपने व्यक्तव्य मे कहा कि अन्तर्राष्ट्रीय मानवाधिकार का उद्देश्य मानव की सेवा निस्वार्थ भाव से करना प्रत्येक सक्षम व्यक्ति का नैतिक, धार्मिक तथा सामाजिक दायित्व है। उन्होने कहा कि निरीह, गरीब और असहाय व्यक्तियों की बगैर किसी लोभ लालच के करना हम सभी व्यक्तियों का नैतिक कर्तव्य है। उन्होने कहा कि इण्टरग्लोब हयूमन राइट फोरम के सदस्यों द्वारा जब किसी व्यक्ति का सामाजिक, राजनैतिक तथा प्रशासनिक अधिकारियो द्वारा उत्पीड़न किया जाता है तो फोरम हर सम्भव मदद करने के लिए शोषित लोगो के साथ कदमताल मिलाकर उनका हो रहा उत्पीड़न और शोषण करने की दिशा मे हर सम्भव प्रयास करता है और करता रहेगा।




इस अवसर पर फोरम के अध्यक्ष रामसागर अवस्थी ने अपने उद्बोधन मे कहा कि हमे यथा शक्ति मिलकर असहाय व्यक्तियों की सेवा करने के साथ- साथ उन्हे राष्ट्र की मुख्य दिशा से जोड़ने और उनका उत्थान कैसे किया जाये इस पर गहन मंत्रणा होना आवश्यक है। इस मौके पर फोरम के जिलाध्यक्ष बलवान सिंह ने अपने विचार रखते हुए कहा कि जनपद मे कही भी किसी भी व्यक्ति के मानवाधिकारों का हनन होना पाया जाये तो तत्परता के साथ फोरम के लोगो को तुरंत संज्ञान मे लेकर अपनी प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करते हुए मदद करना चाहिए तभी अन्तर्राष्ट्रीय मानव अधिकार का सही मायने मे पालन होगा। फोरम की जिलाध्यक्षा श्रीमति मिथलेश ने कहा कि महिलाओ के साथ अत्याधिक जुल्मजस्ती होती है हम सबको मिलकर महिलाओ के साथ हो रहे उत्पीड़न और जुल्म-ज्यादती का डटकर मुकाबला करना होगा। गोष्ठी उपरांत उपरांत फोरम के पदाधिकारियो और सदस्यों ने अनाथालय तथा वृद्धाश्रम पहुँचकर बच्चो और वृद्धो को फलो का वितरण किया और अनाथालय के बच्चो के साथ केक काटकर फोरम का स्थापना दिवस मनाया। इस मौके पर मुख्य रूप से फोरम के पदाधिकारियों मे लतीफ खान, रामसागर अवस्थी, बलवान सिंह, बाला प्रसाद वर्मा, सुरजीत कुमार शिवहरे, रवि कुमार चौरसिया, महिला प्रकोष्ठ से मिथलेश पाल, उदित नारायण कुशवाहा, रंजीत कुमार, रामकिशुन तिवारी आदि लोग उपस्थित रहे।

# 33 बूथों में 49 सौ से अधिक बच्चों को पिलाई गई पोलियो की दवा

जन एक्सप्रेस। कालपी

नगर में अलग-अलग 33 बूथों में रविवार को चिकित्सकों व विभागीय कर्मचारियों ने पल्स पोलियो प्रतिरक्षण अभियान को सफल बनाने के लिये पहले दिन 4960 बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई गई। सोमवार को घर-घर 0 से 5 वर्ष के बच्चों को शत प्रतिशत पोलियो की दवा पिलाने के लिए टीम अपना दायित्व निभायेगे। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चिकित्सा अधिकारी डॉ. गोपाल द्विवेदी ने बताया कि आगामी 10 दिसम्बर को पोलियो बूथ दिवस पर 33 टीमों के द्वारा बूथों में बच्चों को पोलियो की दवा पिलाने का अभियान चलाया गया। इसके बाद 11 दिसम्बर से 15 दिसम्बर तक टीमों के द्वारा घर घर



जाकर चिन्हित बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई जाएगी। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चिकित्सा अधीक्षक डॉ. दिनेश बरतरिया, डॉ. विशाल सचान की मौजूदगी में अभियान चलाया गया। जिले के अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. भूषण ने बूथ पर पहुंचकर बच्चों को पोलियो की दवा पिलाकर नागरिकों को जागरूक किया।

## मार्ग दुर्घटनाओं मं दो घायल, एक की हालत गम्भीर

**जन एक्सप्रेस/महोबा।** प्रथक प्रथक मार्ग दुर्घटनाओ मे दो युवक गम्भीर रूप से घायल हो गये है दोनो घायलों को जिला चिकित्सालय मे उपचार हेतु भर्ती कराया गया है। घटनाक्र मे पता चला है कि देवीदयाल पुत्र मातादीन उम्र 26 वर्ष निवासी ग्राम हटवारा थाना बारीगढ़ जिला छतरपुर ईरिक्शा पर सवार हो ग्राम गौरिहार जा रहा था रास्ते मे रिक्शा असंतुलित होकर पलटा गया और देवीदयाल गम्भीर रूप से घायल हो गया। लहूलुहान अवस्था मे देवीदयाल को परिजनो द्वारा महोबा जिला चिकित्सालय मे उपचार हेतु भर्ती कराया गया है। इसी श्रंखला में सचिन पुत्र श्याममिलन उम्र 23 वर्ष निवासी ग्राम अलीपुरा दोपहर के समय बाइक से कस्बा कबरई दुकान का सामान लेने जा रहा था रास्ते मे बाइक असंतुलित हो सड़क की खाई मे जा गिरी।

# हनुमानगढ़ी के पहलवान ने रोमाचंक मुकाबले में विवेक को चटाई धूल

जन एक्सप्रेस। चरखारी/महोबा

मेला सहस्त्र श्री स्वामी गोवर्धन्नाथ जू के उपलक्ष्य में आयोजित अखिल भारतीय दंगल के दूसरे दिन भी देशभर से आए नामीगिरामी पहलवानों ने कुश्ती प्रेमियों का दिल जीता। अखिल भारतीय दंगल के दूसरे राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय का खेल ग्राउण्ड खचा खच भरा दिखाई दिया तथा हजारों की संख्या में आए लोगों ने कुश्ती का जमकर आनन्द उठाया। मेला परिसर के निकट राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय स्पोर्ट्स ग्राउण्ड में आयोजित दो दिवसीय अखिल भारतीय दंगल के आखिरी दिन कुश्ती का शुभारम्भ उपजिलाधिकारी चरखारी डॉ0 प्रदीप कुमार ने पहलवानों के हाथ मिलाते हुए शुभारम्भ कराई जिसमें पहली कुश्ती में पहली कुश्ती स्थानीय पहलवान



बुजराज रिवई एवं लवकुश यादव उन्नव के बीच हुई जो कि बराबर पर छूटी। गौरव बिहार और अमित हरियाणा के बीच हुई कुश्ती में अमित ने बाजी मारी। लक्ष्माणदास पहलवान अयोध्या एवं राजू राजस्थान के बीच हुए मुकाबला में लक्ष्मणदास ने बाजी मारी। प्रवेश मध्य प्रदेश और भूपेन्द्र उन्नाव के बीच बराबर का मुकाबाला रहा। मोहित पहलवान गुढ़ा ने लवकुश उन्नाव को धूल चटाई' रोकी दिल्ली व रितिक हरियाण के बीच भी बराबर पर कुश्ती छूटी। मोने पंजाब व रणवीर हरियाण के बीच हुए मुकाबला में रणवीर ने बाजी मारी। हनुमान गढ़ी के अयोध्या के पहलवान लक्ष्मणदास एवं राजस्थान के पहलवान गोलचा के बीच कुश्ती प्रारम्भ हुई और अचानक पैर फिसलने से अयोध्या का पहलवान चित हो गया जिसके बाद कुश्तीप्रेमियों ने इस कुश्ती को दुबारा कराए जाने की मांग की और कुश्तीप्रेमियों ने ही रूपया इकटठा करते हुए 11 हजार रूपया का इनाम घोषित करने पर आयोजकों द्वारा दुबारा कुश्ती कराई जो कि काफी रोमांचकारी रही और एक कठिन मुकाबले में अयोध्या के पहलवान ने राजस्थान के पहलवान को कई दांव लगाते हुए पश्त कर दिया और आखिरकार राजस्थान का पहलवान धूल चाटने पर मजबूर हो गया। यह कुश्ती आज के दंगल में सर्वाधिक रोमांच पैदा करने वाली रही और पहलवानों ने जमकर इनाम भी पाया। कुश्तियों के दौरान पूर्व पालिका अध्यक्ष अरविन्द सिंह चौहान, योगेश मिश्रा, दीपक गुरूदेव, भाजपा ग्रामीण मण्डल अध्यक्ष अरविन्द गुप्ता, नगर अध्यक्ष रजनीश गुप्ता, प्रधानाचार्य हम्मीर सिंह, दादा कन्हैयालाल अग्रवाल, ओम प्रकाश सेंगर, सतीश श्रीवास्तव, मनोज द्विवेदी, नाथूराम एडवोकेट, पालिका अध्यक्ष मंजू कुशवाहा, रामपाल कुशवाहा, पालिका वरिष्ठ लिपिक अययूब खां, संजीत कुमार सहित सभी सभासद मौजूद रहे।

# जिले भर के स्वास्थ्य केन्द्रों पर आयुष्मान भव मेले का आयोजन

**जन एक्सप्रेस। बलरामपुर**



जनपद बलरामपुर मे रविवार को जनपद के समस्त सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों व प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर आयुष्मान भव स्वास्थ्य मेलों का आयोजन किया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नंदनगर खजुरिया में आयोजित आयुष्मान भव स्वास्थ्य मेले का निरीक्षण मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ मुकेश कुमार रस्तोगी ने किया। जानकारी के अनुसार, 10 दिसंबर को जिले के सभी स्वास्थ्य केंद्रो पर आयोजित आयुष्मान भव मेले का आयोजन किया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नंद नगर खजुरिया मे निरीक्षण करने पहुंचे मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ मुकेश कुमार ने वहां उपस्थित चिकित्सको व अन्य कर्मियों को निर्देशित किया कि आयुष्मान भव मेले का व्यापक प्रचार प्रसार किया जाय, जिससे इन मेलों का लाभ जनसमुदाय को प्राप्त हो सके। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नंदनगर में आयोजित आयुष्मान भव स्वास्थ्य मेले में 201 बच्चो के ब्लड ग्रुप की जांच किया गया। निरीक्षण में तीन स्वास्थ्य कर्मी अनुपस्थित मिले। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने सभी अनुपस्थित पाए गए स्वास्थ्य कर्मी का वेतन रोकने का आदेश दिया है। जनपद भर में आयोजित आयुष्मान भव मेले में कुल 5705 लाभार्थियों को स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान किया गया। सीएमओ डॉ रस्तोगी ने बताया कि रविवार को आयोजित होने वाले आयुष्मान भव मेले जिले के समस्त सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों एवं उप स्वास्थ्य केंद्रों में 17 सितंबर से लगातार सप्ताह में एक दिन हेल्थ मेला का आयोजन किया जा रहा है जो 31 दिसंबर तक चलता रहेगा। निरीक्षण के समय डॉ संतोष कुमार श्रीवास्तव, स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी अरविंद कुमार मिश्रा तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नंदनगर के चिकित्सक तथा कर्मचारी उपस्थित रहे।

### रेलवे ओवर ब्रिज का कार्य चलने के चलते 20 दिन तक फतेहगंज चौराहे से यातायात बंद

**जन एक्सप्रेस/अयोध्या।** आने वाले बीस दिनों तक फतेहगंज चौराहे से यातायात बाधित रहेगा इस संबंध में सेतु निगम के जेई अमर सिंह का कहना है कि करीब 20 दिन में इसका निर्माण पूरा हो जाएगा इस बीच मार्ग का इस्तेमाल करने वालों को वैकल्पिक रास्तों से जाने की सलाह दी जाती है बताते चलें कि देवकाली मार्ग स्थित फतेहगंज रेलवे क्रासिंग पर ओवरब्रिज का निर्माण चल रहा है ।जिसमें फतेहगंज चौराहे के उपर तीन बीम व डेक्स स्लैब पड़ेगी ।जिसके चलते फतेहगंज चौराहे से आवागमन रोक दिया गया है। फतेहगंज चौराहा जिले के सबसे व्यस्ततम चौराहों में से एक है ।देवकाली से सिविल लाईन व नाका से चौक जाने के लिए लोग इस चौराहे का इस्तेमाल करते है। फतेहगंज आढ़त की बड़ी बाजार है। जिससे यहां भारी वाहन आते जाते रहते है। शनिवार की सुबह फतेहगंज चौराहें पर सेतु निगम की टीम ने बैरीकेटिंग लगाकर आवागमन रोक दिया।

## ग्राम समाज पर हो रहा अतिक्रमण जेसीबी लगाकर की जा रही नीव की खुदाई

**जन एक्सप्रेस। बैती कला -अयोध्या**



तहसील बीकापुर अंतर्गत स्थित ग्राम बैती कला में ग्राम प्रधान अनिल सिंह व सगे भाई जिला पंचायत सदस्य सुनील सिंह द्वारा गाटा संख्या 535 तालाब की भूमि तथा उससे सटी ग्राम समाज की भूमि का अतिक्रमण कर जेसीबी लगाकर घर बनाने हेतु नीव की खुदाई की जा रही थी इसी समय गाटा संख्या 535 की पट्टीदार गीता देवी ने तहसीलदार बीकापुर एवं लेखपाल को अतिक्रमण की बात को अवगत कराया। जिस पर तहसीलदार बीकापुर ने एस ओ हैदरगंज को फोन कर ग्राम प्रधान व जिला पंचायत सदस्य सुनील सिंह द्वारा किया जा रहा जबरदस्ती अवैध कब्जा अतिक्रमण को रुकवाया। इस अवैध कब्जा को लेकर गीता देवी व अन्य ग्राम वासी दिनांक 11 दिसंबर को एसडीम बीकापुर को प्रार्थना पत्र देकर अवैध हो रहे तालाब तथा ग्राम समाज की भूमि को रोकने की प्रार्थना करेंगे। बताते चलें कि बड़ा भाई ग्राम प्रधान एवं छोटा भाई जिला पंचायत सदस्य होने के कारण दोनों मिलकर ग्राम बैती कला की सुरक्षित एवं ग्राम समाज की भूमि को पहले कब्जा कर फिर घर बनाकर बेच लेते हैं, अथवा किसी अन्य ग्रामवासी से पैसा लेकर जमीन को कब्जा करवा देते हैं। इनके खिलाफ एप्लीकेशन पड़ने पर कोई प्रभावी कार्यवाही न होने के कारण यह दबंग एवं मनबढ़ हो चुके हैं। अब देखना यह है कि आई ए एस प्रशिक्षु एसडीएम बीकापुर तालाब की भूमि व ग्राम समाज की भूमि को अतिक्रमण से रोकते हैं अथवा अन्य एसडीएम की भांति इस प्रार्थना पत्र की भी इतिश्री कर दी जाएगी।

## फलीभूत रहा है सबका साथ सबका विकास का संकल्प: शिवेंद्र सिंह

**जन एक्सप्रेस। पूरा बाजार -अयोध्या**




ग्राम भगवा भीट में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत कार्यक्रम का आयोजन समारोह पूर्वक किया गया कार्यक्रम में अपने विचार व्यक्त करते हुए मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख संघ के जिला अध्यक्ष व ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि शिवेंद्र सिंह ने कहा कि भाजपा सरकार का संकल्प सबका साथ सबका विकास पूरी तरह से फलीभूत हो रहा है।

उन्होंने सरकार द्वारा चलाई जा रही दो दर्जन जन कल्याणकारी योजनाओं पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि इन योजनाओं का लाभ प्रत्येक व्यक्ति को मिल रहा है उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य आपके द्वारा पहुंचकर योजनाओं का लाभ दिलाना है। मुख्य अतिथि शिवेंद्र सिंह ने आवास योजना के तहत रेखा देवी, रेणु, सेफता परवीन, ममता गौड़, पूजा को चाभी सौपा तथा प्रधानमंत्री किसान सम्मान योजना के तहत आफताब आलम मोहम्मद मुकीम शिवनाथ मिश्रीलाल कृपाराम को प्रमाण पत्र तथा उज्ज्वला योजना के तहत किरण सुशीला रीता अनारा कंचन को गैस चूल्हा के साथ-साथ अन्य सामग्री वितरित किया। कार्यक्रम में एडीओ कोऑपरेटिव संजय सिंह एडीओ पंचायत दलजीत ग्राम प्रधान राम जन्म यादव एडीओ समाज कल्याण विवेक सिंह डॉ श्रीनाथ कनौजिया एडियो आईएसबी आशीष तिवारी ग्राम पंचायत अधिकारी नीरज सिंह ने वितरण में मुख्य अतिथि का सहयोग किया। ग्राम प्रधान रामजन्म यादव ने मुख्य अतिथि व क्षेत्रीय गणमान्य लोगों के साथ-साथ ग्रामीणों एवं लाभार्थियों का आभार व्यक्त किया।

### केन्द्रीय विद्यालय में अध्यापक बनने पर क्षेत्र में खुशी

**जन एक्सप्रेस/बीकापुर - अयोध्या।**



बीकापुर विकास खंड के पाली पुर मजरे अमिलहा के चारुलाता ने केंद्रीय विद्यालय संगठन में एक अध्यापक के रूप में चयनित होकर गांव का नाम रोशन किया है चारुलता ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा दिल्ली के सरकारी स्कूल से शुरू कर डी एल एड डायट मोती बाग से लगातार प्रथम श्रेणी में पास किया तदुपरांत कई प्रतिष्ठित विद्यालयों में पढ़ते हुए एम ए अर्थशास्त्र से उसे उच्च शिक्षा प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण की। चारुलाता अपने बहन और भाई के लिए प्रथम पथ प्रदर्शक के रूप में कार्य करती हैं। उनके पिता राधेश्याम यादव 80 के दशक में शुरुआत में बेहतर जीवन की तलाश में गांव से दिल्ली चले गए चारुलता ने अपनी शिक्षा से इस मुकाम तक पहुंचने में अपने माता-पिता द्वारा प्रोत्साहन मिलने की महत्वपूर्ण भूमिका होना कहा है चारुलता के केंद्रीय विद्यालय में अध्यापक पद की नियुक्ति की खुशी में गांव के लोग एक दूसरे का मुंह मीठा करके खुशी का इजहार करते देखे गए।

## बालिका व बालक वर्ग कबड्डी में आनंद एकेडमी रही विजेता

- मकबरा स्थित स्पोर्टस स्टेडियम में सांसद खेल प्रतियोगिता का हुआ समापन
- महापौर महंत गिरीश पति त्रिपाठी ने किया पुरस्कार वितरण

**जन एक्सप्रेस। अयोध्या**




सांसद खेल प्रतियोगिता का मकबरा स्थित स्पोर्टस स्टेडियम में रविवार को समापन हो गया। महापौर महंत गिरीश पति त्रिपाठी ने विजयी खिलाड़ियों को शील्ड व प्रमाण पत्र प्रदान किया। सांसद लल्लू सिंह ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। सभी विजेता टीमों को ट्रैक सूट वितरित किया गया।

महंत गिरीश पति त्रिपाठी ने कहा कि खेल में प्रतिभाग करने से शारीरिक के साथ मानसिक विकास भी होता है। इस तरह की प्रतियोगिताओं के आयोजन से प्रतिभाओं को मंच मिलता है। सांसद लल्लू सिंह ने कहा कि सरकार के प्रयासों से खिलाड़ियों में निखार आया है। जिसका परिणाम स्वरुप आज अंतर्राष्ट्रीय व राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के आयोजन में खिलाड़ियों का प्रदर्शन काफी बेहतर हो गया है।

बालिका कबड्डी में आनंद कबड्डी एकेडमी डाभासेमर विजेता, अयोध्या एकेडमी रानोपाली उपविजेता, पुरुष कबड्डी में आनदं कबड्डी एकेडमी विजेता, कर्पूरी ठाकुर वार्ड उपविजेता, खो-खो बालक वर्ग में एमआरडी इंटर कालेज आशापुर विजेता, राजकरन इंटर कालेज उपविजेता, खो-खो बालिका में जिला विद्यालय क्रीड़ा समिति विजेता, एमआरडी इंटर कॉलेज आशापुर उपविजेता, वालीवाल में कर्पूरी ठाकुर विजेता, डीआरएम पब्लिक स्कूल उपविजेता, रस्साकसी के पुरुष वर्ग में आनंद कबड्डी एकेडमी डाभासेमर विजेता, केटी पब्लिक स्कूल उपविजेता रही। 100 मीटर बालिका दौड़ में इशिका वर्मा जेबीए प्रथम, इंकिता यादव आर्मी स्कूल द्वितीय, अनाया श्रीवास्तव आर्मी स्कूल तृतीय आयी। वहीं बालिक वर्ग 100 मीटर दौड़ में एजाज खान प्रथम, सौरभ सिंह द्वितीय व आदित्य उपाध्याय तृतीय आए। निर्वाचक की भूमिका में विश्वनाथ सिंह, अनूप दूबे, राकेश मौर्या, उपेन्द्र शुक्ला, विवेक सिंह, सरवर आलम, पंकज द्विवेदी शामिल थे। मौके पर पूर्व नगर पालिकाध्यक्ष विजय गुप्ता, अवधेश पाण्डेय बादल, विकास सिंह, गिरीश पाण्डेय डिप्पुल, विशाल सिंह, रवि सोनकर, सुरेन्द्र यादव, सूरज सोनकर, जय प्रकाश श्रीवास्तव, डा. कनक बिहारी पाठक, डा. पियूष श्रीवास्तव मौजूद रहे।

## संस्थापक सप्ताह के समापन अवसर पर प्रतिभागियों को किया गया सम्मानित

**जन एक्सप्रेस। तुलसीपुर-बलरामपुर**



जनपद बलरामपुर मे तहसील मुख्यालय तुलसीपुर के महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद के अंतर्गत संचालित आदिशक्ति मां पाटेश्वरी पब्लिक स्कूल के संस्थापक सप्ताह समारोह के समापन अवसर पर प्रतिभागी छात्राओं को अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया। समापन समारोह का मुख्य अतिथि आदिशक्ति पीठ देवीपाटन के कोठारी राघवेंद्र नाथ योगी, विशिष्ट अतिथि पूर्व सांसद दद्दन मिश्रा, क्षेत्रीय विधायक कैलाश नाथ शुक्ला, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि प्रवीण सिंह विक्की, विनय प्रकाश त्रिपाठी व राम प्रताप सिंह ने समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह का दीप प्रज्वलित करके तथा अवैद्यनाथ योगी एवं महाराणा प्रताप के चित्र पर पुष्पार्चन कर शुभारंभ किया गया।

जानकारी के अनुसार 10 दिसंबर को आदिशक्ति मां पाटेश्वरी पब्लिक स्कूल के समापन समारोह में विद्यालय के बच्चों ने अपनी मनमोहक प्रस्तुतियों से सबका मन मोह लिया। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ डीपी सिंह ने इस समारोह में आए हुए समस्त अतिथियों का बैज लगाकर स्वागत एवं अभिनंदन किया। इस कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा संस्थापक सप्ताह समारोह के अंतर्गत विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्राप्त किए गए पुरस्कारों का वितरण किया गया। सप्ताह भर चले विभिन्न प्रतियोगिताओं में पुरस्कार प्राप्त करके बच्चों के चेहरे खुशियों से खिल उठे। कार्यक्रम के आरंभ में विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा ब्रह्मलीन महंत दिग्विजय नाथ एवं ब्रह्मलीन महंत अवैद्यनाथ के जीवन एवं समाज के प्रति योगदान पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व सांसद दद्दन मिश्रा ने बच्चों को अपना शुभ आशीष दिया एवं इनके उज्जवल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में तुलसीपुर विधायक कैलाश नाथ शुक्ला ने रोचक एवं प्रेरक प्रसंगों के माध्यम से बच्चों को सही राह पर चलने की शिक्षा देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। मंच का संचालन आकांक्षा सिंह तथा रचना कैराती ने किया। इस कार्यक्रम में विद्यालय के समस्त शिक्षक शिक्षिकाएं मनोज, रोहित, आकांक्षा सिंह, आकांक्षा कौशिक, उमनाथ, सुजीत, अभिलेश, काजल मिश्रा, अमित मिश्रा, अंशिका, पवन सिंह, शिवांगी, रौशनी, श्रेया कसेरा, मीनू, काजल जायसवाल, सुरेश, सुनीता एवं विद्यालय के समस्त कर्मचारी व छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### टेलीकॉम टॉवर कर्मचारी संगठन ने किया प्रदर्शन

**जन एक्सप्रेस/अयोध्या।** टेलीकॉम टावर कर्मचारी संगठन अयोध्या उत्तर प्रदेश के तत्वाधान में इंडस टावर लिमिटेड के टेक्नीशियनो ने इंडस टॉवर्स लिमिटेड के उच्चाधिकारियों द्वारा किए जा रहे उत्पीड़न के खिलाफ किया विरोध प्रदर्शन, जिसमे आईएमई के जिला अध्यक्ष बिनोद सिंह ने बताया की कंपनी में जितना कार्य हम सभी लोगों से लिया जा रहा है उस हिसाब से वेतन नहीं मिलता ऊपर से कंपनी द्वारा बहुत ज्यादा शोषण किया जाता है , वहीं अवनीश शुक्ला ने कहा कि कई जिलों में टेक्नीशियन के ऊपर गलत तरीके से एफआईआर भी दर्ज कराई गई है, वही इंडस जिला अध्यक्ष ज्योति पांडे ने बताया कि कंपनी द्वारा जितना शोषण किया जाता है उसके लिए सभी लोगों ने ये तय किया है कि अब हर रविवार हम लोग संगठन के दिशा निर्देश पे अपने हक के लिए परिवार में समय देंगें।

## मनरेगा के मजदूरों से नहीं कराया जा रहा है अन्नपूर्णा भवन का निर्माण, ग्रामीणों ने की कार्यवाही की मांग

**जन एक्सप्रेस। महाराजगंज तराई बलरामपुर**



विकासखंड तुलसीपुर के अंतर्गत ग्राम शिवचरनडीह के मजरे उदईपुर में अन्नपूर्णा भवन का निर्माण मनरेगा से होना चाहिए परंतु ग्रामीणों का आरोप है कि मनरेगा कर्मियों से कार्य न करा कर भवन का निर्माण ठेका से कराया जा रहा है । सरकार का उद्देश्य है की प्रत्येक ग्राम पंचायतों मेंअन्नपूर्णा भवन का निर्माण हो जिससे उचित दर विक्रेता के चयनित गांव में मॉडल के रूप में सुंदर भवन निर्माण हो सके। जिसमे सरकार ने लाखों रुपए के बजट पारित किया है। जिसका ग्राम पंचायत में बंदर बांट किया जा रहा है। मनरेगा कर्मियों को कार्य न देकर ठेके से कार्य कराए जा रहे हैं जिसमें पीला ईट व रेतीले का प्रयोग किया जा रहा है ग्रामीण बैजनाथ हनीफ धुन्ने नन्हे निजाम आदि ने बताया कि भवन निर्माण की जांच कराए जाने की मांग जिलाधिकारी से की है खंड विकास अधिकारी राजीव मोहन त्रिपाठी ने बताया है कि जांच करके कार्रवाई की जाएगी।

### नेशनल हाईवे पार करते वक्त अज्ञात वाहन ने युवक को मारी टक्कर हुई मौत

**जन एक्सप्रेस/मिल्कीपुर -अयोध्या।** अयोध्या रायबरेली नेशनल हाईवे पर तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने पटखौली गांव के 32 वर्षीय युवक अशोक कुमार को टक्कर मार दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने गंभीर रूप से जख्मी युवक को उपचार के लिए एंबुलेंस से सीएचसी भिजवाया जहां पर डॉक्टरों ने देखते ही मृत घोषित कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना कोतवाली इनायत नगर क्षेत्र के करमडांडा पूरे पटखौली गांव निवासी अशोक कुमार पुत्र मकासे धुरिया गांव के पास से ही गुजरे नेशनल हाईवे को रात में पैदल पार कर रहे थे। तभी अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दिया। युवक घायल अवस्था में खून से लथपथ हाईवे पर बेहोशी हालत में पड़ा था ।राहगीरों की सूचना पर पुलिस चौकी प्रभारी बारुन बाजार उमेश कुमार वर्मा, हेड कांस्टेबल समीर रंजन, कांस्टेबल चंद्र मोहन के साथ मौके पर पहुंचकर घायल अशोक को एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मिल्कीपुर भेजो आया जहां पर डॉक्टर ने देखने के बाद मृत्यु घोषित कर दिया।

## सपा की बैठक में पूर्व सैनिकों को पार्टी से जोड़ने पर जोर




**जन एक्सप्रेस। बलरामपुर**

जनपद बलरामपुर मे रविवार को आयोजित समाजवादी पार्टी की बैठक में पूर्व सैनिकों को पार्टी से जोड़ने पर जोर दिया गया । पूर्व सैनिकों को समाजवादी पार्टी से जोड़ने के लिए गांव गांव अभियान चलाया जाएगा। पार्टी को मजबूत करने के बूथ स्तर पर पूर्व सैनिकों को जिम्मेदारी दी गई है।

जानकारी के अनुसार 10 दिसंबर को समाजवादी पार्टी सैनिक प्रकोष्ठ की बैठक जिलाध्यक सुरेन्द्र यादव की अध्यक्षता में गोविन्द बाग मोहल्ला में आयोजित हुई। पूर्व जिलाध्यक्ष परशु राम वर्मा व बलरामपुर नगर अध्यक्ष सैय्यद इंजीनियर ने कहा की बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत किया जाएगा । पूर्व सैनिक जिला उपाध्यक्ष संजय तिवारी ने कहा कि पूर्व सैनिकों को पार्टी से जोड़ने के लिए पदाधिकारियो को गांव गांव तक जाना होगा। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील किया कि पार्टी को बूथ स्तर तक मजबूत करने के लिए पूरी तरह से जुट जाएं । इस दौरान उमेश चंद्र मिश्र, करीम भाई, विकास यादव, मोनू सिंह, विजय मौर्या, शानू व बलिराम सहित अन्य कई लोग मौजूद रहे।

### अखिल भारतीय चाणक्य परिषद की हुई बैठक

**जन एक्सप्रेस/अयोध्या।** अखिल भारतीय चाणक्य परिषद की एक आवश्यक बैठक आज परिषद् के केंद्रीय कार्यालय पर परिषद् के वरिष्ठ सदस्य राष्ट्रीय कार्यकारिणी पंडित काशी नाथ तिवारी की अध्यक्षता में आहूत की गई द्य सर्व प्रथम परिषद् के सदस्य दिवंगत डॉ सुरेन्द्र नाथ दुबे को मौन रख कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई! तदुपरांत आज की कार्यवाही शुरू की गई द्य आगामी अखिल भारतीय चाणक्य परिषद् के स्थापना दिवस 14 जनवरी मकर संक्रांति को दिव्य भव्य बनाने हेतु परिषद् के सभी उपस्थित केंद्रीय, प्रदेश ,जिला संगठन के पदाधिकारियों व सदस्यों ने गहन विचार विमर्श किया और कार्यक्रम हेतु गठित कमेटियों को आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए गए उनके बाद आज की कार्यवाही समाप्त की गई आगामी समीक्षा बैठक हेतु 24 दिसंबर रविवार समय 11 बजे स्थान केंद्रीय कार्यालय पर पुनः आयोजित की जायगी बैठक में आज प्रमुख रूप से उपस्थित आचार्य राधेश्याम मिश्र राष्ट्रीय महामंत्री, पंडित

## जिला अधिकारी ने पल्स पोलियो अभियान का किया शुभारंभ

**जन एक्सप्रेस। अम्बेडकर नगर**



पल्स पोलियो अभियान के अन्तर्गत जनपद के शून्य से 05 वर्ष तक के बच्चों को 1752 बूथों के माध्यम से पोलियो की खुराक पिलाया जा रहा है।जिलाधिकारी अविनाश सिंह द्वारा प्राथमिक विद्यालय कुड़िया चितौना मे फीता काटकर अभियान तथा बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाकर बूथ का शुभारम्भ किया गया है। जनपद में पल्स पोलियों अभियान में 318186 बच्चों को 1752 बूथो पर पोलियों की खुराक पिलाये जाने का लक्ष्य निर्धारित है। बूथ दिवस पर दवा पीने से बंचित बच्चों को 11दिसम्बर से 15.दिसम्बर तक 689 टीम, 63 ट्रॉजिट टीम तथा 17 मोवाइल टीम द्वारा घर-घर भ्रमण कर पोलियो की दवा पिलाया जायेगा, उसके बाद भी किसी कारण से दवा पीने से छूटे हुए बच्चों को 18.दिसम्बर को बी0टीम गतिविधि के दौरान पोलियो की खुराक से आच्छादित किया जायेगा। जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि आज अभियान दिवस पर जनपद मे निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष अधिक से अधिक बच्चों को बूथ पर ही पोलियो की खुराक से आच्छादित कराया जाय।सभी नामित नोडल अधिकारी अपने-अपने आवंटित क्षेत्र मे लगातार भ्रमण करें, जिससे अभियान मे अपेक्षित लक्ष्य प्राप्त किया जा सके साथ ही टीकाकरण में आने वाली किसी भी समस्या का त्वरित निराकरण करायें। ग्राम प्रधान एवं विद्यालय स्टाफ द्वारा कार्यक्रम मे अपेक्षानुसार सराहनीय सहयोग किया गया। इस अवसर पर डा0 राजकुमार मुख्य चिकित्सा अधिकारी, डा0 रामानन्द सिद्धार्थ जिला प्रतिरक्षण अधिकारी, डा0 आशुतोष सिंह नोडल अधिकारी, आशू सिंह एस0एम0ओ0 एन0पी0 एस0पी0, श्रीमती आरती यादव डी0एम0सी0, डा0 अंकुश वर्मा अधीक्षक, सामु0स्वा0के0 कटेहरी, भूपेश कुमार वर्मा स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी, खंड विकास अधिकारी कटेहरी, खंड शिक्षा अधिकारी कटेहरी, विकास श्रीवास्तव वैक्सीन कोल्डचेन मैनेजर, विद्यालय के समस्त स्टाफ एवं ग्राम प्रधान कुड़िया चितौना आदि सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

### विकसित भारत संकल्प यात्रा के द्वारा जनजीवन मिशन की दी जानकारी



**जन एक्सप्रेस। अम्बेडकर नगर**

जनपद में सरलादित्य ग्राम विकास सेवा संस्थान द्वारा विकास खण्ड-अकबरपुर के ग्राम पंचायत- कजरी जमालुद्दीन पुर, और सैदापुर में जल जीवन मिशन **हर घर जल** विकसित भारत संकल्प यात्रा के जन जागरूकता प्रोग्राम के अन्तर्गत जल जनित बीमारी, जल संरक्षण, शुद्ध पाईप पेयजल की आपूर्ति एवं उसके रख रखाव,जल शुल्क, समिति के कार्य एवं जिम्मेदारी तथा जल जीवन मिशन के उद्देश्य की विस्तृत जानकारी सरलादित्य ग्राम विकास सेवा संस्थान के द्वारा आयोजित बैठक में क्रार्यक्रम के माध्यम से दिया गया

# वाच टॉवर ढहने के मामले में एसडीओ ने जांच कर उच्चाधिकारियों को सौंपी रिपोर्ट, कार्रवाई तय

- पीटीआर की महोफ के जंगल में लकड़ी का वाच टावर ढहने का मामला
- हादसे के जिम्मेदारों का पता लगाने के लिए माला रेंज के एसडीओ से कराई गई जांच

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत



> वाच टावर क्षतिग्रस्त होने की जांच पूरी कर रिपोर्ट उच्चाधिकारी को सौंप दी गई है। अग्रिम कार्रवाई उन्हीं के स्तर से की जाएगी।
> –दिलीप कुमार तिवारी, एसडीओ माला

पूरनपुर। महोफ रेंज के जंगल में बाहरसिंघा ताल पर बना वाच टावर टूटने की बजह से हुए हादसे के मामले की जांच पूरी हो गई।माला रेंज के एसडीओ द्वारा जांच रिपोर्ट डीएफओ को सौंप दी गई है। अब जिम्मेदारों पर कार्रवाई होना तय मानी जा रही है। जांच पूरी होने और कार्रवाई की सुगबुहाहट पर वन विभाग के कुछ लोगों में खलबली मच गई है।

30 नबंवर को पीटीआर में घूमने आए लखनऊ के सिया कालेज के छात्र वाच टावर पर चढ़कर बाघ का दीदार करने लगे थे। लकड़ी के वाच टावर पर क्षमता से तीन गुना अधिक पर्यटक चढ़ गए थे। इससे टावर ढह गया। हादसे में दो गाइड रहमत और सूरजभान समेत 12 पर्यटक घायल हो गए थे। पीटीआर में उपचार की कोई व्यवस्था न होने पर घायलों को माधोटांडा के एक निजी अस्पताल लाकर प्राथमिक उपचार कराया गया। इसके बाद घायल पर्यटकों को निजी वाहन से लखनऊ भेज दिया गया। हादसे से वन विभाग के अफसरों के साथ कर्मचारियों पर भी लापरवाही के सबाल उठे। चर्चा होने लगी कि जब वाच टावर पर क्षमता से अधिक पर्यटक चढ़ रहे थे तो मौजूद दोनों गाइडों ने उन्हें रोकने की जहमत नहीं उठाई। न ही वाच टावर कमजोर होने की पर्यटकों को जानकारी दी। हादसे से वन मकहमा में खलबली मच गई। हलांकि अगले दिन एक दिसंबर से वन महकमा सतर्क हो गया और विभागीय निगरानी वाच टावरों पर पर्यटकों के चढ़ने पर पाबंदी लगा दी गई। हादसे के जिम्मेदारों का पता लगाने के लिए पीटीआर के डीएफओ ने जांच शुरू कराई जो माला रेंज के एसडीओ दिलीप तिवारी दी गई है। इसके साथ ही दोनों गाइड रहमत और सूरजभान को काम पर आने से भी रोक दिया गया है।

# वंचितो के कल्याण के लिए कार्य कर रही है भाजपा सरकार: संजय सिंह गंगवार

- विकसित भारत संकल्प यात्रा के अन्तर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में हुए कार्यक्रम
- राज्यमंत्री ने लाभार्थियों वितरित किये योजनाओं के प्रमाणपत्र

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत



विकसित भारत संकल्प यात्रा के अन्तर्गत आज रविवार को ललौरीखेड़ा विकास खण्ड क्षेत्र के ग्राम सियावाड़ी पट्टी एंव सुन्दरपुर में कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। गन्ना विकास एवं चीनी उधोग राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार ने मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम में भाग लिया। उन्होनें कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए भाजपा की डबल इंजन सरकार की विकास परक योजनाओं की विस्तार से जानकारी देते हुए कहा की सरकार उपेक्षित एवं वंचित लोगो के कल्याण के लिए कार्य कर रही है। उन्होनें आयुष्मान एंव प्रधानमंत्री आवास आंवटन योजना सहित अन्य गरीब कल्याण योजना की विस्तार से जानकारी दी। इस मौके पर उन्होनें लाभार्थियों से सीधे वार्ता कर योजनाओं से मिले लाभ के बारे में जानकारी हासिल की। कार्यक्रम में राज्यमंत्री श्री गंगवार ने किसान सम्मान निधि एवं आवास आंवटन सम्बन्धी प्रमाणपत्र पात्रों को वितरित किये। साथ ही जिन प्रमाण पत्रों में गल्तिया थी उनकों भी अधिकारियों से दुरूस्त कराया। कार्यक्रम में विकसित भारत कार्यक्रम के अन्तर्गत लोगो को संकल्प भी दिलाया की 2047 तक भारत को आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने के सपने का साकार करेगें, गुलामी की मानसिकता को जड़ से उखाड़ फेकेगे, देश की समृद्ध विरासत पर गर्व करेगें, भारत की एकता को सुदृढ़ करेगें और देश की रक्षा करने वालो का सम्मान करेगें साथ्ल ही नागरिक होने का कर्तव्य निभायगें। कार्यक्रम में एस0डी0एम0 सदर, ललौरीखेड़ा ब्लाक प्रमुख अजय सिंह गंगवार, ग्राम प्रधान राम किशन, पूर्व बी0डी0सी0 महेन्द्र, बी0डी0सी0 पवन सिंह, प्रताप सिंह, देव नन्दन पटेल, पप्पू, चौधरी दिग्विजय सिंह, पूर्व प्रधान अशोक कुमार सहित क्षेत्र के कई ग्राम प्रधान, सदस्यगण के अलावा विभिन्न विभागों के अधिकारी कर्मचारीगण मौजूद रहे।

## फास्ट फॉरवर्ड

### बिजली की चपेट में आने से युवक की मौत

जन एक्सप्रेस। जौनपुर। सुजानगंज थाना क्षेत्र के अरुआ गांव निवासी सुनील कुमार पुत्र अमर पाल प्रजापति उम्र 26 वर्ष की विजली की चपेट में आने से मौत हो गई, मौत की सूचना मिलने से घर में कोहराम मच गया, जानकारी के अनुसार लालजी प्रजापति के छोटे भाई सुनील कुमार मोटर सर्विस की दुकान मुंगराबादशाहपुर रोड चैनपुर में गाड़ी धुलने का काम करता है, रोज की भांति सुबह घर से दुकान पर पहुंच कर काम कर रहा था, लगभग शाम 4 बजे काम करने के दौरान मशीन बंद करने दुकान के अंदर गया शार्ट सर्किट से विजली के चपेट में आने से उसकी मौत हो गई, साथ में काम कर रहे मृतक के बड़े भाई लालजी ने जब देर होने लगी तब जाकर देखा तो दंग रह गये, वे जमीन पर तड़प रहे थे, आनन-फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सुजानगंज ले आये, जहां डाक्टरों ने देखते ही मृत्यु घोषित कर दिया, मृतक का दाहिना हाथ मशीन से बहुत पहले कट गया था, एक हाथ से वह काम करके परिवार का भरण-पोषण कर रहा था, मौत की मनहूस खबर पत्नी उर्मिला देवी को मिलते ही वह बेसुध हो गई, बेटी लाडो के सिर से पिता का साया उठ गया, परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल हो रहा है, सूचना पर पुलिस पहुंच कर शव को कब्जे लेकर विधिक कार्यवाही कर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया, जानकारी मिलते ही अस्पताल में लोगों की भीड़ लग गई।

### रेलवे स्टेशन परिसर में मिला अज्ञात युवक का शव

जन एक्सप्रेस। जौनपुर। शाहगंज रेलवे स्टेशन पर टिकट खिड़की के पास एक अज्ञात युवक को बेहोशी की हालत में देखकर यात्रियों में हडकंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने युवक को इलाज हेतु राजकीय चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सकों युवक को मृत घोषित कर दिया। स्थानीय रेलवे स्टेशन के बाहर बने टिकट खिड़की के पास यात्रियों को बैठने के लिए बनी कुर्सी पर एक 40वर्षीय अज्ञात युवक को चद्दर ओढ़कर लेटा देख यात्रियों ने सूचना जी आर पी पुलिस को दिया ।सूचना पर पहुंची पुलिस ने अज्ञात युवक को इलाज हेतु राजकीय चिकित्सालय लाया गया ।जहां चिकित्सकों ने युवक को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं खबर लिखे जाने तक अज्ञात युवक का शिनाख्त नही हो सका है।

### डबल इंजन की सरकार दिन-रात गरीबों के लिए कर रही काम: बीपी सरोज

जन एक्सप्रेस। जौनपुर/मझलीशहर। आज केन्द्र मोदी सरकार और प्रदेश की योगी सरकार डबल इंजन की सरकार दिन रात गरीबो के लिए और असहाय निर्धन किसानों नौजवानों के लिए दिन रात काम कर रही है। सरकार की विभिन्न योजनाओं किसान सम्मान निधि, उज्वला योजना, आयुष्मान कार्ड, फ्री में गरीबों को राशन वितरण, स्वास्थ्य बीमा आदि बहुत से योजनाएं समाज के अन्तिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को सशक्त और मजबूत बनाने का कार्य कर रही है, उक्त बातें तहसील क्षेत्र मछलीशहर के ग्रामसभा तिलोरा मे विकसित भारत संकल्प यात्रा के कार्यक्रम में सम्मिलित हो कर आम जनमानस को संबोधित करते हुए मछलीशहर के सांसद बी पी सरोज ने कही ।केंद्र व राज्य सरकार के द्वारा किये गए विकास कार्यो एंव जनकल्याणकारी



उपलब्धियों को बताते हुए सांसद ने कहा कि जब तक गरीबों का बिकास नहीं होगा तब तक बिकसित भारत की परिकल्पना पूरी नही होती है लेकिन अब नरेंद्र मोदी जी और योगी जी के कार्यों को देखकर ऐसा लगता है कि बिकसित भारत की परिकल्पना शीघ्र ही साकार होने वाला है ।इस अवसर बिकास खंड मछलीशहर के अधिकारियों द्वारा प्रदर्शनी के माध्यम से सरकार की योजनाओं को बताया गया। कार्यक्रम में अव्यवस्था को लेकर सांसद ने स्वास्थ विभाग के अधिकारियों पर नाराजगी व्यक्त कर सी एम ओ को फोन करके आगे से अधिकारियों को सुधार करने के लिए निर्देशित किया ।इसअवसर पर मंडल अध्यक्ष रामनरायण सेठ, अनिल सरोज, शिवबाबू, कर्मपाल पाल,महेश तिवारी,कपिस सरोज, बिनोद,गिरजा सहित सैकड़ों की संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

### महिला मतदाताओं में बढ़ रही रुचि: एसडीएम

जन एक्सप्रेस। जौनपुर। केराकत। मतदाता सूची में नाम शामिल कराने को ले कर महिलाओं ने रुचि दिखाई है और उनकी संख्या शनैः शनैः बढ़ती जा रही है। रविवार को केराकत विधान सभा के विभिन्न बूथों का निरीक्षण करने के उपरान्त एस डी एम नेहा मिश्रा ने उक्त विचार व्यक्त किये। 372 केराकत विधान सभा के प्राथमिक विद्यालय कटहरी के बूथ संख्या 72 और 73 पर महिलाओं के फॉर्म बढ़ कर 6 और 4 हो गए हैं। वहीं नालदेव कुलदेव विद्यालय स्थित बूथ संख्या 69 एवं 70 पर लिंगानुपात 975-948 है ।यहां महिलाओं के और फॉर्म फीड हो रहे हैं आधार कार्ड भी शाम तक उपलब्ध हो जाएंगे। एस डी एम नेहा मिश्रा ने समाज के बुद्धिजीवी तबके तथा सामाजिक संगठनों से अपील किया है कि वे लोकतन्त्र के इस पवित्र कार्यक्रम में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करते हुए मतदाता सूची में अपना नाम शामिल कराने के लिये आम लोगों को प्रेरित और जागरूक करें।

# डगा में सात पेड़ो का काटा केस अन्य पेंडो की रेंजर ने शुरू की जांच

- माधोटांडा क्षेत्र का मामला, दो दिन वन विभाग ने काटा का केस

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत



पूरनपुर। बिना परमीशन के सागौन के पेड़ काटे जाने के मामले में वन विभाग ने केस दर्ज करने के बाद जांच भी शुरू कर दी है। बताते हैं कि कुछ वन कर्मियों से मिली सूचना में कटे पेड़ों की संख्या छिपाई गई। रेंजर को सात से अधिक पेड़ कटने की मुखबिर से सूचना मिली है। हालांकि जांच पूरी होने के बाद ही वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

मामला माधोटांडा क्षेत्र के गांव डगा का है। तीन दिन पहले गांव के उत्तर दिशा में नहर पटरी के पास रात के अंधेरे में लकड़कट्टे ने सागौन के कई पेड़ बिना अनुमति के काट डाले। तड़के लकड़ी को भी ठिकाने लगा दिया गया। मामला वन एवं वन्यजीव प्रभाग पूरनपुर के प्रभारी रेंजर पियूष मोहन श्रीवास्तव और एसडीओ अंजनी कुमार श्रीवास्तव तक पहुंचा तो उन्होंने कार्रवाई की कवायद की। क्षेत्र में कार्यरत सामाजिक वानिकी के कुछ कर्मचारियों से जानकारी जुटाई गई। उन्होंने किसान के खेत में सात पेड़ सागौन के कटने का हवाला दिया। पड़ताल में पेड़ काटने की परमीशन नहीं मिली। इसपर सामाजिक वानिकी द्वारा डगा के मकशूद खां और आशिफ के खिलाफ वन अधिनियम के तहत केस दर्ज किया गया। इस दौरान सामाजिक वानिकी के प्रभारी रेंजर को किसी व्यक्ति ने सात से अधिक पेड़ कटने के बारे में बताया। इसपर उन्होंने जांच शुरू कर दी। उन्होंने बताया कि डगा में सात से अधिक सागौन के पेड़ काटे जाने की सूचना मिली है। जांच कराई जा रही है। इसके बाद ही अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

# आज वन विभाग के खिलाफ कलीनगर परिसर में गरजेंगे किसान

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

पूरनपुर। आज सोमवार कलीनगर तहसील परिसर में अखिल भारतीय किसान महासभा के बैनर तले विशाल धरना प्रदर्शन किया जाएगा। इसकी तैयारियां लगभग पूरी कर ली गई हैं। यह धरना वन विभाग और सरकार की नीतियों के खिलाफ दिया जाएगा। ऐसा किसानों का कहना है। किसान अपनी कई मांगों को पूरा कराने की आबाज उठाएंगे। इस आंदोलन को सफल बनाने के लिए क्षेत्र के सभी गावों के लोगों से बड़ी संख्या में पहुंचने की अपील की गई है। अभा किसान महासभा के राष्ट्रीय सचिव अफरोज आलम ने बताया कि पीलीभीत के जंगल टाइगर रिजर्व के लिए अनुकूल नहीं थे। क्षेत्र की जनता के विरोध के बाद भी जंगल को पीटीआर का दर्जा दे दिया गया। इसका खामियाजा जंगल किनारे बसे गांवों के लोगों को भुगतना पड़ रहा है। बाघ जंगल से बाहर आबादी क्षेत्र में चहल कदमी कर रहे हैं। कलीनगर के गांव जमुनिया, रानीगंज, पिपरिया संतोष, न्यूरिया मल्लपुर, डगा, सुखदासपुर सहित कई गांव के नजदीक बाघ लंबे समय से घूम रहा है। वन विभाग और प्रशासन बाघ को रेस्क्यू नहीं कर रहा है। जबकि बाघों द्वारा मनुष्यों को निवाला बनाया जा रहा है लेकिन वन विभाग और जिला प्रशासन मानव-वन्यजीव संघर्ष रोकने को ठोस कदम नहीं उठा रहा है। इससे क्षेत्र के लोगों में आक्रोश है। वह बाघ के डर से खेतों पर नहीं जा रहे हैं जिससे कृषि कार्य प्रभावित हैं उन्होंने बताया कि 19 नबंबर को गांव जमुनिया में बाघ और हाथी के मुद्दो को लेकर बैठक की और 11 दिसंबर को कलीनगर तहसील में धरना प्रदर्शन करने का निर्णय लिया गया था। भाकपा माले के जिला सचिव देवाशीष राय ने बताया कि आज तहसील परिसर में वन विभाग और सरकार की नीति के विरोध में धरना दिया जाएगा। बाघ व हाथी द्वारा मारे गए लोगों के परिजनों को 10-10 लाख रुपए की आर्थिक सहायता देने, परिवार के किसी एक सदस्य को नौकरी देने, पीलीभीत के जंगल को मिला टाइगर रिजर्व का दर्जा निरस्त करने, जंगल किनारे तार फेंसिंग कराने आदि मांगे पूरी कराने की आबाज उठाई जाएगी। आज होने वाले धरना प्रदर्शन की तैयारी पूरी कर ली गई है। जिसमें सैकड़ों की संख्या में किसान शामिल होंगे।

# मंजिले उनको मिलती हैं जिनके सपनों में जान होती है, पंख से कुछ नही होता, हौसलों से उड़ान होती है: संजय सिंह गंगवार



- राजकीय कन्या महाविधालय में 134 छात्राओं को राज्यमंत्री ने प्रदान किये स्मार्ट फोन

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

''मंजिले उनको मिलती है जिनके सपनों में जान होती है, पंख से कुछ नही होता हौसलों से उड़ान होती है'' इस लाईनों के साथ गन्ना विकास एवं चीनी उधोग राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार ने आज रविवार को राम लुभाई राजकीय कन्या महाविधालय में छात्राओं को स्मार्ट फोन वितरण कार्यक्रम की शुरूआत की। राज्यमंत्री श्री गंगवार ने कहा की स्मार्ट फोन आधुनिक शिक्षा के लिए अत्यन्त आवश्यक है उन्होनें कहा की शिक्षा एक सतत् प्रयत्नशील कार्य है जो हमें गहन अध्ययन की ओर ले जाता है और इससे हमारा हौसला बढ़ता है। प्रदेश सरकार द्वारा संचालित स्वामी विवेकानन्द युवा सशक्तिकरण योजना के अन्तर्गत सत्र 2022-23 के अन्तर्गत 134 उत्तीर्ण छात्राओं को राज्यमंत्री श्री गंगवार ने स्मार्ट फोन प्रदान किये। उन्होनें छात्राओं का उत्सहावर्धन करते हुए कहा की युवा शक्ति के लिए स्मार्ट फोन आज की आवश्कता है। उन्होंने स्मार्ट फोन उपयोगिता के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

इससे पूर्व कार्यक्रम में पहुचने पर राज्यमंत्री श्री गंगवार ने मॉ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यपर्ण एवं दीप प्रज्जवलित कर मॉ को प्रणाम किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डा0 वरखा द्वारा की गई कार्यक्रम में महा विधालय के प्रचार्य डा0 अम्वा प्रसाद एवं वरिष्ठ प्रा0 अध्यापक फजर्लुरहमान सहित महा विधालय के स्टाफ में राज्यमंत्री का स्वागत अभिनन्दन किया।

# प्रदेश स्तरीय जूनियर बालक कबड्डी प्रतियोगिता में सहारनपुर विजेता, मुरादाबाद उपविजेता



जन एक्सप्रेस । जौनपुर

खेल निदेषालय उ0प्र0, लखनऊ एवं उ0प्र0 कबड्डी एसोसियशन के समन्वय से जिला खेल कार्यालय, जौनपुर के तत्वावधान में प्रदेश स्तरीय जूनियर बालक कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन जनपद मुख्यालय स्थित तिलकधारी स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्रांगण स्थित उमानाथ सिंह इण्डोर स्टेडियम में किया जा रहा है। प्रतियोगिता के तीसरे दिन के मैच में क्वाटर फाइनल मैच विजेताओं के बीच सेमी फाइनल खेला गया पहला सेमी फाइनल आगरा और मुरादाबाद के मध्य खेला गया जिसमें मुरादाबाद एकतरफा मुकाबले में 46 24विजेता होकर फाइनल में प्रवेश की, दूसरा सेमी फाइनल सहारनपुर और मेरठ के मध्य खेला गया , सहारनपुर की टीम ने मेरठ मण्डल को 41-25से पराजित किया।फाइनल मैच का शुभारंभ मुख्य अतिथि मडियाहु विधायक डॉक्टर आरके पटेल ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया मैच सहारनपुर और मुरादाबाद के मध्य खेला गया,सहारनपुर ने मुरादाबाद को 41-29 से पराजित कर उपाधि पर कब्जा जमाया । विजेता टीमों को मुख्य अतिथि माननीय विधायक मडियाहू डा आर के पटेल ने पुरस्कृत किया । इस अवसर पर प्रो0 षेखर सिंह, राजीव सिंह बच्चा, प्रवक्ता, निखिल सिंह, टी0डी0 इण्टर कालेज हेमंत तिवारी, पप्पू माली, चंदन सिंह , समीम खान ,किरण पाल सिंह,सुरेश सिंह आदि उपस्थित थे।सचिव कबड्डी संघ राजेश सिंह प्रदेशीय टीम का चयन किया।चयनित टीम इसी माह तेलंगाना में आयोजित होने वाली प्रतियोगिता में भाग लेगी।

# मोदी जी के विकसित भारत संकल्प यात्रा का किया गया आयोजन



जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

- आयोजन में सरकार द्वारा चलाई गई योजनाओं के बारे में लोगों को बताया
- जिला पंचायत अध्यक्ष पति ने समस्याओं के समाधान करने के लिए उनकी हर संभव मदद करने का दिया आश्वासन

पूरनपुर। ब्लॉक क्षेत्र के भवानीगंज में माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया गया। एलईडी वेन के द्वारा प्रसारण में सरकार के द्वारा चलाई जा रही योजनाएं के बारे में विस्तार से बताया गया। प्रसारण देखने के लिए भारी संख्या में लोगों की मौजूदगी रही। मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत अध्यक्ष पति गुरु भाग सिंह एवं जिला पंचायत सदस्य मनजीत सिंह रहे। उन्होंने भी लोगों के समक्ष वार्तालाप की और लोगों की समस्याओं को सुना और समाधान करने के लिए वहां मौजूद अधिकारियों को निर्देश दिए। और वहां मौजूद प्राईमरी स्कूल स्टाफ मोहम्मद सलमान, अमित कुमार शुक्ला, महिपाल सिंह, बिजली विभाग के भी कर्मचारियों की उपस्थिति रहे। अधिकारी गण आशुतोष पांडे, लाइनमैन अकबर, राजा भैया, शाहरुख, अरशद, जमीन, कृषि विभाग अधिकारी गंगासागर सचिव धर्मपाल ग्राम प्रधान राजेंद्र सिंह रोजगार सेवक विजय पाल यादव आंगनवाड़ी कार्यकर्ता उषा देवी व बीरा देवी पंचायत सहायक रामनरेश सभी पदाधिकारी ने लोगों की समस्याओं को सुना और उन समस्याओं को जल्द से जल्द समाधान करने का भी आश्वासन दिया।

# भाजपा सरकार कर रही मछुआ समाज का विकास: डॉ संजय निषाद

- सपा बसपा ने छीना मछुआ समाज का हक
- सरायमोहिउद्दीनपुर-बूडूपुर मार्ग का हुआ शिलान्यास

जन एक्सप्रेस । जौनपुर



निषाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ संजय कुमार निषाद ने कहा कि भाजपा सरकार मछुआ समाज का उत्थान कर रही है। वे रविवार को शाहगंज विधानसभा के बूडूपुर गांव में पार्टी के जिला स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सपा बसपा की सरकारों ने मछुआ समाज का हक मारते हुए कानून बनाया कि जो भी समाज मछली पालन करेगा वही मछुआ समुदाय का माना जाएगा। किंतु मेरे प्रयास से वर्तमान सरकार ने इस काले कानून को निरस्त किया। उन्होंने आह्वान किया कि निषादों का गौरवशाली इतिहास रहा है। जिन भी सरकारों ने निषाद समाज के साथ छल लिया उसे सत्ता से हटाने का एक काम निषाद समाज ने किया। अपने संबोधन में विधायक शाहगंज रमेश सिंह ने कहा कि मुझे विरासत में एक बीमारू विधानसभा मिली थी। बीते दो दशकों में क्षेत्र में एक भी बड़ा काम नहीं हुआ। पिछले डेढ़ सालों में शाहगंज बाईपास, शाहगंज बस डिपो का कायाकल्प, शाहगंज रेलवे स्टेशन, कस्तूरबा आवासीय विद्यालय, गैरवांह में एथेनॉल प्लांट की स्थापना सहित दर्जनों सड़कों सहित पुल-पुलियों का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। इस दौरान वर्षो से जर्जर सरायमोहिउद्दीनपुर-बूडूपुर मार्ग के निर्माण का शिलान्यास किया गया। सम्मेलन को प्रदेश अध्यक्ष रवीन्द्रमणि निषाद, डॉ अमित निषाद, संगठन अध्यक्ष प्रेम नारायण निषाद आदि ने भी संबोधित किया तथा मंच पर मुख्य रूप से बाबूराम निषाद, सुरेंद्र निषाद, चंदन निषाद, बेचन सिंह आदि उपस्थित रहे। संचालन चंद्रेज निषाद ने किया तथा आभार विधायक रमेश सिंह ने व्यक्त किया।

# जौनपुर ही नहीं अपितु पूरे पूर्वांचल की शान होगी महाराणा प्रताप की मूर्ति: कृपाशंकर सिंह

- मुख्यमंत्री के संभावित दौरे को लेकर मूर्ति स्थल का कृपाशंकर सिंह ने किया निरीक्षण
- राजपूत सेवा समिति द्वारा कलीचाबाद तिराहे पर लगवाया गया महाराणा प्रताप की मूर्ति
- 15 दिसम्बर के बाद कभी भी मुख्यमंत्री कर सकते है उद्घाटन

जन एक्सप्रेस । जौनपुर



नजौनपुर। राजपूत सेवा समिति द्वारा कलीचाबाद तिराहे पर स्थापित महाराणा प्रताप की भव्य मूर्ति का अनावरण मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के द्वारा 15 दिसम्बर के बाद कभी भी किया सकता है। जिसके क्रम में रविवार को महाराष्ट्र के पूर्व गृहराज्य मंत्री व भाजपा नेता कृपाशंकर सिंह ने मूर्ति की भव्यता और पार्क के सुंदरीकरण का जायजा लिया। बातचीत के दौरान कृपाशंकर सिंह ने बताया कि बीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की यह भव्य मूर्ति जौनपुर ही नही अपितु पूरे पूर्वांचल की शान होगी। ओम प्रकाश सिंह ने बताया कि चेतक घोड़े पर सवार महाराणा प्रताप की भव्य मूर्ति 13 फीट ऊंची और लगभग 9 फीट ऊंचे चबूतरे पर स्थापित हो गयी है। मूर्ति व पार्क के चारो तरफ सुंदरीकरण का कार्य युद्ध स्तर पर चल रहा है। जो दो या तीन दिवस में पूरी हो जाएगी। जौनपुर शहर के पश्चिमी प्रवेश द्वार पर लगने वाली इस मूर्ति से न सिर्फ जौनपुर अपितु पूरे पूर्वांचल का गौरव बढ़ेगा। ज्ञात हो कि इसके पूर्व भी कृपा शंकर सिंह,राज्यमंत्री गिरीश चंद्र यादव,विधान परिषद सदस्य बृजेश सिंह प्रिंशु,डॉ हरेन्द्र सिंह,नगर पालिका अध्यक्ष मनोरमा मौर्य,जिलाधिकारी, सिटी मजिस्ट्रेट, पुलिस अधीक्षक आकर निरीक्षण कर चुके है। मौके पर राजपूत सेवा समिति के सदस्य रत्नाकर सिंह, रविन्द्र प्रताप सिंह, शशि मोहन सिंह क्षेम,पंडित रामदयाल दूवेदी, अजीत सिंह,देवी सिंह,शशि सिंह विरभानपुर,डॉ सिद्धार्थ सिंह,मुन्ना सिंह,राहुल सिंह क्षत्रिय, राजेश मौर्य, सहित भारी संख्या में सदस्य मौजूद थे।

# बिल्हौर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मे डैंटिस्ट की दवा लगते ही मरीज बेहोश, डैंटिस्ट भागा, मचा हड़कंप

**शनिवार सुबह 9:00 से लेकर 12:15 तक कोई भी डॉक्टर मौजूद नहीं रहा**




जन एक्सप्रेस । बिल्हौर

बिल्हौर तहसील कार्यालय के महज 300 मीटर की दूरी पर स्थित बिल्हौर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लापरवाही की हद हो गई है डॉक्टर कोई समय से आते नहीं है जिले के अधिकारी इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं। जनप्रतिनिधि और प्रशासनिक अधिकारी भी स्वास्थ्य व्यवस्थाएं देखने कभी नहीं आते हैं शनिवार को एक अजब नजारा देखने को मिला सुबह डॉ पवन सिंह 9:00 बजे चले गए थे 12:15 बजे सीएचसी हाइजेनिक डेंटिस्ट योगेश कुमार अपनी डॉक्टरी चमकाते रहे उन्होंने मरीज शिवरतन लाल कटियार निवासी नसिरापुर को बेटी पिंकी कटियार आशा बहू पिहानी मजबूत नगर की है इलाज कराने के लिए लेकर आई थी गलत दवा और इंजेक्शन हाइजीनिक डेंटिस्ट योगेश कुमार के द्वारा लिखा गया इंजेक्शन व दवा खिलाते पल भर में मरीज मूर्छित होकर जमीन पर गिर पड़ा यह नजारा देखकर वहां पर मौजूद समस्त स्टाफ और मरीजों में हड़कंप मच गया यह नजारा देखकर डेंटिस्ट वहां से भाग खड़ा हुआ थोड़ी देर बाद अन्य डॉक्टर ने आकर स्थिति को संभाला बोतल आदि लगाकर । स्टाफ की आशा बहू इस मरीज को लेकर आई थी जिसको समझाने मैं पूरा स्टाफ लगा रहा और मिन्नतें करके घर भेज दिया गया हालांकि आशा बहू ने बताया कि मुझे तो एक पल यह लगा कि मेरे पिताजी की कहीं मौत ना हो जाए बाद में एक डॉक्टर ने इलाज किया बोतल चढ़ाई थी फिर बोलने लगे और घर लेकर चली आई।

## बिल्हौर तहसील के चौबेपुर ब्लाक के राजाराम पुर गांव में भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम संपन्न




जन एक्सप्रेस । बिल्हौर

बिल्हौर तहसील क्षेत्र के लगभग हर ग्राम सभा में ब्लॉक प्रमुख और अन्य अधिकारियों द्वारा हर विभाग की योजनाओं के लाभार्थियों को कार्ड वितरण कार्यक्रम चल रहे हैं। सरकार की योजनाओं का लाभ पात्र जनों को मिल सके इसके लिए चलाया जा रहा है। विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत ग्राम राजारामपुर एवं केवना ग्राम पंचायत में कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में गोपाल दीक्षित जिला उपाध्यक्ष/जिला पंचायत सदस्य, बीडीओ एस एन कश्यप , कृषि सहायक अधिकारी राजेश कुमार, शुभम दुबे,जिला मंत्री अनिरुद्ध शुक्ला, जिलाध्यक्ष पि0मो0धर्मेंद्र लोनिया ,मंडल महामंत्री चौबेपुर प्रदीप पांडेय, ग्राम प्रधान केवना,ग्राम प्रधान राजारामपुर रामसेवक सैनी ,जेपी शुक्ला, आदि उपस्थित रहे वा सैकड़ों ग्रामवासी उपस्थित रहे जिसमे भारत सरकार वा राज्य सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं की लोगो को जानकारी दी गई वा पात्रों को मिले आवास, शौचालय, किसान सम्मान निधि आदि के प्रमाण पत्र भी वितरित किए गए।

## बिल्हौर ब्लॉक के गजना व हालपुरा गांव में विकसित भारत संकल्प यात्रा का कार्यक्रम संपन्न

जन एक्सप्रेस । बिल्हौर



बिल्हौर तहसील क्षेत्र के सभी ग्राम सभाओ में बारी-बारी से ब्लॉक प्रमुखों द्वारा विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम के तहत विकासखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत गजना व हालपुरा में रविवार को मुख्य अतिथि के रूप में बिल्हौर ब्लाक प्रमुख श्रीमती मनोरमा कठेरिया व क्षेत्रीय संयोजक शिक्षा संस्थान अजय मोहन शुक्ला, एडीओ रघुवीर सिंह, सचिव प्रशांत बाजपेई, भाजपा कानपुर ग्रामीण जिला महामंत्री डॉ राजेंद्र प्रसाद कटियार ,स्वास्थ्य विभाग की विष्णु प्रताप प्रजापति, दिव्या कटियार, विकास कुमार, प्रधान गजना अक्ष्य कटियार व हलपुरा प्रधान अवनीश कुमार, समाजसेवी गणेश कटियार आदि के द्वारा किसान सम्मन निधि , आयुष्मान कार्ड, प्रधानमंत्री उज्जवला गैस प्रमाण पत्र व प्रधानमंत्री आवास योजना प्रमाण पत्र वितरित किए गए और ब्लॉक प्रमुख ने गांव की सभी योजनाओं के बारे में विस्तार से चर्चा की किसान सम्मन निधि में आशीष कुमार, सूरज प्रसाद, बंसीलाल आदि को प्रमाण पत्र दिए गए। आयुष्मान कार्ड वितरण में उपासना, मुमताज अली, मेहरून बानो ,अली शेर आदि को प्रमाण पत्र दिए गए। ब्लाक प्रमुख मनोरमा ने आगे बताया कि जो भी पात्र लोगों को प्रमाण पत्र आज मौके पर न होने की वजह से नहीं मिल सके हैं वह ब्लॉक में आकर प्राप्त कर सकते हैं और किसी भी पात्र को और कोई परेशानी हो तो वह मुझे फोन कर सकता है मेरे घर पर आकर मिल सकता है कोई भी पात्र इस योजना से वंचित न रहे यही सरकार की प्राथमिकता है हम उसके कार्यकर्ता के रूप में गांव-गांव दौड़कर आप तक योजना के बारे में बताना और प्रमाण पत्र दे रहे हैं।



## रूट डायवर्ट के चलते आए दिन लगता है जाम

जन एक्सप्रेस । बिछिया/उन्नाव

बनी में चल रहे एलिवेटेड एक्सप्रेसवे के निर्माण के चलते कानपुर लखनऊ हाइवे पर जगह जगह जाम के हालात बने हुए हैं,जिसके चलते आए दिन हाईवे पर जाम लगता है शनिवार को देर रात हाईवे पर वाहनों की संख्या एकदम से बढ़ गई जिसके चलते जाम बढ़ता चला गया और दही चौकी पुरवा मोड़ से बाईपास अन्नपूर्णा मंदिर तक जाम पहुंच गया जिसके बाद सुबह आठ बजे तक जाम लगा रहा,दही चौंकी पुरवा मोड़ पर करीब दो माह से रूट डायवर्ट के चलते आए दिन जाम लगता है। जिसके चलते लोग रात भर जाम में फंसे रहते है।



## निमंत्रण में गए थे घर वाले, चोर बिन ले गए लाखों का माल

**हसनगंज कस्बा निवासी कपड़ा व्यापारी का घर बना चोरों का निशाना**

जन एक्सप्रेस । उन्नाव

हसनगंज कोतवाली से दो सौ मीटर की दूरी पर सूने घर को निशाना बनाते हुए चोरों ने नगदी, जेवर समेत लाखों का माल पार कर दिया। घर वाले मांगलिक कार्यक्रम में शामिल होकर लौटे तो घटना की जानकारी हुई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का जायजा लेने के साथ ही जांच पड़ताल शुरू कर दी है। हसनगंज कस्बा निवासी कपड़े की फेरी लगाने वाले प्रदीप गुप्ता अपनी पत्नी मोहनी गुप्ता व बेटे के साथ घर में ताला बंद कर शनिवार शाम 6 बजे लखनऊ के घुरघुरी तालाब रिश्तेदारी में मांगलिक कार्यक्रम में शामिल होने गया था। देर रात वापस लौटने अलमारी बक्से का ताला टूटा व घर में सारा सामान बिखरा देख उसके होश उड़ गए। पीड़ित के मुताबिक चोर अलमारी से सोने का हार, कंगन, अंगूठी, चैन सहित अन्य आधा किलो चांदी व 55 हजार रूपए नगदी पार कर ले गए। पीड़ित ने कोतवाली में शिकायती पत्र देकर अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की मांग की है। कोतवाल राजेश्वर त्रिपाठी ने बताया कि चोरी की जानकारी मिली है। मौके पर पुलिस भेज कर जांच कराई जा रही है।

## एसीएमओ ने किया पल्स पोलियो अभियान का शुभारम्भ

**सोमवार से शुक्रवार तक घर-घर अभियान चलाकर पिलाई जाएगी खुराक**

जन एक्सप्रेस । नवाबगंज, उन्नाव



सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में रविवार को एसीएमओ ललित कुमार ने पोलियो की ड्राप पिलाकर पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ किया। जिसके बाद उन्होंने क्षेत्र में बरुआ, अजगैन तथा चमरौली स्थित बूथों का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा शासन द्वारा दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए लक्षित बच्चों को पोलियो की खुराक दी जाए। उन्होंने अभिभावकों से भी अपील की है कि वह बढ़-चढ़कर इस अभियान में हिस्सा लें और अपने बच्चों को पोलियो की खुराक लेने में प्रशासन की मदद करें। स्वास्थ्य केंद्र अधीक्षक डॉ राजेश कुमार ने बताया कि विकासखण्ड के समस्त गांवों में रविवार को 80 बूथों पर पोलियो की खुराक पिलायी जा रही है। जिसके बाद सोमवार से शुक्रवार तक घर-घर अभियान चलाकर 0 से 05 वर्ष तक के बच्चों को प्रतिरक्षित किया जायेगा। बताया कि पोलियो की खुराक से छूटे बच्चों का टीकाकरण दिनांक सोमवार को बी0 टीम अभियान के माध्यम से बच्चों को प्रतिरक्षित किया जायेगा। उन्होंने कहाकि सभी सम्मानित जनता से अपील है कि पल्स पोलियो टीकाकरण सत्र पर पहुंच कर अपने बच्चों को पोलियो खुराक अवश्य दिलायें।

### 0 से 5 साल तक के बच्चों को दी जाएगी पोलियो की खुराक

**जन एक्सप्रेस/शुक्लागंज, उन्नाव।** पल्स पोलियो अभियान को लेकर शनिवार को ही स्वास्थ्य विभाग ने पूरी तैयारी कर ली थी। अभियान के तहत 0 से 5 साल तक के करीब 34 हजार से अधिक बच्चों को पोलियो की खुराक दी जाएगी। इसके लिए नगर के 69 बूथों पर अपनी टीम के साथ जायजा लिया। वहीं 207 वैक्सीनेटर लगाये गये थे। इन वैक्सीनेटरों पर 18 सुपरवाइजर नजर रखे हुए हैं। वहीं, इसी अभियान के तहत रविवार को एसीएमओ डॉ0 हरिनंदन सिंह न्यू प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र शुक्लागंज पहुंचे। जहां उन्होंने पल्स पोलियो अभियान की हकीकत देखी। इसके साथ ही उन्होंने चंपापुरवा, आनंद नगर, कंचन नगर के बूथों का भी निरीक्षण किया। वहीं पीएचसी प्रभारी डॉ0 रवि सचान ने सुबह के समय पोलियो की खुराक पिलाकर अभियान की शुरूआत की। पहले दिन 11,173 बच्चों ने दो बूंद पोलियो की खुराक ली। उन्होंने बताया कि पल्स पोलियो अभियान की शुरूआत की गई है। अभियान के तहत बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई जाएगी।

## खाटू धाम (राजस्थान) के लिए विशाल डाक निशान ध्वजा पदयात्रा आरम्भ

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर



श्री श्याम प्रभु के निज धाम खाटू धाम (राजस्थान) के लिए विशाल डाक निशान ध्वजा पदयात्रा रविवार को श्री श्याम मंदिर फीलखाना से प्रारंभ हुई , भव्य रथ जिसे बीकानेर से मंगवाया गया और कोलकाता के विशेष फूलों से सजाया गया था, उस पर बाबा श्याम विराजमान हुए यह रथ श्री खाटू धाम तक सात दिन तक लगातार साथ-साथ चलेगा, बाबा का प्रतिदिन श्रृंगार हर शहर में ताजे फूल व गजरे कोलकाता से ही मगांने की व्यवस्था संस्था द्वारा की गई है। खाटू धाम तक डाक निशान ध्वजा पदयात्रा में जाने वालों में 25 पुरुष हैं सभी बारी-बारी से अपने हाथों में बाबा श्याम व हनुमान जी की ध्वजा लिए हुए चल रहे थे ,कानपुर के सैकड़ों श्याम प्रेमी भी डाक निशान ध्वजा पदयात्रा में साथ-साथ चल रहे थे ,श्री श्याम मंदिर फीलखाना से श्री भोलेश्वर श्याम मंदिर एच टू ब्लॉक किदवई नगर तक जगह-जगह पर बाबा की आरती व भक्तों का स्वागत फूल माला वह मक्खन सवा अल्पाहार से किया गया श्री भोलेश्वर श्याम मंदिर में भक्तों के लिए महाप्रसाद की व्यवस्था संस्था द्वारा की गई रास्ते भर भक्त बाबा श्याम के भजन गाते हुए और गुणगान गाते हुए चले भोलेश्वर श्याम मंदिर से पराग दूध डेरी पर यात्रा रुकी और वहां उनका स्वागत हुआ, यहां से यात्रा ने प्रस्थान किया रनिया के लिए 614 किलोमीटर की यह डाक ध्वजा पदयात्रा एक सप्ताह में बाबा की कृपा से खाटू धाम पहुंच जाएगी जिसमें प्रतिदिन लगभग 105 किलोमीटर यात्रा चलेगी, पद यात्रा में प्रमुख रूप से अध्यक्ष मनोज अग्रवाल पवन गुप्ता महाराज जी सतीश अग्रवाल नरेश अग्रवाल अभिषेक मालपानी महेंद्र शर्मा विवेक जैन पदम कुमार मित्तल अजय शर्मा रामनाथ गुप्ता गोविंद अग्रवाल संचित अग्रवाल नरेश गुप्ता अरुण कुमार सिंघानिया अजय नगरिया अंकित अग्रवाल विशाल अग्रवाल विनोद कुमार अग्रवाल राधेश्याम अग्रवाल रमन माहेश्वरी आदि सभी सदस्य मौजूद रहे , उक्त जानकारी प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से विनीता अग्रवाल ने दी है।



## शहर की आधा सैकड़ा बस्तियों में रहने वाली बेटियों को सिखाए जाएंगे आत्मरक्षा के गुर

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

सखी केंद्र की महामंत्री नीलम चतुर्वेदी द्वारा बेटियों को आत्मरक्षा के गुर का प्रशिक्षण देने के लिए बिगुल बजाकर शुरूआत की गयी, इसके पीछे का कारण युवतियों और महिलाओं के उत्पीड़न की बढ़ती संख्या है, सखी केंद्र द्वारा कानपुर की 50 बस्तियों एवं 3 कॉलेज में सेल्फ डिफेंस की ट्रेनिंग देने का खाका तैयार किया गया है। सखी केंद्र की महामंत्री नीलम चतुर्वेदी के नेतृत्व में रानी का बगीचा सामूदायिक केंद्र में आत्मरक्षा के गुर सिखाने हेतु पशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया और 5 हजार युवतियों को आत्मरक्षा की ट्रेनिंग देने का बिगुल बजाकर संकल्प भी लिया गया, कार्यक्रम में नीलम चुतर्वेदी ने कहा कि आज युवतियों और महिलाओं के ऊपर उत्पीड बढता जा रहा है और उनकी यह पूरी कोशिश रहती है कि उन्हे न्याय की प्रक्रिया से जोड़कर न्याय दिलाया जाये। बताया कि सखी केंद्र द्वारा कानपु की 50 बस्तियों एवं 3 कॉलेजों में सेल्फ डिफेंस की ट्रेनिग दिलाने का लक्ष्य तय किया गया है, जिसके अंतर्गत ब्लैक बेल्ट शिक्षक बस्तियों की महिलाओं तथा लडकियो को 15 दिन ट्रेनिंग देंगे, जिससे वह स्वयं में मजबूत हो सकें।

## महापौर प्रमिला पाण्डेय ने हौसला अफजाई के लिए महिला वर्ग की ओर से खेली कबड्डी

**जन एक्सप्रेस/कानपुर नगर।** भाजपा दक्षिण किसान मोर्चा के बैनर तले किदवई नगर के रतनलाल शर्मा स्टेडियम में रविवार को जिला स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का शुभारंभ महापौर प्रमिला पाण्डेय और विधायक महेश त्रिवेदी ने दीप प्रज्वलित कर किया। प्रतियोगिता में दो महिला वर्ग और चार पुरुष वर्ग की कुल 6 टीमें रही। सर्वप्रथम महापौर प्रमिला पाण्डेय ने महिला वर्ग की ओर से प्रथम राउंड में कबड्डी खेल कर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। फाइनल मुकाबले में महिला टीम रानी चिन्नमा और पुरुष वर्ग में डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी टीम विजयी घोषित हुई। कार्यक्रम के समापन पर कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र के अध्यक्ष प्रकाश पाल व दक्षिण जिलाध्यक्ष शिवराम सिंह ने विजेता महिला एवं पुरूष वर्ग की दोनो टीमों के खिलाड़ियों को ट्राफी देकर पुरस्कृत किया। इस अवसर पर क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल ने बताया कि नमो कबड्डी प्रतियोगिता युवाओं के बीच खेल भावना को पैदा करने वाली इस प्रतियोगिता में गांव और शहर से आए युवाओं ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में विधायक महेश त्रिवेदी,पूनम द्विवेदी, जसविंदर सिंह, किसान मोर्चा जिला संयोजक विजेन्द्र मक्कड़,गोपाल शुक्ला, प्रकाश शर्मा, नवीन पंडित आदि मौजूद रहे।



## फास्ट फॉरवर्ड

### राष्ट्रीय स्वयंसेवक ने प्रांत बौद्धिक प्रशिक्षण प्रमुख रमेली कुशवाहा को बनाया



**जन एक्सप्रेस/बिल्हौर।** बिल्हौर तहसील क्षेत्र के ब्लॉक शिवराजपुर अंतर्गत बंशी नेवादा गांव निवासी रमेश कुशवाहा को प्रांत बौद्धिक प्रशिक्षण प्रमुख राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ बयाना गया वह पहले भी आरएसएस के प्रांत प्रचारक रहे है उनकी योग्यता और कार्य कुशलता को देखते हुए प्रदेश नेतृत्व ने उन्हें यह पद सौपा है उनको राष्ट्रीय स्वयं सेवक बनने पर क्षेत्रीय लोगों ने शोसल मीडिया के माध्यम से बधाईयां देनी शुरू कर दी उनको यह पदभार मिलने से क्षेत्र के लोग काफी प्रसन्न देखने को मिले। भाजपा कानपुर ग्रामीण पूर्व उपाध्यक्ष वरिष्ठ अधिवक्ता जीपी कटियार, विक्रम मिश्रा ,जयप्रकाश कुशवाहा ,आनंद शर्मा , महेंद्र कुशवाहा, सुरेंद्र दीक्षित ,अरुण, अभिषेक, विनोद , शिवम , आशीष , अंकित कुशवाहा अनुज कुशवाहा आदि उन्हें बधाईया दी।

### किशोरी का शव घर के अंदर फंदे से लटका मिला

**माखी थाना क्षेत्र के झाऊखेड़ा गांव की घटना**
**दादी और भाइयों के साथ रहती थी किशोरी**

**जन एक्सप्रेस/उन्नाव।** माखी थाना क्षेत्र में एक किशोरी ने घर के अंदर फंदे से लटक कर जान दे दी। घटना जानकारी पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। परिजन घटना के पीछे कोई कारण नहीं बता सके हैं। माखी थाना क्षेत्र के झाऊखेड़ा गांव निवासी नंदिनी (16) पुत्री राजेंद्र गांव में अपनी दादी लीलावती और भाइयों अजीत व सुजीत के साथ रहती थी। उसके पिता राजेंद्र और मां शिवकांती दिल्ली में रहने वाली विवाहित बड़ी बहन संगीता के साथ रहकर मजदूरी करते हैं। शनिवार शाम लीलावती किसी काम से बाजार गई थी। वापस घर लौटने पर उसने पोती नंदिनी को आवाज लगाई लेकिन कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली। अंदर पहुंचने पर उसने नंदिनी का शव बल्ली में बंधे साड़ी के फंदे से लटका देख तो उसकी चीख निकल गई। चीख सुन कर आए पड़ोसियों ने किशोरी को फंदे से लटका देख पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। एसओ माखी वीर बहादुर सिंह ने बताया कि दादी और भाइयों के साथ रह रही किशोरी का शव फंदे से लटका मिला है। दिल्ली में रहने वाले मृतका के परिजनों को सूचना दे दी गई। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। परिजन कोई तहरीर देते हैं तो इस आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### अनियंत्रित कार ने ई-रिक्शे में मारी टक्कर

**जन एक्सप्रेस/शुक्लागंज, उन्नाव।** रविवार सुबह करीब ग्यारह बजे ई रिक्शा चालक वारिस सवारी लेकर हाइवे की ओर जा रहा था, तभी आजाद मार्ग स्थित नया खेड़ा गांव के पास अनियंत्रित कार ने ई रिक्शे में टक्कर मार दी। जिससे उसमें बैठी सवारियां और चालक उछल कर सड़क पर जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गये। दुर्घटना में वारिस, शिवकुमार, नीरज को गंभीर चोटें आई। उन्हें इलाज के लिये ले जाया गया। जहां वारिस को गंभीर चोटें आने पर उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।



### मरहला और दूसरी ओर नेतुआ गांव के सामने तक वाहनों की लगीं लंबी कतारें

**जन एक्सप्रेस/शुक्लागंज, उन्नाव।** रविवार को सुबह से ही बैराज मार्ग स्थित सरैयां रेलवे क्रासिंग के पास जाम लगना शुरू हो गया। दोपहर करीब डेढ़ बजे अप लाइन से ट्रेन गुजरी। जिससे कुछ देर के लिये क्रासिंग बंद हो गई। ट्रेनों के निकलने के बाद क्रासिंग खुली और कुछ ही देर में डाउन लाइन से ट्रेन आ गई। जिसके बाद अप लाइन से मालगाड़ी निकली। जिससे दस मिनट से अधिक क्रासिंग बंद रही। जिस कारण एक ओर मरहला और दूसरी ओर नेतुआ गांव के सामने तक वाहनों की लंबी कतारें लग गई। जाम हटवाने के लिये पुलिस गायब रही। जिससे पूरे दिन रूक रूक कर जाम लगता रहा। जिससे आने जाने वाले लोगों को परेशानी उठानी पड़ी।



### मुख्यमंत्री जन आरोग्य स्वास्थ्य मेले का आयोजन

**जन एक्सप्रेस/शुक्लागंज, उन्नाव।** राजधानी मार्ग स्थित न्यू प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र शुक्लागंज में मुख्यमंत्री जन आरोग्य स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया। मेले में एलोपैथिक, आयुर्वेदिक, होम्योपैथिक के डॉक्टरों ने मरीजों का परीक्षण किया गया। मरीजों को दवा बांटी गई। इसके अलावा डॉ0 रवि सचान ने भी मरीजों को परामर्श देने के साथ ही दवाइयां बांटी। इसके साथ ही अन्य डॉक्टरों ने भी मरीजों का परीक्षण किया। डॉक्टरों ने बताया कि मेले के दौरान 51 मरीजों का परीक्षण किया गया और उन्हें दवाइयां बांटी गई है। जिसमें चर्म रोग, लीवर पेट से संबंधित, सांस, मधुमेह, उच्च रक्त चाप, खून की कमी, गर्भवती महिलाएं शामिल हैं।

### आपसी विवाद के बाद पत्नी ने लगाई फांसी, मौत

**जन एक्सप्रेस/बिछिया (उन्नाव)।** पुरवा कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत प्रेम प्रसंग के चलते महिला ने साड़ी के फंदे से पंखे के हुक में लटक कर खुदकुशी कर ली, मौके पर पहुँची कोतवाली पुलिस ने पंचनामा भर शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है! पुरवा कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत जगेथा गाँव निवासी मुकेश कुमार की पत्नी मिथलेश उम्र (32) वर्ष ने पंखे के हुक से साडी के फ़न्दे से लटक कर आत्महत्या कर ली ! ग्रामीणो ने बताया कि 15 वर्ष पूर्व बिछिया के गांव पडरी कला निवासी गंगा सेवक की बेटी मिथलेश से मुकेश की शादी हुई थी दोनो हंसी खुशी जीवन यापन कर रहे थे, जिससे दोनो के एक बेटा अयान्श 5 साल और एक बेटी अवन्शिका 2 साल की है, पति मुकेश दिल्ली में रह कर काम करता था सूत्रो से पता चला कि इसी बीच मिथलेश कुमारी का गाँव के ही युवक से प्रेम कर बैठी दोनों के बीच काफ़ी समय से प्रेम प्रसंग चल रहा था , जिसकी पति को जानकारी होने पर दोनो के बीच विवाद होने लगा रविवार सुबह से ही प्रेम प्रसंग को लेकर दोनों के बीच विवाद हो गया जिसके चलते महिला ने पंखे के हुक में साड़ी के फ़न्दे से लटकर जान दे दी, परिजनो द्वारा पुलिस को घटना की जानकारी दी गई ! मौके पर पुरवा कोतवाली प्रभारी सुरेश सिंह ने पहुंच कर छान बीन कर पंचनामा करवाने के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है !



### शातिर अपराधी शफीक भयंकर को पुलिस ने दबोचा

**जन एक्सप्रेस/कानपुर नगर।** अनवरगंज पुलिस टीम के द्वारा आर्म्स एक्ट के मामले में फरार चल रहे एक शातिर अपराधी को गिरफ्तार किया गया है, जानकारी देते हुए कोतवाल अनवरगंज अशोक कुमार सरोज ने बताया कि गुरुबतुल्ला पार्क निवासी लईक पुत्र शफीक भयंकर आर्म्स एक्ट के एक मामले में लगातार फरार चल रहा था, मुखबिर खास की सूचना पर सब इंस्पेक्टर शमशाद अहमद और हेड कांस्टेबल तालिब हुसैन द्वारा 315 बोर के अवैध देशी तमंचे और कारतूस के साथ गिरफ्तार कर जेल भेजने की वैधानिक कार्रवाई अमल में लाई गई है।



### फैक्ट्री एरिया की कपड़ा फैक्ट्री में लगी भीषण आग

**जन एक्सप्रेस/कानपुर नगर।** शहर के थाना गोविन्द नगर क्षेत्र की फैक्ट्री एरिया में रविवार की दोपहर एक कपडा फैक्ट्री में अचानक आग की लपटे उठती दिखाई दी, जब तक कोई कुछ समझ पाता आग ने भयावह रूप धारण कर लिया, जिससे क्षेत्र में हडकंप मच गया। यह कपडा फैक्ट्री साइट-5 में उधोग कुंज के नाम से है, लोगों ने तत्काल आग की सूचना पुलिस तथा दमकल विभाग को दी, सूचना पाते ही दमकल की कई गाडियां मौके पर पहुंच गयी और आग पर काबू पाने का प्रयास करने लगी, समाचार लिखे जाने तक दमकल टीम द्वारा आग पर काबू पाने की कोशिश की जा रही थी साथ ही अभी किन कारणों से फैक्ट्री में आग लगी है कारण पता नही चल सका है।

# विष्णुदेव साय 13 दिसंबर को लेंगे सीएम पद की शपथ

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। रायपुर

छत्तीसगढ़ के नए मुख्यमंत्री के नाम पर मुहर लग गई है। आदिवासी समाज के दिग्गज नेता विष्णुदेव साय छत्तीसगढ़ के चौथे मुख्यमंत्री बने हैं। इनके नाम का प्रस्ताव डॉ. रमन सिंह, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव और बृजमोहन अग्रवाल ने विधायक दल की बैठक में रखा। इस प्रस्ताव को विधायक दल ने स्वीकार किया। इसके बाद छत्तीसगढ़ के नए मुख्यमंत्री के तौर पर विष्णुदेव साय के नाम की घोषणा की गई। छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री चेहरे को लेकर भाजपा ने तीन पर्यवेक्षक बनाए। नियुक्त पर्यवेक्षक अर्जुन मुंडा, सर्वानंद सोनोवाल और दुष्यंत कुमार गौतम रायपुर पहुंचे। वे सीधे एयरपोर्ट से प्रदेश भाजपा कार्यालय कुशाभाऊ ठाकरे परिसर के लिए रवाना हुए। इसके बाद सुबह साढ़े 10 बजे से विधायकों का परिसर में पहुंचने का सिलसिला शुरू हुआ। विधायक दल की बैठक को दोपहर 12 बजे निर्धारित किया गया था, लेकिन बैठक दोपहर दो बजे के बाद ही शुरू हुई। वहीं इस बैठक में पूर्व सीएम डॉ. रमन सिंह ने दोपहर लगभग दो बजे पहुंचे। इसके बाद रमन सिंह ने पर्यवेक्षकों से चर्चा की।



### 13 दिसंबर को शपथ ग्रहण कार्यक्रम

छत्तीसगढ़ में नए मुख्यमंत्री बनने के बाद शपथ ग्रहण कार्यक्रम 13 दिसंबर को होगा। नए मुख्यमंत्री बने विष्णुदेव राजधानी रायपुर के साइंस कॉलेज मैदान में शपथ ग्रहण करेंगे। इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, कई राज्य के मुख्यमंत्री समेत कई दिग्गज नेता शामिल हो सकते हैं।

### ऐसे हुआ मुख्यमंत्री चेहरे का चयन

दोपहर दो बजे के बाद विधायक दल की बैठक हुई। इस बैठक में पर्यवेक्षक विधायकों के साथ सीएम चेहरे को लेकर चर्चा की। बैठक में पूर्व सीएम रमन सिंह, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव और रायपुर दक्षिण विधानसभा के आठवें बार के विधायक बृजमोहन अग्रवाल ने विष्णुदेव साय के नाम का प्रस्ताव रखा। इस प्रस्ताव को विधायक दल ने स्वीकार किया। इसके बाद छत्तीसगढ़ के नए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नाम की घोषणा की गई। नाम के घोषणा के बाद परिसर के बाहर भाजपा कार्यकर्ता जमकर आतिशबाजी करते नजर आए। ढोल नगाड़े के साथ कार्यकर्ता झूमते नजर आए। इसके साथ ही परिसर के बाहर जमकर पटाखे फोड़े।

### सीएम बनते ही दो बड़ी घोषणाएं की

नाम की घोषणा होने के बाद विष्णुदेव साय ने राजभवन में राज्यपाल से मुलाकात की और वहां सरकार बनाने का दावा पेश किया। इसके बाद राज्यपाल ने उन्हें कैबिनेट गठन के लिए आमंत्रित भी किया। मुख्यमंत्री बनते ही विष्णु देव साय ने कहा कि सबसे पहले मैं बीजेपी को धन्यवाद देता हूं। उन्होंने कहा कि मैं ईमानदारी के साथ सबके विश्वास पर खराब उतरने की कोशिश करूंगा और मोदी की गारंटी के तहत छत्तीसगढ़ की जनता से किए गए वादे पूरे किए जाएंगे। इस दौरान उन्होंने दो बड़ी घोषणाएं भी की है। उन्होंने कहा कि सबसे पहले काम 18 लाख आवाज देने का करूंगा इसके साथ ही 2 साल का बकाया बोनस 25 दिसंबर को दिया जाएगा।

### ये हो सकते हैं डिप्टी सीएम

विधायक दल की बैठक में शामिल होने से पहले रमन सिंह ने कहा कि छत्तीसगढ़ में डिप्टी सीएम भी बनेंगे। वहीं अब राज्य में डिप्टी सीएम बनने को लेकर काफी चर्चा है। डिप्टी सीएम के लिए प्रदेश अध्यक्ष अरुण साहू और विजय शर्मा शपथ ले सकते हैं। वहीं तीन बार के मुख्यमंत्री रहे डॉ रमन सिंह विधानसभा के अध्यक्ष होंगे। बता दें कि अरुण साव इससे पहले सांसद भी रह चुके हैं और विजय शर्मा कांग्रेस के दिग्गज मंत्री मोहम्मद अकबर को हराकर कवर्धा विधानसभा से पहली बार विधायक बने हैं। इसके साथ ही विजय शर्मा विद्यार्थी परिषद के नेता भी रहे हैं।

### कौन हैं विष्णुदेव साय?

छत्तीसगढ़ के नए सीएम विष्णुदेव साय प्रदेश के दिग्गज नेताओं में से एक हैं। वे आदिवासी समाज के बड़े नेता माने जाते हैं। विष्णुदेव साय चार बार सांसद, दो बार विधायक, केंद्रीय राज्य मंत्री और दो-दो बार के प्रदेश अध्यक्ष भी रहे हैं। इसके साथ ही सारे को संगठन में काम करने का लंबा अनुभव भी है। साल 2023 में विधानसभा चुनाव में उन्होंने कुनकुरी सीट से जीत हासिल भी की है। सियासी गलियारों में पहले से ही चर्चा थी कि विष्णुदेव साय मुख्यमंत्री पद का चेहरा हो सकते हैं। क्योंकि विष्णुदेव साय साफ छवि के नेता माने जाते हैं। वहीं प्रदेश अध्यक्ष का पद से हटाए जाने के बाद भी वे पार्टी से लगातार जुड़े रहे।

### विष्णुदेव साय का राजनीतिक सफर

उन्होंने अपनी राजनीतिक सफर की शुरुआत 1989 में शुरू की। सबसे पहले वे एक गांव के पंच के रूप में थे। संघ से जुड़े थे। भारतीय जनता पार्टी ने साल 1990 में उनके ऊपर भरोसा जताकर तपकरा विधानसभा क्षेत्र से विधायक का टिकट दिया गया, जिसमें उन्होंने जीत हासिल की। इसके बाद वे रायगढ़ लोकसभा क्षेत्र से लगातार तीन बार के सांसद भी चुने गए। साल 1999 से लेकर साल 2014 तक लगातार तीन बार सांसद रहे हैं। इसलिए विष्णुदेव साय को आदिवासी समाज का बड़ा चेहरा माना जाता है।

# शिवराज सिंह चौहान से मिले कैलाश विजयवर्गीय, आज विधायक दल की बैठक



जन एक्सप्रेस/एजेंसी। भोपाल

मध्यप्रदेश का नया मुख्यमंत्री कौन होगा इसका जवाब कल शाम तक मिल सकता है। मुख्यमंत्री चयन को लेकर आज भोपाल स्थित भाजपा कर्यालय में विधायक दल की बैठक होगी। इससे पहले रविवार को पार्टी के महासचिव कैलाश विजयवर्गीय ने सीएम शिवराज सिंह चौहान से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने पार्टी की जीत को लेकर शिवराज को शुभकामनाएं दी। विधायक दल की बैठक से पहले हुई दोनों नेताओं की मुलाकात को अहम माना जा रहा है।

### आज शुरू होगी बैठक

सोमवार को होने वाली बैठक को लेकर पार्टी की ओर से विधायकों को आमंत्रण पत्र जारी किया गया है। पत्र के अनुसार दोपहर एक से तीन बजे तक पंजीयन और लंच का समय तय किया गया है। 3:30 बजे से विधायक दल सदस्यों का ग्रुप फोटो होगा। इसके बाद दोपहर 3:50 से विधायक दल की बैठक शुरू होगी। बैठक खत्म होने के बाद मुख्यमंत्री के नाम का एलान भी हो सकता है।

### विधायकों को दिए गए ये निर्देश

पार्टी की ओर से जारी किए गए आमंत्रण पत्र से विधायकों को कुछ जरूरी दिशा-निर्देश भी दिए गए हैं। इसमें कहा गया कि पार्टी का कोई भी विधायक अपने सहायक और सुरक्षाकर्मी को कार्यालय में प्रवेश देने के लिए अनुरोध न करे। साथ ही बैठक से पहले मीडिया में बयान देने से बचने का भी अनुरोध किया गया है।

### कैलाश ने भाजपा की जीत को बताया था मोदी मैजिक

बता दें कि कैलाश विजयवर्गीय इंदौर-1 सीट से चुनाव जीतकर विधायक बने हैं। वे खुद भी मुख्यमंत्री पद के दावेदार बने हुए हैं। हाल ही में दिए गए बयान में उन्होंने भाजपा की जीत का श्रेय शिवराज की लाडली बहना योजना को देने से इंकार कर दिया था। उन्होंने कहा था- यह जीत मोदी मैजिक है। राजस्थान और छत्तसीगढ़ में लाड़ली बहना योजना नहीं थी। भाजपा ने वहां भी बड़ी जीत दर्ज की है।

### शिवराज को फिर मुख्यमंत्री बनाने हो रहे अनुष्ठान

मप्र का सीएम कौन होगा आज शाम तक इसका पता चल जाएगा। लेकिन, शिवराज सिंह को एक बार फिर मुख्यमंत्री बने इसके लिए बैतूल जिले में अनुष्ठान हो रहे हैं। जिले के 130 गांवों में किराड़ समाज के लोगों के घरों में सुंदरकांड का पाठ किया जा रहा है। ये 13 दिसंबर तक चलेगा।

# सीजन का सबसे सर्द दिन रहा रविवार

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली



पर्वतीय क्षेत्रों से चल रही बर्फीली हवा से दिल्ली-एनसीआर का पारा लुढ़क गया। रविवार इस सीजन का सबसे ठंडा दिन रहा। इस दौरान दिन के समय तापमान 23.4 डिग्री दर्ज किया गया। जो सामान्य से एक डिग्री कम है। वहीं 10 दिसंबर की बात करें तो 12 साल बाद सबसे ठंडा दिन रहा है। इससे पहले 10 दिसंबर को दिल्ली का अधिकतम तापमान साल 2011 में 23 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। मौसम विभाग का अनुमान है कि आने वाले दिनों में रात में पारा लुढ़केगा। साथ ही दिन में भी तापमान में गिरावट हो सकती है, लेकिन सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ के बाद पर्वतीय क्षेत्रों पर अच्छी बारिश व बर्फबारी हो सकती है जिससे मैदानी क्षेत्रों में भी इसका असर देखने को मिलेगा। ऐसे में अनुमान है कि दिल्ली-एनसीआर में 20 दिसंबर के बाद से दिन में कंपकंपी महसूस हो सकती है। प्रादेशिक मौसम विज्ञान केंद्र, नई दिल्ली के मुताबिक रविवार को दिल्ली का अधिकतम तापमान 23.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जो सामान्य से एक डिग्री कम है। वहीं न्यूनतम तापमान 8.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जो सामान्य से एक डिग्री कम है। दिल्ली का पालम केंद्र में दिन का तापमान सबसे कम 21.4 डिग्री दर्ज किया गया। जबकि लोधी रोड में रात का तापमान सबसे कम 8 डिग्री सेल्सियस रहा। वहीं एनसीआर की बात करें तो गुरुग्राम में दिन का तापमान सबसे कम 21.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग के मुताबिक रविवार को दिल्ली में 8 से 18 किमी प्रति घंटे की गति से उत्तर, उत्तर-पश्चिमी दिशाओं से ठंडी हवा चली। सोमवार को भी इसी दिशाओं से ठंडी हवा चलने की उम्मीद है। संभावना है कि ठंडी हवा के कारण तापमान में गिरावट हो सकती है। सोमवार को दिन में आसमान साफ रहेगा। सुबह हल्का कोहरा छा सकता है। इस दौरान अधिकतम तापमान 24 डिग्री व न्यूनतम तापमान 7 डिग्री सेल्सियस के आसपास रह सकता है। मौसम विभाग के मुताबिक, दिल्ली में 16 दिसंबर तक सुबह के समय मध्यम कोहरा छाया रह सकता है। मौसम में बदलाव के कारण तापमान में भी गिरावट का अनुमान है। डॉक्टरों का कहना है कि बीते दिनों वायरल के मामले तेजी से बढ़े थे। अस्पतालों में आने वाले मरीजों की संख्या भी 20 फीसदी तक बढ़ गई थी। ऐसे में संभावना है कि वायरल, खांसी जुखाम, बुखार, सिर में दर्द, हड्डयों में दर्द सहित अन्य की आशंका बढ़ सकती है। मौसम में बदलाव छोटे बच्चों को यह ज्यादा प्रभावित कर सकता है। डॉक्टरों का कहना है कि तापमान गिरने का सबसे ज्यादा असर सुबह और शाम में देखने को मिलता है। इस दौरान पूरे शरीर ढकने वाले कपड़े पहने। बेहतर है कि सुबह में और शाम में टोपी जरूर पहनें और अपने कानों को ढकें। खाने में गर्म खाद्य पदार्थ का ही सेवन करें।

### तापमान में साथ बढ़ेगा वारयल

दिल्ली-एनसीआर में ठंड बढ़ने के साथ वायरल की समस्या बढ़ेगी। डॉक्टरों का कहना है कि इस दौरान छोटे बच्चे, बुजुर्ग, दिल और सांस के मरीजों को विशेष ध्यान रखने की जरूरत है। इसके अलावा इस मौसम में ब्रेन स्ट्रोक के मामले में तेजी से बढ़ते हैं। ऐसे में जिन लोगों को ठंड में दिक्कत होती है वह दिन में पारा गर्म होने के बाद ही घर से बाहर निकले। साथ ही सर्दी से बचे।

# अब 19 दिसंबर को लगेगा विपक्षी दलों का जमावड़ा

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली



'इंडिया' गठबंधन के लिए मुख्य सकारात्मक एजेंडे के साथ सामने आना विपक्षी दलों के लिए सबसे बड़ी चुनौती है जो इसे भाजपा का मुकाबला करने में मदद करेगा। राष्ट्रीय राजधानी में विपक्षी दलों के गठबंधन की अगली बैठक सीटों के बंटवारे और संयुक्त रैलियां आयोजित करने पर चर्चा होगी। कांग्रेस के एक वरिष्ठ नेता रविवार को यह बात कही। उन्होंने कहा कि विपक्षी दल 19 दिसंबर को होने वाली बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जवाब में एकता की थीम %मैं नहीं, हम% के साथ आगे बढ़ना चाहती हैं। यह बैठक हाल ही में संपन्न विधानसभा चुनावों में कांग्रेस के खराब प्रदर्शन की पृष्ठभूमि में हो रही है। पार्टी को राजस्थान, छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश में हार का सामना करना पड़ा। वहीं, भाजपा का कहना है कि लोगों ने मोदी की गारंटी में भरोसा जताया है और वे 2024 में उनकी सरकार को फिर चुनेंगे। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता ने कहा कि विपक्षी दलों के सामने अब चुनौती अगले आम चुनावों में भाजपा का मुकाबला करने के लिए एक वैकल्पिक सकारात्मक एजेंडे के साथ आने की है। सूत्रों ने कहा कि बैठक के दौरान दल संयुक्त चुनावी रैलियां आयोजित करने के लिए सीटों के बंटवारे पर योजना तैयार करेंगी और उनके लिए एक साझा कार्यक्रम तैयार करेंगे। विपक्षी दलों द्वारा उठाए गए जातिगत जनगणना और पुरानी पेंशन योजना की बहाली जैसे चुनावी मुद्दों पर नेता ने कहा, यह चुनाव परिणाम उन मुद्दों को खारिज करने के लिए नहीं हैं जो इस चुनाव प्रचार अभियान के दौरान उठाए गए थे। हालांकि, उन्होंने माना किया कि पार्टी 2024 में भाजपा का मुकाबला करने के लिए लीक से हटकर सोचेगी। उन्होंने कहा, मैं नहीं, हम (हम, मैं नहीं) वह संभावित नारा है जिस पर विपक्षी दल मोदी का मुकाबला करने के लिए काम करेंगे। सूत्रों का कहना है कि विपक्षी गठबंधन जातिगत जनगणना, एमएसपी की कानूनी गारंटी और श्रमिकों के लिए सामाजिक सुरक्षा के मुद्दों को आगे बढ़ा सकता है। उन्होंने कहा, इंडिया गठबंधन के लिए मुख्य सकारात्मक एजेंडा तैयार करना विपक्षी दलों के लिए सबसे बड़ी चुनौती है जो इसे भाजपा का मुकाबला करने में मदद करेगा। उन्होंने कहा कि भारत जोड़ो यात्रा के दौरान जो मुद्दे छाए रहे, जैसे बढ़ती आर्थिक असमानता, सामाजिक ध्रुवीकरण और राजनीतिक अधिनायकवाद, महंगाई कुछ ऐसे मुद्दे हैं जिनकी गूंज लोकसभा चुनावों के दौरान जमीनी स्तर पर सुनाई दे सकती है। ये मुद्दे विपक्षी दलों के साझा एजेंडे का हिस्सा बन जाएंगे जो विपक्षी गठबंधन को भाजपा का मुकाबला करने में मदद करेंगे।

### गठबंधन की चौथी बैठक

इस बीच, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश ने अपने एक्स हैंडल पर एक पोस्ट में जानकारी दी है कि इंडिया गठबंधन के दलों के नेताओं की चौथी बैठक मंगलवार 19 दिसंबर 2023 को नई दिल्ली में दोपहर तीन बजे होगी।

# राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान का विरोध, प्रदर्शन कर रहे 20 एसएफआई कार्यकर्ता गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। तिरुवनंतपुरम



केरल पुलिस ने एसएफआई के 20 कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया है। रविवार को राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान को काले झंडे दिखाने के आरोप में पुलिस ने इन कार्यकर्ताओं की गिरफ्तारी की है। पुलिस ने मामले की जानकारी देते हुए कहा कि राजधानी में वजुथाकौड के पास राज्यपाल के एसएफआई कार्यकर्ताओं द्वारा काला झंडा दिखाया गया था। राज्यपाल उस दौरान भारतीय उद्योग परिसंघ द्वारा आयोजित कार्यक्रम में शिरकत करते जा रहे थे। पुलिस ने कहा कि उस दौरान 18 कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया गया था। लेकिन राज्यपाल के लौटते समय भी दो एसएफआई कार्यकर्ताओं ने फिर से काला झंडा दिखाया। जिसके बाद उन दोनों कार्यकर्ताओं को भी गिरफ्तार कर लिया गया था। अधिकारी के मामले की जानकारी देते हुए कहा कि अवैध रूप से इकट्ठा होने, दंगा करने, सार्वजनिक रास्ते में बाधा उत्पन्न करने से संबंधित कई धाराओं में दो मामले दर्ज किए गए हैं। हालांकि गिरफ्तार किए गए सभी एसएफआई कार्यकर्ताओं को जमानत पर रिहा कर दिया गया है। वीडियो के मुताबिक राज्यपाल की गाड़ी के पीछे एसएफआई कार्यकर्ताओं को भागते हुए देखा गया था। जिनके हाथ में काले झंडे और स्लोगर लिखे गए तख्ती थी। मार्ग पर पुलिस ने अन्य कार्यकर्ताओं को रोक दिया था। जिसके बाद पुलिस ने मामले पर कार्रवाई करते हुए मामला दर्ज किया है।

# श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा दिवस पर राष्ट्रीय अवकाश की मांग

- भाजपा नेता अर्जुन गुप्ता ने प्रधानमंत्री को लिखा पत्र
- अर्जुन गुप्ता ने कहा कि यह शुभ अवसर लगभग 500 वर्षों बाद भारत की जनता को मिल रहा



जन एक्सप्रेस । अंकित मिश्रा

**मुंबई।** भाजपा उत्तर भारतीय मोर्चा के महाराष्ट्र प्रदेश उपाध्यक्ष अर्जुन गुप्ता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी,केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह एवम रक्षामंत्री राजनाथ सिंह को पत्र लिखकर मांग किया है कि अयोध्या में श्री राम मंदिर उद्घाटन दिवस के शुभ अवसर पर पूरे देश में राष्ट्रीय अवकाश घोषित किया जाए। अर्जुन गुप्ता ने कहा कि यह शुभ अवसर लगभग 500 वर्षों बाद भारत की जनता को मिल रहा है। ऐसे में 22 जनवरी को राष्ट्रीय पर्व एवं श्री राम मंदिर उद्घाटन समारोह के अवसर पर राष्ट्रीय अवकाश की घोषणा की जाए। इस दिन देश के सभी राम भक्तों को अपने-अपने घरों में दिया जलाने के साथ रामलला का दर्शन करने का भी सौभाग्य मिल जाएगा।

# ओमान के सुल्तान हैथम बिन तारिक भारत आएंगे, राष्ट्रपति-प्रधानमंत्री से करेंगे मुलाकात

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

ओमान के सुल्तान हैथम बिन तारिक राजकीय यात्रा पर 16 दिसंबर को भारत आएंगे। यह पहली बार होगा, जब वह भारत आएंगे। एक बड़ी बात यह भी है कि इस्राइल-हमास जंग के बाद खाड़ी इलाके के किसी शीर्ष नेता की यह पहली यात्रा होगी। यात्रा का मकसद क्षेत्रीय स्थिरता और समृद्धि के लिए भविष्य में सहयोग के रास्ते तलाशने पर फोकस करना होगा।

### राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के न्योते पर भारत आ रहे

विदेश मंत्रालय के मुताबिक,



महामहिम सुल्तान हैथम बिन तारिक की भारत की यह पहली राजकीय यात्रा भारत और ओमान सल्तनत के बीच राजनयिक संबंधों में एक मील का पत्थर है। वे राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के न्योते पर भारत आ रहे हैं। इससे क्षेत्रीय स्थिरता, प्रगति और समृद्धि के लिए भारत और ओमान के बीच भविष्य में सहयोग की राह तलाशने का अवसर होगी।

### दोपहर भोज का आयोजन करेंगे पीएम मोदी

विदेश मंत्रालय ने बताया कि सुल्तान तारिक 16 दिसंबर को भारत पहुंचेंगे। राष्ट्रपति भवन में मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उनका औपचारिक स्वागत करेंगे। वह प्रधानमंत्री के साथ द्विपक्षीय चर्चा भी करेंगे। उनके सम्मान में दोपहर भोज का आयोजन भी किया जाएगा।

# महाराष्ट्र के कसारा में मालगाड़ी के सात डिब्बे बेपटरी

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

महाराष्ट्र में कसारा के पास एक मालगाड़ी के सात डिब्बे पटरी से उतर गए हैं। कल्याण स्टेशन रोड,ऋक्ष (दुर्घटना राहत ट्रेन) और इगतपुरी स्टेशन रेल (दुर्घटना राहत ट्रेन) को आदेश दिया गया है। उन्हें दुर्घटना स्थल पर ले जाया जा रहा है। मध्य रेलवे के सीपीआरओ के हवाले से यह जानकारी सामने आई है। रेलवे अधिकारियों ने बताया कि रविवार



शाम मुंबई के बाहरी इलाके कसारा और डाउन लाइन पर टीजीआर-3 स्टेशन के बीच एक मालगाड़ी के सात डिब्बे पटरी से उतर गए। घटना मुंबई से 100 किलोमीटर दूर शाम छह बजकर 31 मिनट पर हुई। उन्होंने बताया कि कसारा से इगतपुरी खंड पर डाउन और मध्य लाइन पर मेल एक्सप्रेस यातायात प्रभावित हुआ है। घटना से उपनगरीय सेवाएं बाधित नहीं हुईं हैं। इगतपुरी से कसारा अप सेक्शन पर यातायात चल रहा है।

# सीएम हिमंत बिस्व सरमा ने 'स्वाहिद दिवस' पर किया आह्वान, कहा, बाहरी लोगों को न बेचें राज्य की जमीन

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

गुवाहाटी के बोरागांव में असम आंदोलन के शहीदों की याद में मनाए गए स्वाहिद दिवस कार्यक्रम में बोलते हुए सीएम हिमंत बिस्व सरमा ने कहा कि असमिया लोगों को संदिग्ध बाहरी लोगों को जमीन नहीं बेचने का संकल्प लेना चाहिए। साथ ही उन्होंने संबोधन के दौरान समुदाय की प्रगति के लिए वित्तीय विकास के महत्व पर



भी जोर दिया है। उन्होंने युवाओं से आर्थिक रूप से स्वतंत्र होने का भी आग्रह किया है। असम आंदोलन के शहीदों की याद में मनाए गए स्वाहिद दिवस कार्यक्रम पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि मेरा मानना है कि अगर हर असमवासी अपनी जमीन किसी भी संदिग्ध बाहरी लोगों को नहीं बेचने का संकल्प लेते है, तो हमारा समुदाय सुरक्षित रहेगा। कुछ लोग आर्थिक लाभ के लिए जमीन बेचते हैं। हालांकि कई लोगों को पैसे की जरूरत भी नहीं होती है फिर भी वे इसे बाहरी लोगों को बेच देते हैं।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबंध संपादक- मनोज तिवारी) (नेशनल हेडः कमलेश फाइटर) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)